
सुप्रभात
रांची, गुरुवार
04.12.2025
* * नगर संस्करण। पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net | अगहन, शुक्ल पक्ष, पूर्णिमा संवत् 2082 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 13 । अंक : 141



12 बिहार में एक करोड़ रोजगार सृजन का लक्ष्य

## न्यूज डायरी

### दिल्ली दौरे के बाद रांची लौटे सीएम हेमंत सोरेन

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पांच दिनों के दिल्ली दौरे के बाद बुधवार को रांची वापस लौट गये। सीएम के साथ उनकी पत्नी सह विधायक कल्पना सोरेन भी साथ लौटीं। मालूम हो कि सीएम हेमंत सोरेन की दिल्ली यात्रा के कारण झारखंड के सियासी गलियारों में कई तरह के कयास लगाये जा रहे थे, लेकिन अब इन अटकलों पर विराम लग गया है। इससे पहले भी पार्टी के प्रवक्ता और नेताओं ने कहा था कि सीएम निजी कारणों से दिल्ली गये हैं।

### 962 अग्निवीर बने भारतीय सेना का हिस्सा

**रांची।** रामगढ़ के पंजाब रेजिमेंटल सेंटर में आयोजित पासिंग आउट परेड में 962 अग्निवीर शामिल हुए। परेड की समीक्षा पंजाब रेजिमेंटल सेंटर के कार्यवाहक कमांडेंट कर्नल मानवेंद्र सिवाच, विशिष्ट सेवा मेडल ने की। अग्निवीर रिक्रूटर्स ने देश की आन, बान और शान की रक्षा करने के लिए अंतिम पग रखा और भारतीय सेना के अभिन्न अंग बन गये।

### एरिया कमांडर समेत दो नक्सली गिरफ्तार

**लातेहार।** पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए जेजेएमपी के दो नक्सलियों को गिरफ्तार किया है। इनमें 2 लाख का इनामी एरिया कमांडर सुनील उरांव और मुकेश लोहरा शामिल हैं। दोनों लातेहार जिले के रहने वाले हैं। दरअसल लातेहार एसपी कुमार गौरव को गुप्त सूचना मिली थी, कि जेजेएमपी नक्सली संगठन का एरिया कमांडर सुनील उरांव अपने गांव सदर थाना क्षेत्र के नवागढ़ के पास देखा गया है। वहीं दूसरा नक्सली मुकेश लोहरा मनिका थाना क्षेत्र पुरनी पल्हेया गांव के आसपास है।

### मौद्रिक नीति समिति की तीन दिन की बैठक आज से



**नयी दिल्ली।** रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति की तीन दिन की बैठक कल से शुरू होगी। रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा शुक्रवार को द्विमासिक मौद्रिक नीति समीक्षा और मुख्य दरों की घोषणा करेंगे। रिजर्व बैंक ने इस वर्ष फरवरी में प्रमुख दरें कम करने की प्रक्रिया शुरू की थी और तीन बार रेपो रेट को 100 आधार अंक घटाकर साढे पांच प्रतिशत कर दिया था।

### टी-20 : टीम इंडिया की घोषणा, गिले उपकप्तान

**नयी दिल्ली।** बीसीसीआइ ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी-20 सीरीज के लिए टीम की घोषणा कर दी है। शुभमन गिल को उप-कप्तान बनाया गया है। सूर्यकुमार यादव 15 टीम को लीड करेंगे। टीम में हार्दिक पांड्या और जसप्रीत बुमराह जैसे खिलाड़ी भी शामिल हैं। पांच मैचों की टी-20 सीरीज 9 दिसंबर से कटक में शुरू होगी। बाकी मैच क्रमशः मुल्लानपुर, धर्मशाला, लखनऊ और अहमदाबाद में खेले जायेंगे।

## कार्टून कोना




# सीबीआई जांच की मांग वाली याचिका खारिज, रिजल्ट जारी करने का आदेश

**जेएसएससी सीजीएल परीक्षा 2023 मामला**



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने सामान्य स्नातक योग्यताधारी संयुक्त प्रतियोगिता (सीजीएल 2023) का रिजल्ट जारी करने का आदेश दिया है। अदालत ने जेएसएससी को निर्देश दिया है कि वह परिणाम जारी करे और नियुक्ति की अनुशंसा शुरू करे। चीफ जस्टिस तरलोक सिंह चौहान और जस्टिस राजेश शंकर की खंडपीठ ने बुधवार को फैसला सुनाते हुए मामले में सीबीआई जांच की मांग को खारिज कर दिया और कहा कि यह मामला सीबीआई को सौंपने लायक नहीं है। कोर्ट ने जांच के लिए गठित एसआईटी को छह महीने के भीतर जांच पूरी करने का आदेश दिया है। अदालत ने स्पष्ट किया कि जिन 10 अभ्यर्थियों को जांच में आरोपी बनाया गया है, उनका रिजल्ट जारी नहीं किया जाएगा। जांच के दौरान यदि अन्य किसी अभ्यर्थी की भूमिका संदिग्ध पायी जाती है तो उसका परिणाम भी रोका जाएगा और आयोग नियुक्ति अनुशंसा रद्द कर सकेगा।

मालूम हो कि जेएसएससी सीजीएल परीक्षा 21 और 22 सितंबर 2023 को हुई थी, जिसमें 3,04,769 अभ्यर्थी शामिल हुए थे और विभिन्न विभागों में 2025 पदों पर नियुक्ति के लिए परीक्षा ली गयी थी। परीक्षा में गड़बड़ी के आरोप लगाते हुए प्रकाश कुमार और अन्य ने जनहित याचिका दायर कर परीक्षा रद्द करने तथा सीबीआई जांच की मांग की थी। याचिका में कहा गया कि पेपर लीक, प्रश्नों की पुनरावृत्ति और सील टूटे मिलने जैसी अनियमितताएं हुई थीं। सरकार की ओर से महाधिवक्ता राजीव रंजन ने कहा कि जांच में पेपर लीक का कोई साक्ष्य नहीं मिला है। जेएसएससी ने भी बताया कि राज्यभर के 830 सेंटरों में सिर्फ तीन केंद्रों पर अनियमितता की आशंका मिली थी। अदालत ने सभी पक्षों को सुनने के बाद परिणाम जारी करने पर लगी रोक हटाने का आदेश दिया।

## सीएम को कोर्ट में सशरीर उपस्थिति से मिली छूट

■ ईडी कोर्ट ने 12 दिसंबर को सीएम को हाजिर होने का दिया था निर्देश



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के समन मामले में हेमंत सोरेन को हाईकोर्ट से राहत मिली है। जस्टिस अनिल कुमार चौधरी की अदालत ने इस मामले में उन्हें ईडी कोर्ट में सशरीर उपस्थिति से छूट दे दी है। साथ ही अदालत ने हेमंत सोरेन की याचिका निष्पादित कर दी। इस मामले में ईडी कोर्ट ने 12 दिसंबर को उन्हें हाजिर होने का निर्देश दिया था। इडी के इस आदेश को हेमंत सोरेन हाईकोर्ट में चुनौती दी थी। बुधवार को इस मामले में मेरिट पर सुनवाई हुई। सुनवाई के बाद हाईकोर्ट ने व्यक्तिगत रूप से पेशी पर छूट प्रदान कर दी।


बता दें कि लैंड स्कैम मामले में इडी के समन की बार बार अवहेलना करने के मामले में एमपी/एलएलए मामले विशेष अदालत ने सीएम की उपस्थिति की अगली तारीख 12 दिसंबर निर्धारित की है। मामले में कोर्ट में व्यक्तिगत उपस्थिति दर्ज कराने का समन जारी है लेकिन अब राहत मिल गई है।

### असैन्य परमाणु डील समेत कई समझौते पर होंगे हस्ताक्षर

# दो दिनी दौरे पर आज आयेंगे पुतिन, दिल्ली किले में तब्दील

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली, मास्को।** रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन दो दिवसीय दौरे पर आज चार साल बाद भारत आ रहे हैं। इस हाई-प्रोफाइल यात्रा के लिए दिल्ली को पूरी तरह हाई-सिक्योरिटी जोन में बदल दिया गया है। करीब 30 घंटे तक दिल्ली किलेबंद राजधानी की तरह काम करेगी। रूस के लगभग 130 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल के साथ आने वाले पुतिन के लिए भारतीय और रूसी सुरक्षा एजेंसियां मल्टी-लेयर सिक्योरिटी कवच तैयार कर चुकी हैं। मुख्य सुरक्षा एजेंसियां, एनएसजी कमांडोज, स्वात टीमें, पैरामिलिट्री फोर्सेज, रूसी स्पेशल सिक्योरिटी ग्रुप और रूसी एडवांस टीम के 50 से अधिक कमांडोज पहले ही दिल्ली पहुंच चुके हैं। पुतिन का यह दौरा केवल एक राजनयिक यात्रा नहीं, बल्कि भारत-रूस साझेदारी के नये दौर की तैयारी मानी जा रही है। पूरी दुनिया की नजर इस बात पर हैं कि पुतिन की यात्रा में कौन से बड़े रणनीतिक फैसले सामने आते हैं।



**दौरे का ये है एजेंडा**

- रक्षा, ऊर्जा, स्पेस और एस-400 जैसे बड़े सौदे होने की उम्मीद
- भारत-रूस वार्ता में प्रमुख मुद्दों को किया जायेगा शामिल।
- एस-400 मिसाइल सिस्टम की नयी डील पर बातचीत।
- एसयू--57 फाइटर जेट पर बातचीत।
- ऊर्जा क्षेत्र में तेल आयात बढ़ाना।
- असैन्य परमाणु सहयोग में विस्तार।
- स्पेस और ट्रेड पर नयी साझेदार।

### रूसी परमाणु उर्जा कंपनी अधिकृत

रूसी मंत्रिमंडल ने चार-पांच दिसंबर को होने वाली राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की भारत यात्रा के दौरान असैन्य परमाणु ऊर्जा में द्विपक्षीय सहयोग को प्रगाढ़ बनाने के लिए एक सहमति पत्र पर हस्ताक्षर को मंजूरी दे दी है। रूस की सरकारी परमाणु ऊर्जा कंपनी रोसएटम' को रूसी सरकार की ओर से इस सहमति पत्र पर भारतीय अधिकारियों के साथ हस्ताक्षर करने के लिए अधिकृत किया गया है। क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने कहा कि रोसएटम के सीईओ अलेक्सी लिगाचेव छोटे मॉड्यूलर रिएक्टरों के निर्माण समेत सहयोग के कई प्रस्तावों का विस्तृत विवरण नयी दिल्ली शिखर वार्ता में प्रस्तुत करेंगे।

**रूसी राष्ट्रपति की सुरक्षा कड़ी, खाना रूस से ही आयेगा** : पुतिन की सुरक्षा दुनिया की सबसे एडवांस मानी जाती है और भारत में भी उसी प्रोटोकॉल को लागू किया जा रहा है। उनका खाना रूस से ही आयेगा और कई सुरक्षा जांचों के बाद ही परोसा जायेगा। पुतिन की टीम के पास पोर्टेबल सिक्योरिटी किट है, जो हमेशा कार व होटल में साथ रहेगी। सबसे अंदरूनी सुरक्षा घेरा मास्को से आए सुरक्षा अधिकारी संभालेंगे। दिल्ली में सुरक्षा का सारा फोकस हाई-टेक मॉनिटरिंग पर है। एंटी-ड्रोन गन्स की तैनाती, हवा में लगातार उड़ते निगरानी ड्रोन, हजारों सीसीटीवी कैमरे, पुतिन के काफिले को ट्रैक करने के लिए फेस रिकग्निशन सिस्टम, दिल्ली पुलिस कंट्रोल रूम से 247 रियल-टाइम को-ऑर्डिनेशन, खुफिया एजेंसियां की सतत निगरानी शामिल है। इसके अलावा टॉप अफसर पूरे रूट को सैनिटाइज कर रहे हैं। पुतिन की मूवमेंट के दौरान कुछ रास्तों पर टेम्परेरी डायवर्जन किया है। जहां पुतिन रुकेंगे, उसकी लोकेशन सुरक्षा कारणों से गोपनीय रखी गयी है।

### विधानसभा का शीतकालीन सत्र कल से, स्पीकर ने की बैठक

# अधिकारियों का उदासीन रवैया स्वीकार्य नहीं : रवींद्रनाथ महतो

▸▸ स्पीकर ने कहा- वरीय अफसर दीर्घा में मौजूद रहें



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड विधानसभा का शीतकालीन सत्र शुक्रवार से शुरू हो रहा है। सत्र संचालन की तैयारी को लेकर स्पीकर रवींद्र नाथ महतो ने पदाधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय बैठक की। उन्होंने कहा कि अधिकारियों का उदासीन रवैया स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने कहा कि वरीय अफसर दीर्घा में मौजूद रहें। उन्होंने कहा कि विधेयक के हिंदी और अंग्रेजी रूपांतरण में किसी तरह की त्रुटि नहीं होनी चाहिये। उन्होंने कहा कि सदन को सुचारू रूप से चलाने की जिम्मेदारी सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों की है। मुझे उम्मीद है कि सत्र में जनहित के मुद्दों पर सार्थक चर्चा होगी। उन्होंने कहा कि सत्र के दौरान अफसर सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करें। किसी तरह की तकनीकी बाधा न आने दें। सदन में रखे जाने वाले विधेयक की पूरी जांच कर लें। बैठक में संसदीय कार्य मंत्री राधाकृष्ण किशोर, मुख्य सचिव अविनाश कुमार, प्रभारी डीजीपी तदाशा मिश्रा, प्रभारी सचिव रंजीत कुमार और अन्य अधिकारी थे।

**शीतकालीन सत्र में बहेगा माननीयों का पसीना**

शीतकालीन सत्र पांच दिसंबर से शुरू होगा। इसमें कुल पांच कार्य दिवस होंगे। सत्र के दौरान सरकार अपने कार्यों का रिपोर्ट कार्ड पेश करेगी। आठ दिसंबर को अनुपूरक बजट पेश होगा। चार दिनों तक प्रश्नकाल चलेगा। सत्र के दौरान कई महत्वपूर्ण विधेयकों पर चर्चा होगी। वहीं, विपक्ष सरकार को घेरने की तैयारी में है। सरकार के एक साल पूरे होने पर भाजपा द्वारा जारी आरोप पत्र के आधार पर पार्टी मुखर होगी। वहीं, कांग्रेस विपक्ष की रणनीति का मुकाबला करने और विभागीय तैयारियों के आकलन पर जोर देगी, जबकि, झामुमो गठबंधन के भीतर समन्वय को मजबूत करने और विपक्षी सवालों के तत्पर व प्रभावी जवाब तैयार करने पर जोर देगी।

**पक्ष और विपक्ष मिलकर सत्र को बनायेंगे सार्थक**

स्पीकर ने कहा कि शीतकालीन सत्र की अवधि कम है लेकिन पक्ष-विपक्ष मिलकर इसे सार्थक बनायेंगे। इसका लाभ जनता को मिलेगा। उन्होंने उम्मीद जताई की सत्र के संचालन में विपक्ष का भी पूरा सहयोग मिलेगा।

## 12 नक्सली ढेर, तीन जवान शहीद

**एजेंसी**

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर में बुधवार को सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में 12 नक्सलियों को मार गिराया। मुठभेड़ में तीन जवान भी शहीद हो गये और दो घायल हो गये। पुलिस ने बताया कि बीजापुर-दंतेवाड़ा जिले की सीमा से लगे पश्चिम बस्तर डिविजन इलाके में सुरक्षाबलों की संयुक्त टीम गश्त पर थी। इसी दौरान नक्सलियों ने फायरिंग शुरू कर दी। सुरक्षाबलों ने जवाबी फायरिंग में 12 नक्सलियों को मार गिराया। पूरे इलाके में सर्च ऑपरेशन जारी है। बीजापुर एसपी जितेंद्र यादव ने बताया कि मारे गये सभी नक्सलियों के शव बरामद कर लिये गये हैं, मारे गए नक्सलियों की पहचान की जा रही है।

**जवान जो शहीद हुए :** इस मुठभेड़ में डीआरजी बीजापुर के तीन जवान प्रधान आरक्षक मोनू वडाड़ी, आरक्षक दुकारू गोंडे और जवान रमेश सोड़ी शहीद हो गये हैं। बस्तर रेंज आईजी सुंदरराज पट्टलिंगम ने बताया कि ऑपरेशन अब भी जारी है।



**अभियान जारी :** मुठभेड़ के बाद पूरे इलाके में सुरक्षाबल के जवान सर्च ऑपरेशन चला रहे हैं। नक्सलियों के खिलाफ अभियान भी जारी है। अधिकारियों का कहना है कि इस कार्रवाई के साथ इस साल अब तक छत्तीसगढ़ में मुठभेड़ में 268 नक्सली मारे जा चुके हैं। इनमें से 239 बीजापुर समेत सात जिलों वाले बस्तर क्षेत्र में मारे गये, जबकि 27 नक्सली रायपुर क्षेत्र के गरियाबंद जिले में वहीं दुर्ग क्षेत्र के मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले में दो नक्सली मारे गये।

# झारखंड में हर दिव्यांग होंगे एक ही श्रेणी में और सबको मिलेगा बराबर अधिकार : इरफान अंसारी

**सार्थक घोषणा**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राज्य सरकार ने दिव्यांगजनों के लिए बड़ा फैसला लिया है। स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने कहा कि अब दिव्यांगता प्रमाण पत्र में 10%, 20% या 50% जैसी कोई कैटेगरी नहीं रहेगी। सभी दिव्यांग एक ही श्रेणी में आएंगे और सबको बराबर अधिकार मिलेंगे। कैबिनेट की मंजूरी मिलते ही इसका नोटिस जारी कर दिया जाएगा।

**दिव्यांगजनों के लिए बड़ा फायदा**
नयी व्यवस्था से किसी तरह का भेदभाव नहीं होगा और दिव्यांगजन आसानी से सरकारी योजनाओं का लाभ ले सकेंगे।

### राज्य के अस्पतालों में जल्द बढ़ेंगी सुविधाएं



स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि राज्य के सभी सदर अस्पतालों में जल्द ही सीटी स्कैन और एमआरआई मशीनें लगाई जाएंगी। इससे लोगों को निजी अस्पतालों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। एमजीएम अस्पताल में भी ये सुविधाएं मिलेंगी।

**मेडिकल प्रोटेक्शन एक्ट पर चर्चा जारी**
डॉ अंसारी ने कहा कि झारखंड में डॉक्टर पूरी तरह सुरक्षित हैं। मेडिकल प्रोटेक्शन एक्ट पर कैबिनेट स्तर पर चर्चा चल रही है। उन्होंने कहा कि मैं खुद डॉक्टर हूं, मेरे रहते किसी डॉक्टर को डरने की जरूरत नहीं।

**सरकारी अस्पतालों में बढ़ रहा भरोसा** : मंत्री ने कहा कि डॉक्टर समय पर ओपीडी में बैठ रहे हैं। इस कारण सेवाएं बेहतर हुई हैं। इसी कारण पिछले एक साल में जमशेदपुर सदर अस्पताल में एक लाख से ज्यादा मरीज इलाज कराने पहुंचे।

**एमजीएम अस्पताल की पानी की समस्या भी हल होगी** : उन्होंने बताया कि एमजीएम अस्पताल में 9 डीप बोरिंग होने के बाद भी पानी की समस्या बनी हुई है, लेकिन टाटा स्टील से बातचीत अंतिम चरण में है और जल्द ही अस्पताल में नियमित पानी की सप्लाई शुरू हो जाएगी।

### आईआईटी-आइएसएम धनबाद का शताब्दी स्थापना सप्ताह का हुआ शुभारंभ

# खनिज, एआई, स्वच्छ ऊर्जा और सामाजिक हित की तकनीक पर शोध को मिले बढ़ावा: पीके मिश्रा

**पीएम मोदी के चार एस मन्त्र**

**डॉ मिश्रा ने स्कोप, स्केल, स्पीड और स्किल को बताया शासन का मार्गदर्शक सिद्धांत**

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**धनबाद।** आईआईटी आईएसएम धनबाद के 100 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में बुधवार को शताब्दी स्थापना सप्ताह का भव्य शुभारंभ हुआ। समारोह का उद्घाटन करते हुए मुख्य अतिथि प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव डॉ. पीके मिश्रा ने संस्थान की तकनीकी प्रगति और राष्ट्र निर्माण में इसकी अहम भूमिका पर प्रकाश डाला। श्री मिश्रा ने कहा कि संस्थान का इतिहास खनन शिक्षा में उत्कृष्ट रहा है और अब तकनीक के क्षेत्र में भी इसके उज्ज्वल भविष्य की अपार संभावनाएं हैं। उन्होंने खनिज, एआई, स्वच्छ ऊर्जा और सामाजिक हित की तकनीक पर शोध को और गति देने की जरूरत बतायी। साथ ही डॉ. मिश्रा ने कहा कि भारत में आधार, को-विन और नेशनल डिजिटल एजुकेशन आर्किटेक्चर जैसे सार्वजनिक डिजिटल प्लेटफॉर्म दिखाते हैं कि समावेशन और दक्षता कैसे साथ चल सकते हैं।

इस मौके पर उन्होंने कई परियोजनाओं का लोकार्पण किया और यूके की जिओ टेक कंपनी द्वारा इंडिया-यूके तकनीकी साझेदारी को मजबूत करने के प्रयासों की सराहना की।

इस दौरान संस्थान के निदेशक प्रो. सुकुमार मिश्रा ने शताब्दी वर्ष को संस्थान की नयी जिम्मेदारियों का प्रतीक बताया। वहीं ब्रिटिश उप उच्चायुक्त एंड्रयू फ्लेमिंग ने भारत-ब्रिटेन सहयोग पर संतोष व्यक्त किया। मुख्य अतिथि ने वीआर माइन सिमुलेटर, डिजिटल माइनिंग अवसंरचना और ड्रिल कोर डिजिटाइजेशन लैब समेत कई अत्याधुनिक सुविधाओं का उद्घाटन किया। इस दौरान ज्ञान-विज्ञान प्रांगण में एआई, रोबोटिक्स, स्वच्छ ऊर्जा और मेटावर्स आधारित खनन मॉडल प्रदर्शित किए गए। शताब्दी सप्ताह के दौरान संगोष्ठियों, शोध प्रदर्शनी, पूर्व छात्र मिलन और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा। समारोह 9 दिसंबर तक चलेगा। समापन समारोह में अड़ाणी समूह के चेयरमैन गौतम अड़ाणी शामिल होंगे।

## बरही में डिवाइडर से टकरायी कार, तीन की मौत, छह घायल

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**हजारीबाग।** हजारीबाग जिले के बरही थाना क्षेत्र में जीटी रोड पर पंचमाधव पर बुधवार को एक भीषण सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई। मृतकों में एक पुरुष, एक महिला और एक बच्ची शामिल हैं। घटना में लगभग छह अन्य लोग घायल हुए हैं। घायलों में घायलों में ज्योति कुमारी (24), शुभम यादव (6), अभिराज यादव (10), मृत्युंजय यादव (8), धर्मेंद्र यादव (35) व कौशल्या देवी हैं। सभी घायलों का इलाज हजारीबाग के शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल में चल रहा है। पुलिस के अनुसार पश्चिम बंगाल के कुल्टी क्षेत्र का रहने वाला एक परिवार बिहार में एक शादी समारोह में शामिल होने कार से जा रहा था। जानकारी के अनुसार ड्राइवर को झपकी आने के कारण कार अनियंत्रित हो गयी और डिवाइडर से टकरा गई। टक्कर इतनी तेज थी कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और उसपर सवार सभी लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। इनमें से तीन लोगों ने अस्पताल ले जाने के पहले दम तोड़ दिया।

बरही एसडीपीओ अजीत कुमार विमल ने बताया कि घायलों के परिजनों को सूचना दे दी गई है और उनके उपचार पर लगातार निगरानी रखी जा रही है।

# मनरेगा कर्मियों का 30 फीसदी मानदेय बढ़ाया जाएगा : दीपिका पांडेय सिंह

- झारखंड राज्य ग्रामीण रोजगार गारंटी परिषद की बैठक में चर्चा

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री दीपिका पांडेय सिंह की अध्यक्षता में बुधवार को प्रोजेक्ट भवन में झारखंड राज्य ग्रामीण रोजगार गारंटी परिषद की बैठक हुई। इसमें मनरेगा कर्मियों के हित, योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और ग्रामीण रोजगार सशक्तिकरण पर व्यापक चर्चा हुई। मंत्री ने स्पष्ट निर्देश दिया कि मनरेगा कर्मियों का मानदेय तत्काल 30 फीसदी बढ़ाया जाये, ताकि कार्मिकों की आर्थिक सुरक्षा और कार्य क्षमता को सुदृढ़ किया जा सके।

**इंश्योरेंस के लिए अलग प्रस्ताव तैयार करने का निर्देश :** मंत्री ने मनरेगा कर्मियों के लिए ग्रुप इंश्योरेंस, एक्सीडेंट इंश्योरेंस के साथ-साथ लाइफ इंश्योरेंस उपलब्ध कराने के लिए एक अलग प्रस्ताव तैयार करने का निर्देश दिया। साथ ही कार्मिकों के ग्रेड पे को लेकर भी विभाग को प्रस्ताव शीघ्र लाने के लिए कहा। ग्रामीण जनता को रोजगार का जो अधिकार दिया गया है, उसकी मजबूती और निरंतरता सुनिश्चित करना सरकार की मुख्य प्राथमिकता है। इस बैठक में राज्यभर में मनरेगा के तहत चल रहे कार्यों की समीक्षा की गई और आने वाले समय में इसके और सशक्त क्रियान्वयन पर रणनीति तय की गई।

**ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान की है :** मंत्री ने बताया कि दीदी बाड़ी योजना के मजबूत होने से ग्रामीण महिलाओं को नई शक्ति मिली है और मनरेगा ने राज्य में रिकॉर्ड मैन-डेज निर्माण कर ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान की है। केंद्र सरकार द्वारा बिना तैयारियों के लागू की गई तकनीकी प्रणाली के कारण मटेरियल पेमेंट में हो रही देरी पर भी विस्तृत चर्चा हुई। उन्होंने भरोसा जताया कि विभाग केंद्र सरकार के साथ सकारात्मक समन्वय में काम कर रहा है और समस्या का समाधान जल्द मिलेगा।

**बैठक में चर्चा**

झारखंड खनिज संपदा से समृद्ध है, लेकिन कृषि की विशाल संभावनाओं को भी मनरेगा के माध्यम से सशक्त किया जा सकता है। राज्य के जल-जंगल-जमीन की सुरक्षा में मनरेगा एक अत्यंत प्रभावी अधिकार है और इस दिशा में भी आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।

**इन एजेंडों पर बाद में होगी चर्चा :** संविदाकर्मी का कार्यकाल 65 साल करने, आउटसोर्सिंग से मदद नहीं लेने, कर्मियों को सीधे पैसा देने और मनरेगा आयुक्त को अधिकार देने से संबंधित एजेंडों पर बाद में चर्चा की जायेगी।

# बढ़ी निलंबित आईएएस विनय चौबे की मुश्किलें, मनी लाउड्रिंग की जांच ईडी ने की शुरू

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** शराब घोटाले की राशि का मनी लाउंड्रिंग करने की जांच प्रवर्तन निदेशालय ने प्रारंभ कर दी है। इससे जेल में बंद निलंबित आईएएस अधिकारी विनय कुमार चौबे समेत अन्य आरोपियों की मुश्किलें और बढ़ गई हैं। कारण भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ऑफेंसिव की जांच कर रही है। जबकि, ईडी मनी लाउंड्रिंग की जांच करेगा। ईडी ने भ्रष्टाचार मामले को टेक ओवर करते हुये शराब घोटाले में जेल में बंद पांच आरोपियों से पूछताछ प्रारंभ कर दी है। इससे पूर्व ईडी ने अदालत में पूछताछ की अनुमति मांगते हुये कहा कि शराब घोटाले में मनी लॉउंड्रिंग की आशंका की जांच के लिये इन सभी के बयान दर्ज करना आवश्यक है। सुनवाई पश्चात पीएमएलए के विशेष न्यायाधीश योगेश कुमार की अदालत ने इसकी अनुमति दे दी है। ईडी पांच दिनों तक जेल में पूछताछ कर करेगी। ये सभी आरोपी एसीबी कांड संख्या 09/25 में गिरफ्तार किये गये हैं। वर्तमान में बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा में बंद हैं। इसमें महेश सीताराम शेडगे, परेश ठाकोर, विक्रमसिंग ठाकोर, बिपिन जाधवभाई परमार चारों गुजरात के अहमदाबाद निवासी और महाराष्ट्र के थाने निवासी जगन तुकाराम देसाई के नाम शामिल हैं। एसीबी ने 14 अक्तूबर को गिरफ्तार किया था। ईडी ने नया ईसीआईआर 10/2025 दर्ज कर जांच प्रारंभ कर दी है।

मालूम हो कि ईडी विनय चौबे समेत अन्य आरोपियों की अवैध कमाई का मनी लाउंड्रिंग करने की जांच कर रही है। जैसे ही शराब घोटाले या अन्य घोटाले की राशि का मनी लाउंड्रिंग का सबूत मिलेगा। ईडी जेल में ही विनय चौबे से पूछताछ कर सकती है। साथ ही, मनी लाउंड्रिंग कर कहां-कहां चल अचल संपत्ति बनाई है। इसकी भी जांच करेगी। उल्लेखनीय है कि एसीबी की जांच में सामने आया था कि मेसर्स विजन हॉस्पिटैलिटी एंड कंसलटेंट प्राइवेट लिमिटेड और मेसर्स मार्शन इनोवेटिव सिक्युरिटी प्राइवेट लिमिटेड ने फर्जी बैंक गारंटी के आधार पर सरकार को करोड़ों रुपये का नुकसान पहुंचाया। वीएचएससीपीएल ने 5.35 करोड़ और एमआईएसएसपीएल ने 5.02 करोड़ की फर्जी बैंक गारंटी दी थी। इस मामले में एसीबी अब तक एक दर्जन से अधिक गिरफ्तारियां कर चुकी है। इनमें निलंबित आईएएस विनय चौबे और उत्पाद विभाग के संयुक्त सचिव गजेंद्र सिंह शामिल हैं। कई आरोपियों को जमानत भी मिल चुकी है और जांच अभी जारी है।

# हाईकोर्ट ने भाजपा की साजिश बेनकाब किया : विनोद पांडेय



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट द्वारा सीजीएल 2023 परीक्षा का परिणाम जारी करने की अनुमति देने के बाद राजनीतिक माहौल में नई हलचल तेज हो गई है। अदालत ने स्पष्ट कहा कि मामला सीबीआई जांच के योग्य नहीं है और एसआईटी की निगरानी में ही जांच आगे बढ़ेगी। इस निर्णय को झामुमो ने पारदर्शिता की जीत बताया है। झामुमो महासचिव विनोद पांडेय ने कहा कि अदालत का फैसला भाजपा द्वारा फैलाये गये भ्रम और अफवाहों को बेनकाब करता है। उनके अनुसार, भाजपा ने पेपर लीक का मुद्दा उठाकर युवाओं को गुमराह किया और भर्ती प्रक्रिया को बदनाम करने की कोशिश की। इसका अदालत में कोई आधार नहीं मिल सका। सरकार की ओर से शुरूआत से दावा किया गया था कि प्रक्रिया पारदर्शी है और किसी तरह की अनियमितता नहीं हुई है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के अनुसार नेक इरादा हो तो चौतरफा सफलता मिलती है, की भी यह फैसला पुष्टि करता है। हजारों परीक्षार्थियों का परिणाम अब जारी होने वाला है। इससे युवाओं में उत्साह है। झामुमो ने इसे युवाओं के हक और सुशासन की जीत बताया है और भाजपा से माफी मांगने की मांग की है।

## राजभवन का नाम लोकभवन पर होने पर कांग्रेस का तंज, राज्यपाल को भी जनता चुने

**रांची।** प्रधानमंत्री के कार्यालय और राजभवन का नाम बदल कर लोकभवन करने के फैसले पर प्रदेश कांग्रेस ने तंज कसा है। प्रदेश कांग्रेस के महासचिव सह मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने तंज कसते हुए कहा कि जब राजभवन को लोकभवन कहा जाए तो फिर राज्यपाल को भी जनता के द्वारा चुना जाना चाहिए। अपने 11 साल के शासनकाल में रेलवे स्टेशनों, सड़कों का, कई योजनाओं का नाम प्रधानमंत्री ने तो बदल दिया, लेकिन देश विकास के पथ पर अग्रसर नहीं हुआ। अब प्रधानमंत्री कार्यालय का नाम भी बदल दिया गया तो एक बार प्रधानमंत्री अपना नाम बदल कर भी देखें तो शायद युवाओं को रोजगार प्राप्त हो जाए। यह सिर्फ नाम बदलने का खेल नहीं है, बल्कि एक वैचारिक बदलाव और शक्ति का केंद्रीकरण है, जिसका उद्देश्य राज्यपालों को सीधा जनता से जोड़कर विपक्षी शासनकाल में अस्थिरता पैदा करना है।

# किसानों से धान खरीद में अब होगा 4जी पॉस मशीन का इस्तेमाल

- धान बिक्री के 72 घंटे में किसानों को मिलेगी पूरी राशि
- 4जी मशीम मिलते ही 15 से पहले धान की खरीद शुरू होने की उम्मीद

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड के किसानों के लिए अच्छी खबर है। इस साल धान बेचने पर तीन दिन के भीतर पूरी राशि मिल जाएगी। साथ ही पहली बार ऐसा होगा, जब धान खरीद के लिए 4जी आधारित पॉस मशीन का इस्तेमाल होगा। लेकिन सवाल है कि 1 दिसंबर से धान की खरीद क्यों नहीं शुरू हो पाई। ब्लॉक स्तर पर लैम्पस की क्या तैयारी है? इस साल एक क्विंटल धान के कितने रुपए मिलेंगे? एक किसान अधिकतम कितना धान बेच सकेगा?

**1 दिसंबर से क्यों शुरू नहीं हुई धान की खरीद :** बताते चलें कि पिछले साल 15 दिसंबर से धान की खरीद शुरू हो गई थी। इस साल 1 दिसंबर से शुरू करने की तैयारी थी। लेकिन खरीद में इस्तेमाल होने वाले 2जी पॉस मशीन के 4जी में कन्वर्ट नहीं होने पर तारीख टल गई। उम्मीद जतायी जा रही है कि 4जी पॉस मशीन मिलते ही एक सप्ताह के भीतर राज्य के सभी लैम्पस पर धान की खरीद शुरू हो जाएगी। अब तक 2जी पॉस मशीन से धान खरीद का डाटा तैयार करने, किसान का आधार नंबर और अंगूठे का निशान लेने की प्रक्रिया पूरी करने में काफी वक्त लगता था। क्योंकि 2जी पॉस मशीन की रफ्तार बहुत धीमी थी। इस बार विभाग के निर्देश पर 1 दिसंबर को पुरानी 2जी पॉस मशीनें जमा कर दी गई हैं। नई 4जी पॉस मशीन के तीन से चार दिन में मिलने की उम्मीद है। लिहाजा, एक सप्ताह से भीतर धान खरीद की प्रक्रिया शुरू होने की संभावना है।

**प्रति क्विंटल धान की कीमत क्या होगी? :** जहां तक प्रति किलो धान की कीमत की बात है तो पिछले साथ केंद्र सरकार ने न्यूनतम समर्थन मूल्य प्रति क्विंटल 2,369 रुपये रखा था। इसपर 100 रुपये बोनस जोड़ने पर राशि 2,469 हो जाती है। साथ ही ग्रेड-ए धान पर 2,489 रुपये प्रति क्विंटल मिले थे। इस साल अभी तक लैम्पस को नया दर नहीं मिला है। ऐसे में इस साल भी प्रति क्विंटल 2,469 की दर से धान खरीद की संभावना है।

**एक किसान कितना बेच सकता है धान :** नामकुम एमपीसीएस यानी मल्टी पर्पस को-ऑपरेटिव सोसायटी के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी नीरज कुमार के मुताबिक एक किसान अधिकतम 200 क्विंटल धान बेच सकता है। लेकिन इसके लिए एक मानदंड तय है। सरकार के मुताबिक एक एकड़ में 16 क्विंटल तक धान की पैदावार होती है। लिहाजा, एक किसान के पास 11 से 12 एकड़ जमीन होने पर ही 200 क्विंटल तक धान की पैदावार कर बेचने का दावा कर सकता है। इधर, किसानों में धान खरीद को लेकर उत्साह दिखने लगा है। नामकुम के हाहाप गांव की किसान अर्चना मुंडा अपना रजिस्ट्रेशन कराने एमपीसीएस यानी लैम्पस कार्यालय पहुंचीं थी। उन्होंने बताया कि ओपन मार्केट में धान की बहुत कम कीमत मिल रही है। चूंकि उनके पास सौ क्विंटल धान है। इसलिए उम्मीद है कि रजिस्ट्रेशन हो जाने पर उन्हें अच्छी कीमत मिल जाएगी।

**इस साल धान बेचने पर कैसे होगा पेमेंट :** झारखंड में धान की खरीद खाद्य, सार्वजनिक वितरण और उपभोक्ता मामले विभाग सुनिश्चित करता है। इस बार विभाग ने धान बेचने पर तीन दिन के भीतर पूरा पेमेंट करने की व्यवस्था की है। पूर्व में धान बेचने के 24 घंटे के भीतर 50 प्रतिशत पेमेंट किसान के खाते में ट्रांसफर हो जाता था। फिर धान के मील में जाने पर आधी राशि ट्रांसफर की जाती थी। लेकिन इस बार धान बेचने के 72 घंटे के भीतर पूरी राशि ट्रांसफर करने की व्यवस्था की गई है। इससे किसानों को बहुत बड़ी राहत मिलेगी।

**अभी सरकार का निर्णय आना बाकी है :** बताते चलें कि पिछले साल की तरह इस बार भी 60 लाख क्विंटल धान खरीद का लक्ष्य रखा गया है। इसको लेकर एमपीसीएस के स्तर पर जोर शोर से तैयारी चल रही है। झारखंड स्टेट फूड कॉरपोरेशन के प्रबंध निदेशक सत्येंद्र कुमार ने पिछले दिनों बताया था कि बीते साल केंद्र सरकार द्वारा निर्धारित न्यूनतम समर्थन मूल्य के अतिरिक्त 100 रुपये प्रति क्विंटल बोनस मिले थे। आम धान का एमएसपी 2,369 रुपये था। उस पर 100 रुपये जोड़कर किसान को 2,469 रुपये और ग्रेड-ए धान पर 2,489 रु. तक मिले थे। इस साल सरकार का निर्णय आना बाकी है।

# छात्रों के हित में 4 दिसंबर से शुरू होगी 180 किमी पदयात्रा : देवेंद्रनाथ महतो

- पांच दिनों में पूरी होगी 180 किलोमीटर की यह यात्रा

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** जेएलकेएम नेता देवेंद्रनाथ महतो ने बुधवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बड़ी घोषणा की है। उन्होंने बताया कि 4 दिसंबर से झारखंड के छात्रों के अधिकारों और मांगों को लेकर एक महाआंदोलन की शुरूआत की जाएगी। इस पदयात्रा को जेएलकेएम के केंद्रीय अध्यक्ष जयराम महतो हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। यह पदयात्रा गिरिडीह के डुमरी से शुरू होकर हजारीबाग, रामगढ़ होते हुए रांची विधानसभा तक पहुंचेगी। कुल 180 किलोमीटर की इस यात्रा को 5 दिनों में पूरा किया जाएगा। इसके बाद छठे दिन विधानसभा परिसर के धरना स्थल पर एक दिवसीय धरना आयोजित किया जाएगा।

श्री महतो के अनुसार, 24 जिलों से लोग इस पदयात्रा में शामिल होने आ रहे हैं, और इसमें लाखों लोगों के भाग लेने की संभावना है। पदयात्रा डुमरी में सुबह 10 बजे शुरू होगी। इस महाआंदोलन का मुख्य उद्देश्य राज्य सरकार से छात्रों से जुड़ी लंबित मांगों को पूरा करवाना है। देवेंद्रनाथ महतो ने संघर्ष कर रहे सभी छात्रों एवं अभिभावक से अपील की है कि वे इस ऐतिहासिक पदयात्रा में शामिल होकर इसे सफल बनाएं। उन्होंने कहा कि यह आंदोलन छात्रों के भविष्य और अधिकारों की लड़ाई है।

**जेएलकेएम की प्रमुख मांगें :** नियोजन नीति को लागू किया जाए। छात्रवृत्ति का तुरंत भुगतान किया जाए। सभी लंबित सरकारी परीक्षाओं को पूरा किया जाए। जेपीएससी और जेएसएससी में रिक्त पदों पर नियुक्ति के लिए विज्ञापन जारी किया जाए। गैर-सरकारी संस्थानों में छात्रों के लिए 75% आरक्षण लागू किया जाए।

# नाम के शब्दों से बढ़ता है भावनात्मक लगाव : बाबूलाल मरांडी



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने राजभवन का नाम लोकभवन करने के लिये प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को शुभकामनायें दी है। उन्होंने कहा है कि मोदी सरकार ने सत्ता को शासक बोध से हटाकर लोक सेवा के रूप में स्थापित करने की लगातार पहल की है। चाहे मंत्री, वरीय पदाधिकारियों के गाड़ियों से लाल पीली बत्ती हटाने का निर्णय हो या फिर राज पथ को कर्तव्य पथ बनाना, प्रधानमंत्री आवास को लोक कल्याण मार्ग, केंद्रीय सचिवालय को कर्तव्य भवन, राजभवन को लोक भवन और पीएमओ को सेवा तीर्थ के रूप में नामांकित करना जैसे निर्णय लोकतंत्र को मजबूती प्रदान करेंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने खुद को प्रधानमंत्री की जगह प्रधान सेवक कहलाना तय किया है। इतना ही नहीं विकलांग शब्द को हटाकर दिव्यांग कहना यह बताता है कि प्रधानमंत्री भारत के एक-एक नागरिक की भावनाओं के कितने करीब हैं। ये शब्दों का परिवर्तन मात्र नहीं बल्कि मोदी सरकार की नीति और नीयत को दर्शाता है।

## एसबीआई में स्पेशलिस्ट ऑफिसर के 996 पदों पर आवेदन शुरू

**रांची।** भारतीय स्टेट बैंक ने साल 2026 के लिए स्पेशलिस्ट ऑफिसर भर्ती के तहत कुल 996 पदों पर नियुक्तियों की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इच्छुक उम्मीदवार 2 दिसंबर 2025 से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं, जबकि आवेदन की अंतिम तिथि 23 दिसंबर 2025 निर्धारित की गई है। इसी दिन शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि भी है।

**महत्वपूर्ण तिथियां**

ऑनलाइन आवेदन प्रारंभ : 02 दिसंबर 2025

ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि : 23 दिसंबर 2025

शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि : 23 दिसंबर 2025

परीक्षा तिथि : जल्द सूचित की जाएगी

एडमिट कार्ड : परीक्षा से पूर्व जारी होगा

# कांग्रेस ने मनाई राजेंद्र प्रसाद की जयंती और अल्बर्ट एक्का की पुण्यतिथि





खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी की ओर से बुधवार को कांग्रेस भवन, रांची में देश के पहले राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद, क्रांतिकारी खुदीराम बोस की जयंती और परमवीर चक्र विजेता अल्बर्ट एक्का की पुण्यतिथि मनाई गयी। कार्यक्रम की शुरूआत प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने तीनों महान नेताओं के चित्र पर माल्यार्पण कर की। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि डॉ राजेंद्र प्रसाद ने साधारण परिवार से उठकर राष्ट्रपति बनकर देश को नई दिशा दी। उनका जीवन हम सभी के लिए प्रेरणा है और हमें उनके बताए रास्ते पर चलना चाहिए।

उन्होंने कहा कि क्रांतिकारी खुदीराम बोस का बलिदान युवाओं और देशवासियों को देशभक्ति, समर्पण और त्याग की सीख देता है। अल्बर्ट एक्का की वीरता को याद करते हुए उन्होंने कहा कि उनकी शहादत झारखंड और देश के लिए गर्व की बात है। उनकी बहादुरी हमें हमेशा देश सेवा के लिए प्रेरित करती है।

**गवर्नर हाउस से लोकभवन तक का सफर**

# झारखंड ने अब तक देखें 12 राज्यपाल



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड राजभवन, जो अब लोक भवन के नाम से जाना जाएगा। ब्रिटिश काल में इसे गवर्नर हाउस के नाम से जाना जाता था। इसके बाद इसका नामकरण राजभवन हुआ और अब लोकभवन। इस ऐतिहासिक इमारत की डिजाइन ब्रिटिश आर्किटेक्ट सैडलॉ बैलर्ड ने बनाई थी। इस इमारत का निर्माण कार्य 1939 में शुरू हुआ था और 1931 में बन कर तैयार हो गया था।

**लोकभवन का कुल क्षेत्रफल है 62 एकड़**

लोकभवन का कुल क्षेत्रफल 62 एकड़ है, जिसमें से 10 एकड़ जमीन में आड्रे हाउस का निर्माण किया गया है। लोकभवन के 38 एकड़ जमीन में उद्यान है। जिसमें अकबर गार्डेन, बुद्धा गार्डेन, अशोका गार्डेन, मूर्ति गार्डेन और महात्मा गांधी गार्डेन जैसे कई उद्यान हैं। इसमें चार गेट भी हैं।

**झारखंड लोकभवन : एक अद्वितीय वास्तुकला का नमूना**

झारखंड लोकभवन की इमारत एक अद्वितीय वास्तुकला का नमूना है, जो ब्रिटिश डिजाइन और स्थानीय जलवायु के अनुकूल बनाया गया है। इमारत की छत पर गर्मी से बचाव के लिए डबल रानीगंज टाइलें लगी हैं, जो इसे गर्मियों में ठंडा और सर्दियों में गर्म रखती हैं। फर्श, बैठक कक्ष और दरबार हॉल सागौन की लकड़ी से बने हैं।

**लोकसभवन ने देखे अब तक 12 राज्यपाल**

झारखंड गठन के बाद से लोकभवन ने अब तक 12 राज्यपाल देखे हैं। झारखंड बनने के बाद राजभवन में सबसे पहले राज्यपाल के रूप में प्रभात कुमार आए थे। वर्तमान में संतोष कुमार गंगवार झारखंड के राज्यपाल हैं।

## झारखंड का राजभवन अब लोक भवन हुआ, अधिसूचना जारी

रांची। झारखंड का राजभवन अब लोकभवन के नाम से जाना जाएगा। राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव नितीन मदन कुलकर्णी के हस्ताक्षर से बुधवार को इसका आदेश जारी कर दिया गया। जारी आदेश में कहा गया है कि भारत सरकार के गृह मंत्रालय और झारखंड के राज्यपाल की स्वीकृति के बाद रांची और दुमका के राजभवन का नया नाम आधिकारिक रूप से लोक भवन किया गया है।

## राज्य गठन के बाद किस राज्यपाल का कितने समय का कार्यकाल

| | | |
|---|---|---|
| प्रभात कुमार | : | 15 नवंबर 2000 से तीन फरवरी 2002 |
| वीसी पांडेय | : | चार फरवरी 2002 से 14 जुलाई 2002 |
| एम रामा जोइस | : | 15 जुलाई से 11 जून 2003 |
| वेद प्रकाश मारवाह | : | 12 जून 2003 से नौ दिसंबर 2004 |
| सैयद सिब्ते रजी | : | 10 दिसंबर 2004 से 23 जुलाई 2009 |
| के शंकर नारायणन | : | 26 जुलाई 2009 से 21 जनवरी 2010 |
| एमओएच फारूख | : | 22 जनवरी 2010 से तीन सितंबर 2011 |
| डॉ सैयद अहमद | : | चार सितंबर 2011 से 17 मई 2015 |
| द्रौपदी मुर्मू | : | 18 मई 2015 से 13 जुलाई 2021 |
| रमेश बैस | : | 14 जुलाई 2021 से 17 फरवरी 2023 |
| सीपी राधाकृष्णन | : | 18 फरवरी 2023 से 30 जुलाई 2024 |

वर्तमान में संतोष कुमार गंगवार झारखंड के राज्यपाल हैं।

**लोकभवन में धूमधाम से मना नागालैंड व असम का स्थापना दिवस**

# सांस्कृतिक रूप से समृद्ध हैं नागालैंड व असम प्रदेश : संतोष गंगवार

खबर मन्त्र ब्यूरो




**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने बुधवार को कहा कि नागालैंड व असम पूर्वोत्तर के सुंदर राज्य हैं। श्री गंगवार लोक भवन में आयोजित नागालैंड एवं असम राज्य स्थापना दिवस समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि नागालैंड का स्थापना दिवस 1 दिसंबर तथा असम का स्थापना दिवस 2 दिसंबर को था। उन्होंने कहा कि राज्य से बाहर रहने के कारण इन तिथियों पर कार्यक्रम आयोजित नहीं हो सका। उन्होंने झारखंड में निवासरत नागालैंड और असम के नागरिकों से कहा कि आप सभी अपने कठिन परिश्रम, समर्पण से यहां के विकास में निरंतर योगदान दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि दोनों राज्य पूर्वोत्तर भारत के अत्यंत सुंदर एवं सांस्कृतिक रूप से समृद्ध प्रदेश हैं। यह क्षेत्र भारत का सामरिक रूप से महत्वपूर्ण द्वार है। यहां विविध जनजातियां, भाषायें और परंपरायें मिलकर एक सुंदर सांस्कृतिक इंद्रधनुष निर्मित करती हैं। यहां स्थित विश्वप्रसिद्ध कामाख्या मंदिर देश-विदेश के श्रद्धालुओं के लिये आस्था का महत्वपूर्ण केंद्र है। उन्होंने कहा कि ब्रह्मपुत्र की विशाल धारा, चाय बागानों की हरियाली और बिहू का उल्लासपूर्ण नृत्य, असम की विशिष्ट पहचान को और भी अद्वितीय बनाते हैं। उन्होंने कहा कि नागालैंड, जिसे त्योहारों की भूमि कहा जाता है। नागालैंड का प्रसिद्ध हॉर्नबिल महोत्सव न केवल वहां की सांस्कृतिक विविधता का उत्सव है, बल्कि यह भारत को समृद्ध करने वाली बहुरंगी सांस्कृतिक धारा का एक उज्ज्वल प्रतीक भी है। उन्होंने प्रधानमंत्री द्वारा सभी राजभवनों का नाम लोक भवन किये जाने के निर्णय के लिए उनका आभार प्रकट किया। मौके पर राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव डॉ नितिन मदन कुलकर्णी ने स्वागत भाषण में दोनों राज्यों के लोगों को स्थापना दिवस की बधाई दी। उन्होंने कहा कि दोनों राज्यों की अपनी अलग-अलग विशिष्टता है।

# राज्यपाल ने डॉ राजेंद्र प्रसाद और अलबर्ट एक्का को दी श्रद्धांजलि



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने बुधवार को देश के प्रथम राष्ट्रपति डॉ राजेन्द्र प्रसाद की जयंती एवं परमवीर चक्र से सम्मानित शहीद लांसनायक अल्बर्ट एक्का की पुण्यतिथि के अवसर पर राज भवन में उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

# झारखंड में कड़ाके की ठंड पड़ेगी सात जिलों में शीतलहर का अलर्ट

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड के सात जिलों में 5 और 6 दिसंबर को शीतलहर चलने की संभावना जतायी गयी है। इसे लेकर मौसम विभाग ने येलो अलर्ट जारी किया है। यह अलर्ट लातेहार, गढ़वा, पलामू, चतरा, सिमडेगा, लोहरदगा और गुमला जिलों के लिए जारी हुआ है।

मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि जम्मू-कश्मीर और हिमाचल प्रदेश में भारी बर्फबारी के कारण ठंडी और नमीयुक्त हवाएं पूर्वी और मध्य भारत की ओर बढ़ रही हैं। इससे तापमान में तेजी से गिरावट दर्ज की जा रही है और अगले दो दिनों में कई जिलों में शीतलहर की स्थिति बन सकती है। उन्होंने बताया कि सिर्फ पश्चिमी झारखंड ही नहीं, बल्कि आसपास के मध्य क्षेत्रों में भी तापमान में और गिरावट दर्ज होने की संभावना है।

मौसम विभाग ने लोगों को ठंड से सावधान रहने, आवश्यक सुरक्षा उपाय अपनाने और सुबह-शाम बाहर निकलने पर गर्म कपड़े पहनने की सलाह दी है।

## चाईबासा का न्यूनतम तापमान 7.9 डिग्री सेल्सियस, रांची में सुबह-शाम कनकनी



पिछले 24 घंटों के दौरान राज्य में सबसे अधिक तापमान चाईबासा में 29.4 डिग्री और सबसे कम तापमान 7.9 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। वहीं बुधवार को रांची और आसपास के इलाकों में सुबह से मौसम साफ रहा, लेकिन सुबह और शाम में भारी कनकनी महसूस की गई। दोपहर की धूप लोगों को अच्छी लगी और लोगों ने अपने घर की छत और खुली जगह में बैठकर इसका आनंद लिया। बुधवार को रांची का अधिकतम तापमान 25 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 11 डिग्री सेल्सियस, जमशेदपुर का 28.2 डिग्री सेल्सियस और 12.6 डिग्री सेल्सियस, डाल्टनगंज का 28 डिग्री सेल्सियस और 9.6 डिग्री सेल्सियस, बोकारो का 23.1 डिग्री सेल्सियस और 11.5 डिग्री सेल्सियस तथा चाईबासा का अधिकतम तापमान 29.4 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 12.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया

# खूंटी के मुरहू-कटमकुकु जंगल से सिर कुचला युवती का शव बरामद

## पुलिस को दुष्कर्म के बाद हत्या करने की आशंका

- कर्रा थाना क्षेत्र की घटना युवती की पहचान करने में जुटी पुलिस

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** खूंटी जिले के कर्रा थाना क्षेत्र के मुरहू-कटमकुकु जंगल से मंगलवार शाम को कर्रा पुलिस ने एक नग्न अवस्था में सिर कुचला एक युवती का शव बरामद किया है। घटनास्थल से कर्रा पुलिस को सिर कुचला हुआ पत्थर, मृतक युवती का बाल, जबड़े की हड्डी का टुकड़ा समेत कुछ कपड़े मिले हैं। युवती की पहचान नही हो पाई है। पुलिस ने शव बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

इंस्पेक्टर अशोक सिंह ने बताया कि युवती की शिनाख्त के लिए असपास के गांव, टोलो एवं थानों से मदद ली जा रही है। उन्होंने कहा कि जांच के लिए टीम बना दी गई है। शव देखने से प्रतीत होता है कि घटना चार-पांच दिन पहले की है। युवती का दुष्कर्म करके बुरी तरह से हत्या कर दी गई और साक्ष्य छुपाने के लिए युवती का सिर कुचल दिया गया है। जल्द ही मामले का खुलासा होगा।

जानकारी के अनुसार ग्रामीणों ने मुरहु-काटमकुकु जंगल में लोधमा आने-जाने वाले मुख्य सड़क पर मांस सड़ने जैसे दुर्गंध महसूस किया। जिसके बाद खोजबीन की तो ग्रामीणों ने देखा कि नग्न अवस्था में सिर कुचला हुआ एक युवती का शव पड़ा हुआ है, जिसमें कीड़ा-मकौड़े लगे हुए हैं और शव के एक हाथ को जंगली जानवरों ने नोच खरोंच कर खा लिया है। इसके बाद ग्रामीणों ने घटना की जानकारी कर्रा पुलिस को दी। जिस इलाके में युवती का शव बरामद हुआ है, वह कुलहुटू, काटमकुकु, मुरहू व लोधमा गांव, खूंटी और रांची जिला का बॉर्डर एरिया है। कर्रा पुलिस शव की पहचान व पुष्टि करने में जुटी हुई है और थाना क्षेत्र में घर से लापता युवती की जानकारी इकट्ठा कर रही है।

# झामुमो महानगर के सात वार्डों में चुनाव संपन्न, वार्ड समिति गठित

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झामुमो रांची महानगर ने बुधवार को धुर्वा गोलचक्कर स्थित मैदान में चुनाव सात वार्डों के पदाधिकारियों की नियुक्ति चुनाव के माध्यम से की गई। चुनाव के बाद सर्वसम्मति से वार्ड नम्बर 4, 37, 38, 39, 40, 41 और 42 समिति का गठन किया गया। वहीं चुनाव के बाद पार्टी के महानगर इकाई की बैठक की पार्टी के केन्द्रीय सदस्य सह रांची महानगर संयोजक अन्तु तिर्की, केन्द्रीय सदस्य, जिला और महानगर के संयोजक डॉ हेमलाल कुमार मेहता और केन्द्रीय सदस्य, जिला के संयोजक अश्विनी शर्मा ने संयुक्त रूप से की। इस दौरान गठित वार्ड चार के समिति में राजेश मुंडा को समिति अध्यक्ष, कृष्णा मुंडा, साजिद अंसारी, सोनू कुमार सिंह, अर्जुन मिर्धा को उपाध्यक्ष, वार्ड 37 का अध्यक्ष बाकुन महली को, उपाध्यक्ष फलदेवन बड़ाईक बनाया गया। इसी तरह वार्ड नम्बर 38 में धनन्जय कुमार यादव उर्फ डीके यादव को अध्यक्ष, अमन कुमार, रोहित कुमार को उपाध्यक्ष, आलोक राज को सचिव, इसी क्रम में वार्ड नम्बर 40 में वार्ड अध्यक्ष राहुल कुमार को, उपाध्यक्ष शशी कुमार को मनोनित किया गया। वहीं वार्ड नम्बर 41 के अध्यक्ष लालु राज यादव, उपाध्यक्ष कृष्णा आदित्य सिंह, सोना लाल, राम राज को, सचिव, वार्ड नम्बर 42 का अध्यक्ष अविनाश प्रताप सिंह, उपाध्यक्ष उज्जवल कुमार को बनाया गया।

# झारखंड हाईकोर्ट का सख्त निर्देश- 72 घंटे के अंदर रिम्स परिसर से अतिक्रमण हटायें

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने बुधवार को रिम्स परिसर में हो रहे अतिक्रमण पर सख्त रुख अपनाते हुए सभी अतिक्रमणकारियों को 72 घंटे के भीतर स्वयं कब्जा हटाने का निर्देश दिया है। अदालत ने साफ कहा कि निर्धारित समय सीमा के बाद यदि अतिक्रमण नहीं हटाया गया, तो रांची के एसएसपी पर्याप्त पुलिस बल की मदद से अतिक्रमण हटवाने की कार्रवाई करें। चीफ जस्टिस तरलोक सिंह चौहान और जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद की पीठ ने यह आदेश ज्योति शर्मा एवं अन्य द्वारा दायर जनहित याचिकाओं पर सुनवाई के दौरान दिया। मामले की अगली सुनवाई 11 दिसंबर को निर्धारित की गयी है।

सुनवाई के दौरान झारखंड विधिक सेवा प्राधिकरण (झालसा) की ओर से पूर्व निरीक्षण के आधार पर रिपोर्ट कोर्ट में प्रस्तुत की गई। रिपोर्ट में रिम्स परिसर में अतिक्रमण, स्वच्छ पेयजल की कमी, दवाओं की अनुपलब्धता, मशीनों की खराब स्थिति और स्वच्छता संबंधी समस्याएं प्रमुख रूप से सामने आयीं। अदालत ने यह रिपोर्ट याचिकाकर्ता को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।

## कोर्ट के आदेशों के बाद भी सुधार न होने पर जतायी नाराजगी



याचिकाकर्ताओं की ओर से अदालत को बताया गया कि रिम्स की स्थिति अभी भी जमीनी स्तर पर सुधार नहीं दिख रही है। रिम्स जीबी की बैठकों में लिये गये फैसले समय सीमा के भीतर लागू नहीं किये जा रहे हैं। कोर्ट ने पहले दो माह में निर्णय लागू करने का आदेश दिया था, लेकिन अब तक कार्रवाई नहीं हुई। याचिकाकताओं का कहना था कि रिम्स प्रशासन और सरकार सिर्फ शपथपत्र दाखिल करने तक सीमित है, जबकि वास्तविक कार्यान्वयन नहीं हो रहा है। हाईकोर्ट ने इस पर नाराजगी व्यक्त करते हुए स्पष्ट किया कि यदि अब भी सुधार नहीं होता है, तो सीधी कार्रवाई की जायेगी।

## खबर एक नजर में

### नाबालिग के अपहरण के आरोपी को नहीं मिली बेल

**रांची।** न्यायायुक्त अनिल कुमार मिश्रा नंबर एक की अदालत ने एक नाबालिग के अपहरण और यौन शोषण के आरोप में गिरफ्तार सागर कुमार उर्फ सागर कुमार गुप्ता की नियमित जमानत अर्जी खारिज कर दी। आरोपी 6 नवंबर से न्यायिक हिरासत में है। अदालत ने आदेश में कहा कि प्राथमिकी और केस डायरी में आरोपी के खिलाफ सीधे और विशिष्ट आरोप हैं कि उसने 15 वर्ष छह माह की नाबालिग लड़की को बहला फुसलाकर अपहरण किया। जांच के दौरान पीड़िता के बयान में यौन संबंध बनाये जाने की बात सामने आई है। अदालत ने स्पष्ट किया कि नाबालिग की सहमति का कोई महत्व नहीं है।

### जालसाजी के आरोपी को नहीं मिली जमानत

**रांची।** सीआईडी मामले के विशेष न्यायाधीश कुलदीप की अदालत ने लगभग 110 करोड़ रुपए के कथित बैंक धोखाधड़ी मामले में गिरफ्तार कुशल बनर्जी को जमानत देने से इनकार किया है। आरोपी 4 अक्टूबर 2025 से न्यायिक हिरासत में है और उस पर झारखंड उर्जा उत्पादन निगम लिमिटेड के करीब 40.50 करोड़ रुपये फर्जी आरटीजीएस और जाली एफडी रसीद के माध्यम से गबन करने के आरोप हैं। अभियोजन के अनुसार आरोपी और उसके साथियों ने केंद्रीय बैंक, हिनू शाखा के एक कर्मचारी की मिलीभगत से फर्जी बैंक खाता खोलकर सरकारी विभागों के करोड़ों रुपए विभिन्न खातों में ट्रांसफर किया। अभियोजन ने आरोप लगाया कि कुशल बनर्जी एक संगठित आपराधिक गिरोह का सदस्य है।

# देर रात लोअर बाजार इलाके में चला जांच अभियान, अड्डेबाजों पर हुई कड़ी कार्रवाई



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** राजधानी को अपराध मुक्त बनाने के लिये रांची पुलिस अब अड्डेबाजी करने वालों पर शिकंजा कसना शुरु कर दी है। मंगलवार देर रात्री एक बजे से ढाई बजे तक मेन रोड और आसपास के इलाकों में लोअर बाजार थाना प्रभारी रणविजय शर्मा के नेतृत्व में जांच अभियान चलाया गया। थाना प्रभारी ने आधी रात को स्वयं टीम के साथ कांटाटोली, कर्बला चौक, पथलकुदुवा समेत कई संवेदनशील क्षेत्रों में गश्त कर स्थिति का जायजा लिया। अभियान के दौरान सड़क किनारे अड्डेबाजी करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की गई। साथ ही देर रात ड्रंक-ड्राइविंग के खिलाफ भी पुलिस ने सख्त रवैया अपनाया। बता दें कि इस अभियान के दौरान कुछ लोगों में नाराजगी भी दिखी। थाना प्रभारी ने लोगों से सहयोग करने की बात कही।

## भाजपा नेता ने एचईसी प्रबंधन को लिखा पत्र, कहा

# ठेका कर्मियों को रविवार सहित पूरे माह का वेतन भुगतान हो

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भाजपा नेता विनय जायसवाल ने एचईसी के निदेशक कार्मिक को पत्र लिखकर ठेका कर्मियों को रविवार सहित पूरे माह का वेतन देने की मांग की है। उन्होंने कहा है कि सप्लाई कर्मी एचईसी के उत्पादन में अहम भूमिका निभाते आये है। फिर भी सप्लाई कर्मियों को लगातार परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। प्रबंधन इनकी सुविधा में कटौती कर रही है। इससे सप्लाई कर्मियों के साथ अन्याय हो रहा है। पिछले दिनों सप्लाई कर्मियों के मुद्दे पर आपसे वार्ता हुई थी जिसमे आपने कुछ विषय पर



सहमति जताते हुये जल्द से जल्द लागू करने की बात कही थी। सभी नये ठेकेदार से जो सप्लाई कर्मी का वेतन बकाया है उसे तुरंत दिया जाना चाहिये। उन्होंने कहा कि एक वर्ष में 18 दिन ईएल दिया जाये। टेंडर प्रक्रिया जल्द शुरू किया जाये। सप्लाई कर्मियों को बकाया प्रमोशन दिया जाये।

# देर रात पाबलो रेस्टोरेंट एंड हुक्का बार में छापा, संचालक सहित दो पर प्राथमिकी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** राजधानी के कोतवाली थाना अंतर्गत लालजी हिरजी रोड स्थित पाबलो रेस्टोरेंट एंड हुक्का बार में पुलिस के द्वारा देर रात छापेमारी की गई। पुलिस के पहुंचते ही रेस्टोरेंट में अफरा-तफरी मच गई। इस कार्रवाई में पुलिस ने करीब एक दर्जन से अधिक लोगों को हिरासत में लिया है। सूत्रों के अनुसार एसएसपी को सूचना मिली थी कि रेस्टोरेंट परिसर में अवैध तरीके से हुक्का बार संचालित किया जा रहा है और वहीं शराब, हुक्का, और तेज गति डीजे बजाया जा रहा है। साथ ही नशे का सेवन भी कराया जाता है। इसी सूचना के आधार पर कोतवाली डीएसपी की नेतृत्व में




पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच की और संदिग्ध गतिविधियों में शामिल लोगों को पकड़ा। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है ।

इस मामले में कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय ने बताया कि रेस्टोरेंट के संचालक प्रकाश गुप्ता और प्रियांश गुप्ता पर देर रात तक अवैध हुक्का बार व शराब का संचालन करने और डीजे बजाने के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज किया गया है। पुलिस की कार्रवाई जारी है।

# टैक्स विशेषज्ञों को डिजिटल परिवर्तन में योगदान के लिए किया सम्मानित




**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** बिजनेस ऑटोमेशन सॉफ्टवेयर कंपनी टैली सॉल्यूशंस ने रांची के टैक्स और अकाउंटिंग पेशेवरों को माइक्रो, स्मॉल और मीडियम एंटरप्राइजेज में तकनीक अपनाने को बढ़ावा देने के लिये सम्मानित किया। जीएसटी प्रैक्टिशनर्स, अकाउंटेंट्स, टैक्स एडवोकेट्स और अन्य विशेषज्ञों के उत्कृष्ट कार्य को मान्यता देते हुये टैली सॉल्यूशंस ने टैक्स एंड अकाउंटिंग टाइटन्स कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अवसर पर तीन श्रेणियों में 21 उत्कृष्ट पेशेवरों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में 100 से अधिक टैक्स पेशेवर शामिल हुये। इस पहल के अंतर्गत सम्मान तीन श्रेणियों में प्रदान किये गये। इस अवसर पर अर्चन मुखर्जी ने कहा कि रांची के टैक्स और अकाउंटिंग समुदाय के उल्लेखनीय योगदान का जश्न मनाते हुये अत्यंत प्रसन्नता हो रही है। तकनीक अपनाने की उनकी प्रतिबद्धता ने एमएसएमई को चुनौतियों को पार करने और आज के निरंतर बदलते व्यापारिक वातावरण में सफल होने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

## मोरहाबादी स्थित आर्यभट्ट सभागार में जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित

# डीसी और एसएसपी ने आंदोलनकारियों को प्रतीकात्मक रूप से सौंपा प्रमाण पत्र

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** रांची में झारखंड आंदोलनकारियों को सम्मानित करने के लिए बुधवार को जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। मोरहाबादी स्थित आर्यभट्ट सभागार में हुए इस समारोह में तीन हजार से ज्यादा अधिसूचित आंदोलनकारियों को प्रमाण पत्र प्रदान किये गये। कार्यक्रम का उद्देश्य राज्य निर्माण में योगदान देने वाले आंदोलनकारियों को पहचान और सम्मान देना था।

समारोह में डीसी मंजूनाथ भजंत्री



और एसएसपी राकेश रंजन मौजूद रहे। दोनों अधिकारियों ने विशिष्ट आंदोलनकारियों को प्रतीकात्मक रूप से प्रमाण पत्र सौंपा और राज्य सरकार की ओर से आभार व्यक्त किया। डीसी ने अपने कहा कि झारखंड आंदोलनकारी राज्य निर्माण की नींव हैं। उनके योगदान को हमेशा सम्मान से याद किया जायेगा। उन्होंने बताया कि आंदोलनकारियों की सामाजिक सुरक्षा और अधिकारों की रक्षा के लिए सरकार लगातार काम कर रही है। डीसी मंजूनाथ भजंत्री ने आगे कहा कि आंदोलनकारियों का संघर्ष ही झारखंड राज्य की पहचान है। उन्होंने उम्मीद जताई कि आंदोलनकारी आगे भी जिले और राज्य के विकास में सक्रिय योगदान देते रहेंगे। कार्यक्रम के दौरान अपर जिला दंडाधिकारी (विधि व्यवस्था) राजेश्वरनाथ आलोक, नजारत उपसमाहर्ता सुदेश कुमार समेत कई विभागीय अधिकारी और कर्मचारी मौजूद थे।

# रांची विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार से मिला आदिवासी छात्र संघ



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** रांची विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार से आदिवासी छात्र संघ का प्रतिनिधि-मंडल बुधवार को मिला। प्रतिनिधि-मंडल ने पी.जी. कुडुख विभाग के विभागाध्यक्ष बंदे खलखो द्वारा विभागीय अधिकारों के दुरुपयोग, अनियमित पत्र निर्गमन तथा उच्च शिक्षा निदेशालय की आधिकारिक बैठक में अनधिकृत प्रवेश किए जाने के संबंध में गंभीर शिकायतें प्रस्तुत करते हुए लिखित मेमोरेंडम सौंपा। प्रतिनिधि-मंडल ने विश्वविद्यालय प्रशासन के समक्ष कई मांगों को रखा। मौके पर सुमित उराँव केंद्रीय मीडिया प्रभारी आदिवासी छात्र संघ, मनोज उराँव अध्यक्ष राँची विश्वविद्यालय इकाई, विवेक तिर्की अध्यक्ष डीएसपीएमयू इकाई ,प्रकाश भगत यदुवंश आदिवासी कॉलेज, छात्रावास छात्र प्रमुख अमित तिग्गा, शिव उराँव, दिनेश उराँव तथा अन्य छात्र एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# पुलिस व्यवसायी समन्वय समिति की बैठक में जाम की समस्या को लेकर चर्चा

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** फेडरेशन ऑफ झारखण्ड चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज द्वारा पुलिस-व्यवसायी समन्वय समिति की बैठकों की कड़ी को आगे बढ़ाते हुए बुधवार को डेली मार्केट थाना में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में थाना प्रभारी रवि कुमार सिंह, सब इंस्पेक्टर (यातायात) पवन कुमार सहित थाना क्षेत्र के बड़ी संख्या में व्यवसायी उपस्थित थे। बैठक का उद्देश्य पुलिस और व्यवसायी वर्ग के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करना तथा क्षेत्र की विधि-व्यवस्था से संबंधित समस्याओं एवं सुझावों पर विस्तृत चर्चा करना था। बैठक में मेन रोड की विभिन्न गलियों जैसे ओसीसी कंपाउंड, एस.एन. गांगुली रोड, श्री विष्णु गली और लालजी हिरजी रोड में ठेले-खोमचों एवं ई-रिक्शा के कारण उत्पन्न जाम की समस्या पर विशेष रूप से चर्चा की गई। चैम्बर अध्यक्ष आदित्य मल्होत्रा ने सड़कों पर व्यापारिक गतिविधियों के कारण शहर की छवि पर पड़ने वाले नकारात्मक प्रभाव पर चिंता व्यक्त की और कहा कि इस विषय पर नगर प्रशासक से शीघ्र वार्ता की जाएगी। बैठक में पूर्व अध्यक्ष कुणाल अजमानी ने कहा कि मेन रोड, हनुमान मंदिर के पास लगनेवाले जाम की समस्या के समाधान के लिए मंदिर समिति तत्पर है। नगर निगम और ट्रैफिक पुलिस के साथ संयुक्त बैठक कर एक समाधान निकाला जा सकता है। मंदिर समिति प्रशासन के दिशा निर्देश में बगल में स्थित पार्किंग से भी मंदिर का गेट खोलने के लिए तैयार है जिससे मुख्य सडक पर यातायात सुगम हो सके। उन्होंने श्रद्धांलुओं की सुविधा हेतु टैक्सी स्टैंड में पार्किंग की व्यवस्था करने की बात भी कही। उनके सुझाव पर थाना प्रभारी ने स्थल पर जाकर व्यवस्था का जायजा लिया और हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया। बैठक में कार्यकारिणी सदस्य अनीश बुधिया, पूर्व महासचिव प्रदीप जैन, सदस्य पूनम आनंद, प्रेम मित्तल और बिनोद टेकरीवाल ने भी अपने विचार साझा किये। लॉ एंड ऑर्डर उप समिति के चेयरमैन मुकेश अग्रवाल ने कहा कि मेन रोड और आसपास के इलाकों में ट्रैफिक जाम, अतिक्रमण और असामाजिक तत्वों की समस्याएं व्यापारियों और आम नागरिकों दोनों के लिए चुनौती बनी हुई हैं। इन मुद्दों के समाधान के लिए पुलिस, नगर निगम और व्यवसायी समाज तीनों का बेहतर तालमेल आवश्यक है। आज की बैठक में उठे सुझावों पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्ति कराने के लिए चैंबर पूरी गंभीरता से प्रयास करेगा। बैठक में कोषाध्यक्ष अनिल अग्रवाल, सदस्य मुकेश पांडेय, शशांक भरद्वाज, राजीव चौधरी, लक्ष्मण कुमार, नितेश गुप्ता, चंद्र प्रकाश जैन, राकेश बुधिया, राजेंद्र प्रसाद, एसपीसिंह, इस्लाम साजिद, मो अख्तर, असफाक अहमद, मो शमीम, मो ताकीद, मो नसीम, साजिद उमर, मो फिरोज के अलावा मेन रोड व्यवसायी संघ, डेली मार्केट दुकानदार संघ के सदस्य उपस्थित थे।

# मंगल पाठ एवं भजन संध्या में झूमे श्रीधोली सती दादी के भक्त

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** सर्राफ भवन काली मंदिर रोड डोरंडा स्थित मनोज सर्राफ के आवास पर बुधवार को श्री धोली सती दादी जी का महोत्सव अत्यंत श्रद्धा-भाव से सम्पन्न हुआ। पूरा परिसर दादी जी के जयकारों, भजनों और दिव्य आस्था से सराबोर रहा। भक्तों की बड़ी उपस्थिति के बीच महोत्सव भक्ति तथा संस्कृति की अनूठी छटा प्रस्तुत करता रहा।

कार्यक्रम का शुभारंभ मनोज सर्राफ ने अपनी धर्मपत्नी उर्मिला सर्राफ के साथ विधिवत पूजा-अर्चना, वैदिक मंत्रोच्चार, अखंड ज्योत प्रज्वलन एवं भोग अर्पण कर किया। दंपति ने दादी जी से परिवार, समाज तथा राष्ट्र की सुख-समृद्धि का आशीर्वाद मांगा। महोत्सव के मुख्य आकर्षणों में दादी जी का भव्य, नयनाभिराम एवं अलौकिक श्रृंगार विशेष रहा। लाल-पीले आभूषणों, चमचमाते परिधानों, पुष्पमालाओं और रजत कलशों से सजी दादी जी की प्रतिमा दर्शनीय थी। भक्तों ने दर्शन कर आत्मिक शांति का अनुभव किया। श्रृंगार के उपरांत प्रसाद महाभोग का आयोजन किया गया, जिसमें छप्पन भोग, फल, मेवे, मिठाइयां एवं पारंपरिक व्यंजन अर्पित किए गए। अखंड ज्योत पूरे कार्यक्रम के दौरान प्रज्ज्वलित रही, जिसे शुभता और शक्ति का प्रतीक माना जाता है।

कार्यक्रम का विशेष आकर्षण रहा मंगल पाठ व भजन-कीर्तन, जिसमें श्री धोली सती दादी महिला समिति की सदस्यों शशि सर्राफ, शारदा पोद्दार एवं सविता सर्राफ ने अपनी मधुर वाणी से आध्यात्मिक वातावरण को और अधिक भव्य बना दिया।

इस अवसर पर राम नारायण सर्राफ, गीता देवी सर्राफ, उर्मिला सर्राफ, शशि सर्राफ, मंजू सर्राफ, मधु सर्राफ, कान्ता सर्राफ, अनुराधा सर्राफ, करुणा बागला, संचिता सर्राफ, सुनीता सर्राफ, सविता सर्राफ, मनीषा सर्राफ, शारदा पोद्दार सहित बड़ी संख्या में दादी भक्त उपस्थित थे। यह जानकारी श्री धोली सती दादी प्रचार समिति के प्रवक्ता संजय सर्राफ ने दी।

## पत्रकार रत्न सम्मान अवॉर्ड 2025 से युवा पत्रकार आदिल रशीद सम्मानित



खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। शहर के युवा पत्रकार आदिल रशीद को इंडियन जर्नलिस्ट एसोसिएशन की ओर से बुधवार को सम्मानित किया गया। इंडियन जर्नलिस्ट एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष देवानंद सिन्हा और राष्ट्रीय सचिव मधु सिन्हा ने संयुक्त रूप से उन्हें सम्मानित किया। पत्रकारिता के क्षेत्र में बहुत कम समय में अपना एक अलग पहचान रखने वाले सरल स्वभाव और सामाजिक कार्यों में भी आगे रहने वाले युवा पत्रकार मो आदिल रशीद को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पत्रकार मो.आदिल रशीद के अलावा जमीयत उलेमा झारखंड के महासचिव हाजी शाह उमैर, पत्रकार गुलाम शाहिद, पत्रकार हाफिज दानिश अयाज शिबली, पत्रकार मो. इमरान, पत्रकार मुकर्रम हयात, पत्रकार रशीद इमरान, पत्रकार संजीत कुमार दीपक को भी स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

## आश्रम में सेवा की भावना प्रेरणादायी समाज को बनाते हैं मजबूत : गोपाल शर्मा

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के झारखंड प्रांतीय प्रचारक गोपाल शर्मा तथा समाजसेवी एवं व्यवसायी पंकज पोद्दार ने श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट द्वारा संचालित पुंदाग, रांची स्थित झारखंड के सबसे विशाल श्री राधा कृष्ण प्रणामी मंदिर एवं सद्गुरु कृपा अपना घर आश्रम का भ्रमण किया। उनके आगमन पर मंदिर परिसर में हार्दिक स्वागत किया गया। मंदिर के पुजारी पंडित अरविंद पांडे ने दोनों अतिथियों को अंगवस्त्र ओढ़ाकर एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। उन्होंने मंदिर परिसर की भव्यता आध्यात्मिक शांति और सुव्यवस्थित व्यवस्था की सराहना की। अतिथियों ने गर्भगृह में दर्शन कर पूजा-अर्चना की तथा ट्रस्ट द्वारा संचालित विभिन्न धार्मिक एवं सामाजिक गतिविधियों की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। भ्रमण के क्रम में गोपाल शर्मा एवं पंकज पोद्दार सद्गुरु कृपा अपना घर आश्रम पहुंचे, जहां उन्होंने आश्रम में रह रहे दिव्यांग एवं निराश्रित जनों से मिलकर उनका हालचाल जाना। अतिथियों ने आश्रम द्वारा प्रदान की जा रही सुविधाओं-निःशुल्क भोजन, आवास, उपचार, देखभाल एवं पुनर्वास प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि यहां सेवा की जो भावना दिखाई देती है, वह समाज के लिए प्रेरणादायी है। उन्होंने ट्रस्ट सदस्यों एवं सेवकों के समर्पण को विशेष रूप से प्रशंसनीय बताया। भ्रमण के उपरांत गोपाल शर्मा ने कहा कि ऐसे सेवा कार्य ही समाज को मजबूत बनाते हैं। उन्होंने ट्रस्ट को भविष्य में हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया और अधिक से अधिक लोगों को इस सेवा से जुड़ने की प्रेरणा दी।

## दो महीने से इंतजार और कार्रवाई शून्य, छात्रों ने घेरा परीक्षा नियंत्रक दफ्तर

रांची। रांची विश्वविद्यालय के अंतर्गत विभिन्न कॉलेजों के चौथे सेमेस्टर के छात्रों को पर्यावरण अध्ययन विषय में 1-2 अंकों की कमी से फेल किए जाने के मुद्दे ने जोर पकड़ लिया है। दो महीने पहले छात्रों ने विश्वविद्यालय प्रशासन से कॉपियों की दोबारा जांच की मांग करते हुए मुलाकात की थी। प्रशासन ने उस समय आश्वासन दिया था कि कॉपियों की पुनर्मूल्यांकन कर अंकों को सही किया जाएगा। लेकिन निर्धारित समय बीत जाने के बावजूद जब कोई कार्रवाई नहीं हुई, तो राम लखन सिंह यादव कॉलेज, रांची वीमेंस कॉलेज, डोरंडा कॉलेज सहित अन्य कॉलेजों के छात्र फिर से विश्वविद्यालय पहुंचे और अपनी समस्या दोबारा प्रशासन के सामने रखी।

## टर्किश एयरलाइंस ने लॉन्च की स्मार्ट टैग्ड बैगेज सर्विस

रांची। टर्किश एयरलाइंस ने स्मार्ट टैग्ड बैगेज सर्विस शुरू की है। इससे यात्री अपने सामान को वास्तविक समय में ट्रैक कर पायेंगे। इस सेवा में यात्री स्मार्टथिंग्स फाइंड और गैलेक्सी स्मार्टटैग का उपयोग कर सकते हैं। इससे गलत जगह पहुँचने या देर से मिलने वाले सामान की पहचान तेज और आसान हो जायेगी। यह पहल टर्किश एयरलाइंस को दुनिया भर में बैगेज ट्रैकिंग में अग्रणी बनाती है। यात्री ऐप में अपने बैग की तस्वीर भी अपलोड कर सकते हैं। टर्किश एयरलाइंस के सीआईटीओ केरेम किज़िलतुंच ने इसे डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन की दिशा में बड़ा कदम बताया। उन्होंने कहा कि एयरलाइन हमेशा यात्रियों की सुविधा और अनुभव को प्राथमिकता देती है।

### आगमन का पुण्यकाल

## आगमन केवल बाहरी सजावट नहीं आध्यात्मिक तैयारी का समय है

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** बरियातु कैथोलिक महिला संघ की आनंदी किरण एक्का ने बताया कि आगमन काल वर्ष के सबसे पवित्र और आनंदमय अवधि में से एक है। प्रभु के जन्मोत्सव से पहले करीब 25 दिनों तक कैथोलिक कलीसिया आगमन काल मनाती है। ये आगमन काल प्रभु के तैयारी का समय है। जहां हम अपने आपको जांचें परखें कि क्या हम सचमुच तैयार हैं। क्या प्रभु के स्वागत के लिए हमें जिन चीजों की जरूरत है क्या वो सारी चीजें हमारे पास हैं। क्या हमारे अंदर विश्वास है, भरोसा है। प्रेम है पवित्रता है आपसी एकता है, मेल-मिलाप है, क्या हममें क्षमा करने की शक्ति है। यह आगमन काल स्वयं को जांचने-परखने का अवसर हमें प्रदान करता है। हम अपने आपको जांचें-परखें और जो हममें कमियां हैं उन कमियों को अपने जीवन से दूर करने का प्रयास करें और ईश्वरीय अच्छाइयों को अपनाने का प्रयास करें। इस आगमन काल को खास बनाने के लिए हमें कुछ बातों पर ध्यान देने की आवश्यकता है। हम प्रतिदिन वचन पढ़ें अर्थात प्रभु के लिए समय दें और अपने जीवन में ईमानदार रहें, हर बातों पर चाहे वो अपना कार्य हो या रिश्ते कलीसिया हमारे लिए आगमन काल को इसलिए भी निर्धारित करती है कि हम इसी बहाने खुद में नवीनीकरण ला सकें और शुद्ध मन से बालक येसु को अपने जीवन में ग्रहण कर सकें और यदि हम ऐसा नहीं कर सकते हैं तो क्रिसमस यूहीं आकर चला जायेगा हमें कोई आंतरिक सुख नहीं मिलेगा।

## संत जेवियर्स महाविद्यालय ने संत फ्रांसिस जेवियर पर्व मनाया



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** संत जेवियर्स महाविद्यालय में बुधवार को संत फ्रांसिस जेवियर की याद में पर्व मनाया गया। इस मौके पर कॉलेज के प्राध्यापक, शिक्षकेत्तर कर्मी और छात्रों ने पवित्र मिस्सा अनुष्ठान में भाग लिया। रांची प्रोविंस के प्रोविंसयल सह कॉलेज के चेयरमैन डॉ फादर अजीत कुमार खेस मुख्य अनुष्ठाता के तौर पर उपस्थित हुए। उन्होंने मिस्सा उपरांत लोगों को संत फ्रांसिस जेवियर का संघर्ष व परिश्रमी जीवन को उल्लेखित करते हुए बताया कि वर्ष 1542 में ईश्वर के वचन का प्रसार करने के लिए भारत आए और मिशन पर कार्य करने लग गए। इस दौरान उन्होंनें कई लोगों के जीवन के लिए निःस्वार्थ भावना से काम किया। फादर खेस ने संत फ्रांसिस जेवियर के गुणों को आत्मसात करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन कॉलेज में कार्यरत फादरों ने किया। मौके पर रेक्टर डॉ फादर सुधीर मिंज, एसजे, उप-प्राचार्य डॉ फादर अजय अरुण मिंज, एसजे, रजिस्ट्रार डॉ फादर प्रभात केनेडी सोरेंग, एसजे, डॉ फादर फ्लोरेंस पूर्ति, एसजे, बर्सर फादर रवि हेमंत कुजूर, एसजे, डॉ फादर अजय अनिल तिर्की, एसजे, फादर संजय केरकेट्टा, एसजे व फादर और मसीही उपस्थित रहे।

## झारखंड जूनियर थ्रोबॉल टीम बदलापुर रवाना

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड राज्य थ्रोबॉल संघ द्वारा चयनित बालक एवं बालिका टीम 35वीं जूनियर नेशनल थ्रोबॉल चैंपियनशिप में भाग लेने हेतु बुधवार को बदलापुर (महाराष्ट्र) के लिए रवाना हो गई। यह प्रतियोगिता 05 से 07 दिसंबर तक सेंट एंथनी हाई स्कूल, बदलापुर में होगी। प्रतियोगिता का आयोजन थ्रोबॉल एसोसिएशन ऑफ महाराष्ट्र एवं थ्रोबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के संयुक्त तत्वावधान में किया गया है। बालिका टीम में प्रमीला सोरेन, संजना हेम्ब्रम, सुनीता सोरेन, चुरमनी टुडू, मालाबती टुडू, सुनीया हांसदा, जीरमनी हांसदा, ललिता बास्के, पूर्णिमा मुर्मू, कुनामी मुर्मू, श्यामोली महतो, सुरभि सिंह, वर्षा कुमारी, कौशल्या कुमारी, अंकिता कुमारी कोचः सुश्री सुकांता कुंडू, मैनेजरः अबोध राम एवं बालक टीम में उज्ज्वल कुमार, जय कुमार, आयुष राज, विशाल कुमार, ओम कुमार, रितेश कुमार, रवि कुमार, अर्जुन लकड़ा, अर्जुन टुडू, विवेक लोहड़ा, दीपक कुमार, अंशुमान कुमार, दामोदर कुमार, मोहम्मद आदिल, अदनान, कोचः दीपक कुमार, मैनेजर विश्वजीत कुमार शामिल किए गए हैं जो झारखंड का प्रतिनिधित्व करेंगे। झारखंड राज्य थ्रोबॉल संघ के अध्यक्ष वेदांत कौस्तव ने कहा है कि हमारे युवा खिलाड़ी झारखंड की खेल प्रतिभा का गौरव हैं। संघ के सचिव राजेश कुमार ने कहा कि टीम ने कड़ी मेहनत की है। टीम को अच्छे प्रदर्शन हेतु डॉ. राजेश गुप्ता, गोविंद झा, राजेश कुमार, जमील अंसारी, आशुतोष गोस्वामी, विश्वास उरांव, गौतम सिंह, नगीना कुमार, कीर्ति कुमार, सोनू सिंह, देवव्रत कुमार, डॉ. मनीष शाहदेव, राकेश कुमार, नीतीश सिंह, अमित कुमार, दीपक वर्मा आदि ने शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

## गोस्सनर थियोलॉजिकल कॉलेज में खेल सप्ताह का शुभारंभ

**रांची।** गोस्सनर थियोलॉजिकल कॉलेज में वार्षिक खेल सप्ताह का शुभारंभ बुधवार को उत्साहपूर्वक हुआ। इस अवसर पर ऑल आदिवासी सेक्रेटेरिएट सर्विस एसोसिएशन के अध्यक्ष विवेक आनंद बास्के मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। इस अवसर पर राजा हांसदा, मणि कंचन मिंज, अर्चना कुसुम एक्का भी शामिल थीं। श्री बास्के ने खेल ज्योति प्रज्वलित कर एवं गुब्बारे छोड़कर खेल सप्ताह का औपचारिक शुभारंभ किया। उन्होंने शांति, एकता और खेल भावना का संदेश देते हुये विद्यार्थियों को मेहनत, अनुशासन, नेतृत्व और टीमवर्क की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि श्खेल केवल शारीरिक क्षमता नहीं बढ़ाते बल्कि जीवन में सकारात्मक दृष्टिकोण और नेतृत्व को भी मजबूत बनाते हैं। कार्यक्रम के अंत में गोस्सनर थियोलॉजिकल कॉलेज के प्रधानाचार्य रेव्ह सीएसए केरकेट्टा ने मुख्य अतिथि एवं उपस्थित सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

## कायस्थ महासभा प्रदेश महिला इकाई ने लगाया स्वास्थ्य जांच एवं रक्तदान शिविर

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** देश के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद की जयंती के अवसर पर अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के प्रदेश महिला प्रकोष्ठ की ओर से रांची के अशोक नगर स्थित महेश्वरी बालिका उच्च विद्यालय में एक दिवसीय स्वास्थ्य जांच एवं रक्तदान शिविर का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समाजसेवा और स्वास्थ्य जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक पहुंचे और सक्रिय सहभागिता की। कार्यक्रम में राष्ट्रीय कार्यवाहक अध्यक्ष मुकेश कुमार, प्रदेश महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष नीतू सिन्हा, कोषाध्यक्ष शिखा प्रिया सहित महासभा के विभिन्न प्रकोष्ठों के पदाधिकारी एवं सदस्य मौजूद रहे।

शिविर में क्षेत्र के कई लोगों ने निःशुल्क स्वास्थ्य जांच कराई और विशेषज्ञ चिकित्सकों से परामर्श प्राप्त किया। साथ ही, बड़ी संख्या में लोगों ने रक्तदान कर समाजसेवा की मिसाल पेश की। स्वास्थ्य जांच और रक्त संग्रह का जिम्मा नागरमल मोदी सेवा सदन की अनुभवी चिकित्सक टीम ने संभाला। कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय कार्यवाहक अध्यक्ष मुकेश कुमार ने कहा कि महासभा द्वारा समय-समय पर ऐसे आयोजन किए जाते हैं, जो समाज में सकारात्मक संदेश फैलाते हैं और संगठन को लोगों से जोड़ते हैं। उन्होंने महिला प्रकोष्ठ की सक्रियता की सराहना करते हुए कहा कि महिला प्रकोष्ठ निरंतर समाजहित में उत्कृष्ट कार्य कर रहा है और महासभा की गतिविधियों को मजबूती प्रदान कर रहा है।

महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष नीतू सिन्हा ने कहा कि ऐसे आयोजनों से न सिर्फ समाज को लाभ मिलता है, बल्कि महासभा के सदस्यों को बेहतर कार्य करने की प्रेरणा भी मिलती है। उन्होंने सभी सदस्यों एवं सहयोगी संस्थाओं का धन्यवाद किया।

## दुष्कर्म के आरोपी को दोषी करार

**रांची।** किशोरी के साथ दुष्कर्म करने के आरोप में जेल में रहकर ट्रायल फेस कर रहा अभियुक्त सोनाहातू थाना क्षेत्र निवासी नव किशोर सिंह मुंडा उर्फ मनीष किशोर उर्फ नाबो को पोक्सो एक्ट के विशेष न्यायाधीश बीके श्रीवास्तव की अदालत ने बुधवार को दोषी करार दिया है। साथ ही, उसकी सजा के बिंदु पर सुनवाई के लिये 5 दिसंबर की तारीख निर्धारित की है। अभियुक्त 14 नवंबर 2023 से लगातार जेल में ही है। पीड़िता ने उसके खिलाफ सोनाहातू थाना में नाबालिग का लगातार यौन शोषण करने, आपराधिक धमकी देने समेत अन्य आरोप में नवंबर 2023 में प्राथमिकी दर्ज कराई है। प्राथमिकी घटना के 10 महीने बाद दर्ज कराई गई। सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष की ओर से पीड़िता समेत 10 गवाहों को प्रस्तुत किया गया। इसके बयानों के आधार पर अभियुक्त को गंभीर यौन शोषण का आरोप पाते हुए दोषी करार दिया है।

## इंस्पेक्टर सुनील कुमार कुशवाहा ने किया पदभार ग्रहण



**रांची।** सुखदेव नगर थाना के नये थानेदार के रूप में बुधवार को इंस्पेक्टर सुनील कुमार कुशवाहा ने पदभार ग्रहण किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि क्षेत्र में अपराध पर नियंत्रण करने के साथ ही महिलाओं की सुरक्षा उनकी प्राथमिकता रहेगी। क्षेत्र के लोगों को थाना स्तर से न्याय मिले इसका पूरा प्रयास रहेगा। वहीं परिवारिक मामलों पर काउंसिलिंग करने के साथ ही आवश्यक होने पर फौरन प्राथमिकी दर्ज की जायेगी।

# सेल, सेट में गुणवत्ता माह समापन समारोह का आयोजन

- गुणवत्ता माह के दौरान आयोजित प्रतियोगिताओं के विजेताओं को प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार देकर किया गया सम्मानित

खबर मन्त्र संवाददाता





**रांची।** सेल, सेट में नवम्बर माह को गुणवत्ता माह के रूप में मनाया गया। इस दौरान गुणवत्ता के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से पूरे माह भर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इसी क्रम में दिनांक 13 नवंबर 2025 को श्रवण कुमार वर्मा, ईडी (सेट) के द्वारा गुणवत्ता झंडोत्तोलन किया गया। तत्पश्चात सेट के सभी उपस्थित कार्मिकों को गुणवत्ता शपथ दिलाई गई। गुणवत्ता माह के दौरान विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इसी क्रम में दिनांक 03 दिसंबर 2025 को श्रवण कुमार वर्मा, ईडी (सेट) की अध्यक्षता में गुणवत्ता माह के समापन समारोह का औपचारिक आयोजन किया गया। इसमें सेट रांची के सभी मुख्य महाप्रबंधक, विभागाध्यक्ष, पुरस्कार विजेता आदि उपस्थित थे। सेट रांची के अन्य सभी कार्मिक तथा सेट के सभी उपकेन्द्रों के कार्मिकों ने ऑनलाइन माध्यम से जुड़कर कार्यक्रम में भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन प्रमोद कुमार, सहायक प्रबंधक (व्यापार उत्कृष्टता एवं आईपीएसएस) के द्वारा किया गया।

उक्त समारोह में गुणवत्ता माह के दौरान आयोजित गुणवत्ता नारा और ई-बैनर/ ई- पोस्टर प्रतियोगिताओं के विजेताओं को श्रवण कुमार वर्मा, ईडी (सेट) एवं उपस्थित मुख्यमहाप्रबंधक गण द्वारा प्रमाण पत्र एवं उचित पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। गुणवत्ता नारा प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार मो. आलम, द्वितीय पुरस्कार शौर्यम चतुर्वेदी और तृतीय पुरस्कार सायन पॉल को मिला। गुणवत्ता ई-बैनर /ई-पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार नरेंद्र कुमार जैन, द्वितीय पुरस्कार श्रीमती सुजाता सुमन एवं तृतीय पुरस्कार सुमन कल्याण मेहर को मिला। निर्णायक मंडली के सदस्य संजय कुमार, मुख्य महाप्रबंधक तथा गणेश कुमार, महाप्रबंधक को भी प्रविष्टियों के मूल्यांकन के लिए धन्यवाद किया गया। पूरे कार्यक्रम का आयोजन एवं संचालन प्रमोद कुमार, स.प्र.(बीई एवं आईपी एसएस) के द्वारा अभय कुमार, महाप्रबंधक एवं विभागाधायक्ष (बीई एवं आईपीएसएस) के नेतृत्व संयोजन में तथा तथागत घोष, मुख्य महाप्रबंधक (बीई एवं आईपीएसएस एवं कच्चा माल प्रभाग) के मार्गदर्शन में और प्रशासन और सीएंडआईटी विभाग के सहयोग से किया गया।

## साईं नाथ विश्वविद्यालय के डिप्लोमा इन मैकानिकल इंजीनियरिंग के 25 छात्रों का ओरियंट क्राफ्ट में चयन

खबर मन्त्र संवाददाता




**रांची।** साईं नाथ विश्वविद्यालय के डिप्लोमा इन मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभा के 25 प्रतिभाशाली छात्रों का चयन प्रतिष्ठित औद्योगिक प्रतिष्ठान ओरियंट क्राफ्ट रांची में हुआ है। यह उपलब्धि विद्यार्थियों की तकनीकी दक्षता, परिश्रम और विश्वविद्यालय के उद्योग-सम्बद्ध प्रशिक्षण मॉडल का परिणाम है। कैंपस सिलेक्शन प्रक्रिया में ओरियंट क्राफ्ट के एचआर रवि भूषण की उपस्थिति ने चयन प्रक्रिया को और भी पारदर्शी व पेशेवर बनाया। उन्होंने छात्रों के तकनीकी कौशल, व्यावहारिक समझ और औद्योगिक वातावरण में अनुकूलन क्षमता की सराहना की। चयनित छात्रों को तीन लाख रुपए प्रति वर्ष का वार्षिक वेतन पैकेज प्रदान किया गया है। यह चयन कम्पनी द्वारा विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित कैम्पस प्लेसमेंट ड्राइव के माध्यम से हुआ, जिसमें विद्यार्थियों ने तकनीकी परीक्षा और साक्षात्कार में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति- प्रो. (डॉ) एसपी अग्रवाल ने छात्रों को बधाई दी। कैम्पस प्लेसमेंट ड्राइव के सफल संचालन में इंजीनियरिंग विभाग के प्राचार्य डॉ अहसन रब्बानी, प्लेसमेंट सेल के डायरेक्टर- डॉ वीरेन्द्र गोस्वामी, सहायक कुलसचिव सुबोध सिन्हा, विभागाध्यक्ष एनुल हक आदि का सराहनीय योगदान रहा।

# बेड़ो में बंद पड़ा सरकारी कोल्ड स्टोर का भवन हुआ जर्जर, किसानों के हित में दोबारा हो चालू



बेड़ो में बंद पड़ा कोल्ड स्टोर हो रहा जर्जर।





कोल्ड स्टोर के अंदर के मशीन हो रहे हैं खराब।

**राजू कुमार सिंह**

**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड में रोजगार और किसानों को मुनाफा देने वाला कोल्ड स्टोर शीतल गृह पिछले कई वर्षो से बंद पड़ा है। जिससे कोल्ड स्टोर का भवन जर्जर हो चुका है। इसके बंद होने से किसानों को अपनी सब्जियां और अन्य उपज बचाने में मुश्किल हो रही है। यह कोल्ड स्टोरेज कभी क्षेत्र के किसानों के लिए बड़ी सहूलियत था। किसान अपनी उपज को यहां सुरक्षित रखते थे, जिससे उन्हें बाद में अच्छी कीमत मिलती थी। लेकिन यह कोल्ड स्टोरेज बंद हो गया, जिससे किसानों के सामने एक बड़ा संकट खड़ा हो गया है। किसानों का कहना है कि कोल्ड स्टोर पुनः चालू हो जाए तो किसानों को इस कोल्ड स्टोरेज से जहां लाभ मिलता, वहीं सरकार को भी राजस्व में बेहतर वृद्धि होती। साथ ही बेड़ो में कोल्ड स्टोरेज होने से किसानों को अपनी सब्जियां स्टोर करने में आसानी होती और किसान बाद में सब्जियों को बेचकर अच्छी मुनाफा कमाते। वहीं पिछले कई वर्षो से बंद होने के कारण किसानों को अपनी उपज खराब होने के डर से औने-पौने दामों में अपनी सब्जियों को बेचनी पड़ती है।इसके बंद होने से किसानों व आम जनता दोनों को नुकसान हुआ है। इस कोल्ड स्टोरेज के होने से क्षेत्र के लोगों को रोजगार मिला था। कई लोग आलू की साफ-सफाई और लोडिंग का काम करते थे। कोल्ड स्टोरेज के बंद होने से उनका रोजगार छिन गया है, जिससे उनकी परेशानियां बढ़ गई हैं। ज्ञात हो कि प्रखंड मुख्यालय के बाजार टांड़ के समीप में लगभग तीन दशक पहले 1994 ई में इस सरकारी कोल्ड स्टोरेज उद्घाटन किया गया था, जिसमें क्षेत्र के किसान आलू, टमाटर, मटर आदि रखते थे। लेकिन पिछले कई वर्ष से कोल्ड स्टोरेज बंद हो जाने के चलते भवन जर्जर हो चुके हैं। यहां लाखों रुपये की लागत से लगी कारखाने की मशीनरी भी जंग खा गई है। लेकिन इस कोल्ड स्टोरेज की कोई सुध नहीं लेने वाला नहीं है जिससे क्षेत्र के किसानों को सुविधा के लिए निजी कोल्ड स्टोरेज का सहारा लेना पड़ता है। प्रखंड के किसानों व ग्रामीणों का कहना है कि लगभग तीन दशक पहले लाखों की लागत से क्षेत्र की किसानों की सुविधा के लिए कोल्ड स्टोरेज बनाया गया था लेकिन पिछले कुछ वर्षों से बंद पड़ा है, जिसका भवन भी जर्जर हुआ जा रहा है। बेड़ो में बने इस कोल्डस्टोर की किसानों में अलग ही पहचान थी। यहां किसान आलू का बड़ी मात्रा में भंडारण करते थे। कम कीमत में आलू के भंडारण से किसानों को फायदा के साथ काफी सहूलियत रहती थी। लोगों का कहना है कि सरकार ध्यान नहीं दे रही है। जिसके कारण कोल्ड स्टोर बंद पड़ा है। इसके चालू होने से लोगों को अपने गांव काम मिल जाता लेकिन अब सब ठप पड़ गया है। वहीं बेड़ो कोल्ड स्टोरेज को फिर से शुरू करने के लिए मांडर की विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने 29 अगस्त 2024 को कृषि एवं सहकारिता मंत्री दीपिका पाण्डेय के साथ बेड़ो कोल्ड स्टोरेज का निरीक्षण कर इसे शुरू कराने का आग्रह किया था। इधर प्रखंड के किसानों और ग्रामीणों ने एक बार फिर कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की से बेड़ो कोल्ड स्टोरेज को पुनः संचालित करने की मांग की है, ताकि क्षेत्र के किसानों को राहत मिल सके और स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर मिलें।

## स्वदेशी अपनाने के लिए संकल्प पत्र भरा



**अनगड़ा।** भाजपा सिकिदिरी मंडल के तत्वावधान मे आर्दश उच्च विद्यालय नवागढ़ में आत्मनिर्भर भारत अभियान कार्यक्रम के तहत स्वदेशी अपनाने के लिए संकल्प पत्र भरा गया।कार्यक्रम में उपस्थित भाजपा कार्यकर्ताओं ने वन्दे मातरम् गीत गाये। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप भाजपा के वरिष्ठ नेता पूर्व जिलाध्यक्ष जैलेंद्र कुमार, ग्रामीण जिला एस टी मोर्चा अध्यक्ष बुधराम बेदिया सिकिदिरी मंडल अध्यक्ष सोहराई बेदिया, मंडल के महामंत्री पंचम भोगता, इत्यादि उपस्थित थे।

## अनियंत्रित आटो पलटी

**सिकिदिरी।** सिकिदिरी-ओरमांझी पथ के कुटे-पांचा सीमा के समीप एक आटो संख्या जेएच-01सीजे6791 अनियंत्रित होकर पलट गई।इस घटना में आटो चालक कुटे गांव निवासी वाहिद खान घायल हो गया।उस के सिर और शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोट आई है। घटना बुधवार की रात साढ़े आठ बजे की है। बताया जाता है कि चालक शराब के नशे में धुत आटो को तेज रफ्तार के साथ कुटे से पांचा की ओर लेकर जा रहा था।तेज रफ्तार होने के कारण आटो अनियंत्रित होकर पलट गयी। स्थानीय लोगों ने आटो को सीधा किया और चालक को निकालकर इलाज के लिए अस्पताल भेजा।

**दक्षिण पूर्व रेलवे - निविदा**

भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से मंडल रेल प्रबंधक/अभियांत्रिकी, दक्षिण पूर्व रेलवे, चक्रधरपुर खुली निविदा के तहत ई-निविदाएं आमंत्रित करते हैं। इन निविदाओं के तहत मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं है, और प्राप्त ऐसे किसी भी मैनुअल प्रस्ताव को नज़रअंदाज़ कर दिया जाएगा। **क्रम संख्या:** 1 । **निविदा सूचना संख्या: सीकेपी-वेस्ट-25-26-29, दिनांक: 02.12.2025। कार्य का नाम:** दिनांक 30.06.2027 तक समाप्त अवधि के लिए एसएसई (कार्य)/राउरकेला के अधीन राउरकेला-पंपोश एवं राउरकेला-बीरमित्रपुर स्टेशन के बीच राउरकेला स्टेशन सहित सेवा भवनों तथा वे साइड स्टेशन में सेवा/आवासीय भवनों आदि के लिए जोनल कार्यों का संपादन (द्वितीय बुलावा)। **निविदा मूल्य:** ₹ 1,38,00,000। **बयाना राशि:** ₹ 2,19,000। **क्रम संख्या:** 2। **निविदा सूचना संख्या: सीकेपी-वेस्ट-25-26-30, दिनांक: 02.12.2025। कार्य का नाम:** चक्रधरपुर मंडल में वरिष्ठ डीईएन(वेस्ट)/चक्रधरपुर के अधिकार क्षेत्र के अधीन राउरकेला-झारसुगुड़ा जंक्शन (अप) स्टेशन के बीच ट्रैक रिलेइंग ट्रेन (टीआरटी) द्वारा 67.034 टीकिमी. का सम्पूर्ण स्लीपर नवीकरण (पी), बीसीएम एवं टी-28 द्वारा डीप स्क्रीनिंग तथा अन्य विविध कार्य (द्वितीय बुलावा)। **निविदा मूल्य:** ₹ 8,27,31,763.15। **बयाना राशि:** ₹ 5,63,700। **क्रम संख्या:** 3। **निविदा सूचना संख्या: सीकेपी-वेस्ट-25-26-31, दिनांक: 02.12.2025। कार्य का नाम:** वरिष्ठ डीईएन(वेस्ट)/चक्रधरपुर के अधिकार क्षेत्र के अधीन राउरकेला-झारसुगुड़ा के बीच किमी. 486/5-7 पर पुल संख्या 22 (अप), किमी. 480/17-19 पर पुल संख्या 28 (डाउन), किमी. 479/19-21 पर पुल संख्या 29 (डाउन), किमी. 475/9-11 पर पुल संख्या 36 (अप) तथा राउरकेला-बीरमित्रपुर के बीच किमी. 427/10बी-11बी पर पुल संख्या 20ए तथा किमी. 415/21-23 पर पुल संख्या 128 के पिएर्स एवं एबटमेन्ट की आरसीसी जैकेटिंग (तृतीय बुलावा)। **निविदा मूल्य:** ₹ 4,09,66,531.40। **बयाना राशि:** ₹ 3,54,800। **क्रम संख्या:** 4। **निविदा सूचना संख्या: सीकेपी-वेस्ट-25-26-33, दिनांक: 02.12.2025। कार्य का नाम:** वरिष्ठ डीईएन (वेस्ट)/चक्रधरपुर के अधिकार क्षेत्र के अधीन पंपोश-बीरमित्रपुर खंड के बीच सेस मरम्मत कार्य का संपादन। **निविदा मूल्य:** ₹ 2,79,62,123.50। **बयाना राशि:** ₹ 2,89,800। **क्रम संख्या:** 5। **निविदा सूचना संख्या: सीकेपी-सेंट्रल-25-26-51, दिनांक: 02.12.2025। कार्य का नाम:** बिमलगढ़- 22 इकाई टाइप II क्वार्टरों का निर्माण, रंगरा में- 4 इकाई, रॉक्सी में- 4 इकाई तथा बिमलगढ़ में- 14 इकाई (जी+1)। **निविदा मूल्य:** ₹ 5,12,08,357.54। **बयाना राशि:** ₹ 4,06,100। **निविदा प्रपत्र की कीमत:** ₹ 0.00 (क्रम संख्या 1 से 5 प्रत्येक के लिए)। **खुलने की तारीख:** 24.12.2025 (क्रम संख्या 1 से 4 प्रत्येक के लिए) तथा 30.12.2025 (क्रम संख्या 5 के लिए)। निविदा वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** पर देखी जा सकती है। निविदादाता/ बोलीदाताओं के पास क्लास-III डिजीटल सिग्नेचर प्रमाणपत्र अवश्य होना चाहिए और उन्हें आईआरईपीएस पोर्टल के अधीन अवश्य पंजीकृत होना चाहिए। सिर्फ पंजीकृत निविदादाता/बोलीदाता ही ई-निविदा में भाग ले सकते हैं। ई-निविदा में भाग लेते समय सभी सम्बंधित कागजात अवश्य अपलोड करने होंगे। **द्रष्टव्य:** ई-निविदा प्रपत्र सभी निविदादाताओं को निःशुल्क जारी किये जायेंगे (प्राधिकारी - रेलवे बोर्ड की पत्र संख्या 2020/सीई-I / सीटी/3ई/जीसीसी/पॉलिसी दिनांक 16.07.2020)। (PR-907)

## स्पीड न्यूज

### गुलजारबाग में लाखों की चोरी, घर और दो दुकानों का ताला तोड़कर फरार हुए चोर




**खलारी।** खलारी थाना क्षेत्र के गुलजारबाग,आमरूस धोड़ा में अज्ञात चोरों ने लाखो रुपये जेवर व नगदी रुपये कर घटना अनजाम दिया। घटना बीती रात्रि का बताया जाता है। जानकारी के अनुसार अब्दुल सतार अंसारी के घर व दुकान का ताला तोड़कर चोरों ने लाखों के गहने और नकदी का चोरी हो गया। घटना के संबध में बताया जाता है कि मनीरूद्दीन के छोटे भाई सुबह सोकर उठा और देखा कि दुकान व घर के चारों ताले टूटे हुए हैं। घर व दुकान खोलकर देखा तो पूरा सामान बिखरा पड़ा था। इससे अंदेशा हुआ कि घर व दुकान से अज्ञात चोरों के द्वारा घर मे रखे गहने व रुपये व अन्य सामान की चोरी हो चूंकि है। चोरों ने घर मे रखे सोने का बाली, सोने की अंगूठी, चाँदी के चार पायल, चाँदी का गले का हार, बिछिया मिलाकर लगभग एक लाख रुपये से अधिक का गहना गयाब थी। वही राशन दुकान से 30 हजार नकद, श्रृंगार दुकान से बाला एवं अन्य श्रृंगार सामग्री और लगभग ?40 हजार नगद चोरी हो गया। चोरी की सूचना मिलते ही मनीरूद्दीन गाँव से खलारी पहुँचे, व तत्काल खलारी थाना में लिखित सूचना दी। स्थानीय पुलिस ने मौके का निरीक्षण कर जांच शुरू कर दी है।

## बेड़ो के झारखंड आंदोलनकारियों को मिला प्रमाण-पत्र

बेड़ो। राज्य सरकार के निर्देश पर बुधवार को रांची के मोरहाबादी स्थित आर्यभट्ट सभागार में झारखंड आंदोलनकारियों के सम्मान में जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजन किया गया। जिसमें प्रखंड मुख्यालय सहित प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्रों के झारखंड आंदोलनकारियों को उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री और वरीय पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन ने चयनित आंदोलनकारियों को प्रमाण-पत्र सौंपे। मौके पर उपायुक्त ने कहा कि झारखंड आंदोलनकारियों का संघर्ष और योगदान ही राज्य निर्माण की नींव है, और सरकार उनके सम्मान व सुरक्षा के लिए लगातार काम कर रही है। उन्होंने कहा कि आंदोलनकारियों का त्याग हमेशा याद रखा जाएगा। अब झारखंड के विकास मिलकर करने का आह्वान किया। प्रमाण पत्र पाने वालों में धनंजय कुमार राय, पंचू उरांव, सहिंद्र लकड़ा, एतवा उरांव, पीटर तिर्की, लालदेव बड़ाइक, केदार महतो, शिवशंकर कुमार, मंगरु उरांव, सीटू महतो, कुंवर उरांव, अरविंद तिग्गा सहित सैकड़ो लोग के नाम शामिल हैं।

## चार दशक बाद आंदोलनकारियों को मिला प्रमाण पत्र

# सिमलिया के शमीम मंसूरी के खिल उठे चेहरे

- परिजनों की जगी उम्मीदें
- मिलेगी पेंशन की सुविधा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रातू।** झारखंड अलग राज्य के लिये त्याग, तपस्या और संघर्ष के 40 साल बाद 68 वर्षीय शमीम मंसूरी को बुधवार की दोपहर आंदोलनकारी होने का प्रमाण पत्र जिले के डीसी मंजूनाथ भजंत्री व सीनियर एसपी राकेश रंजन ने दिया। सर्टिफिकेट मिलने से न केवल उनके चेहरे खिल उठे। बल्कि, परिजनों की उम्मीदें भी जगी है। श्री मंसूरी समेत सभी आंदोलनकारियों को सरकार पेंशन की सुविधा देगी। शाम को वह जैसे ही गांव पहुंचे, लोगों ने उन्हें गले लगाया और शुभकामनाएं दी। देर रात तक बधाई देने वालों का तांता लगा रहा। ग्रामीणों ने फूल-माला से उनका स्वागत किया और स्व दिशोम गुरु शिबू सोरेन के सम्मान में नारे भी लगाये। बच्चों ने आतिशबाजी की और जश्न मनाया। इधर, पद्मश्री मधु मंसूरी, महावीर विश्वकर्मा, रामनंदन महतो, कमरुल हक व पाइब रुष तिर्की आदि को श्री भजंत्री व रंजन ने प्रमाण पत्र दिये।



डीसी और एसएसपी से प्रमाण पत्र लेते मंसूरी।

**मंसूरी का संक्षिप्त परिचय**

श्री मंसूरी का जन्म 10 फरवरी 1957 को सिमलिया के कृषक परिवार में हुआ। स्व अमीरुद्दीन मंसूरी उनके पिता थे। माता का नाम जहिदन खातून था। वह चार भाईयों में मंझिल हैं। जमालुद्दीन बड़े और हासिम छोटे हैं। नसीम मंसूरी का निधन हो चुका है। तीन बहनों में शहजादी और जमीला की शादी हो चुकी है। जबकि, सफीदन खातून विकलांग हैं।

**सामंती व्यवस्था के हैं खिलाफ:** शमीम मंसूरी बचपन से ही सामंती व्यवस्था के खिलाफ रहे हैं। 1985 में 28 साल की उम्र में झामुमो के तत्कालीन जिला अध्यक्ष महेंद्र कच्छप के सानिध्य में राजनीतिक जीवन की शुरूआत की और गुरु जी के सिद्धांतों को आत्मसात करते हुये अलग राज्य के आंदोलन में कूद पड़े। कच्छप ने सीसीएल गेस्ट हाउस में उन्हें शिबू सोरेन से मिलवाया। सोरेन ने इनकी पीठ थपथपाई और उनमें संघर्ष का जोश भर दिया। तब से उन्होंने पूरी जिंदगी मोर्चा की सेवा में लगा दी। इसमें उनकी पत्नी सलमा खातून का भी योगदान रहा है।

## राष्ट्रीय कोयला मजदूर यूनियन की नयी कमिटी ने पिपरवार क्षेत्र के जीएम से की शिष्टाचार भेंट



**खलारी/पिपरवार।** राष्ट्रीय कोयला मजदूर यूनियन की नवगठित कमिटी का प्रतिनिधिमंडल पिपरवार क्षेत्र के महाप्रबंधक संजीव कुमार से मिले। प्रतिनिधिमंडल ने महाप्रबंधक को पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया और क्रमवार अपना-अपना परिचय दिया। इस दौरान संगठन की कार्ययोजनाओं एवं क्षेत्रीय लंबित मुद्दों पर संक्षिप्त चर्चा की गई। मुलाकात में विशेष रूप से मजदूरों की समस्याओं,अशोका वेस्ट के विस्तारीकरण सहित कई महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श किया गया।प्रतिनिधिमंडल की ओर से एजेंडा बैठक आयोजित करने का प्रस्ताव रखा गया, जिसे पिपरवार जीएम ने सहमति प्रदान की। बैठक में अशोका परियोजना के शाखा सचिव रतनलाल, पवन कुमार महतो, जीएम यूनिट के दिलनवाज अंसारी, पिपरवार क्षेत्रीय अध्यक्ष के.के. चतुर्वेदी, पिपरवार क्षेत्रीय सचिव भीम प्रसाद मेहता समेत यूनियन के अन्य पदाधिकारी मौजूद थे। वहीं प्रबंधन की ओर से प्रतिनिधिमंडल को संगठन की भावी योजनाओं एवं श्रमिकों से जुड़े मुद्दों पर पूर्ण सहयोग का भरोसा दिलाया गया।

# दिव्यांगजनों को अपने हक और अधिकार की लड़ाई स्वंय लड़नी है : राजेश कच्छप

**खबर मन्त्र संवाददाता**




**अनगड़ा।** अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस के अवसर पर अनगड़ा प्रखंड मुख्यालय मैदान में दिव्यांग दिवस समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि विधायक राजेश कच्छप उपस्थित थे।मौके पर विधायक ने दिव्यांग भाई-बहनों को संबोधित करते हुए कहा जीवन में कभी हार नहीं माननी चाहिए जीवन संघर्षों का परिणाम है कहा कि जो मेहनत करेगा, सफलता उसी के कदम चूमेगी। उन्होंने कहा कि दिव्यांगजनों को अपने हक की लड़ाई खुद लड़नी है और समाज में सिर ऊंचा करके, संघर्ष करते हुये जीना है इस अवसर पर दिव्यांगजनों के बीच अनेक प्रतियोगिताएं आयोजित की गयी। जिनमे दौड़, बैसाखी रेस, मोटर ट्राइसाइकिल रेस, व्हीलचेयर रेस, कुर्सी रेस तथा गीत-संगीत के मनमोहक कार्यक्रम हुये। सभी विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया, जिससे उनके चेहरों पर आत्मविश्वास और खुशी की चमक साफ झलक रही थी। कार्यक्रम की अध्यक्षता दिव्यांग अध्यक्ष तबरेज अंसारी ने किया एवं संचालन सचिव लीला कुमारी, कोषाध्यक्ष रामदायल सिंह ने की। मौके पर उषा मार्टिन फाउंडेशन के डॉ. मयंक मुरारी, प्रखंड अध्यक्ष एतवा उरांव, खिजरी विधानसभा सह-प्रभारी राजेन्द्र मुंडा, प्रमुख दीपा उरांव, पश्चिमी मंडल अध्यक्ष रेजाक अंसारी, जिला ग्रामीण युवा अध्यक्ष प्रत्यासी अजय उरांव, महिला अध्यक्ष सरिता देवी, विधायक प्रतिनिधि ऊर्जा विभाग छोटेलाल महतो, खेल कूद एवं युवा कार्य विभाग आशीष मुंडा, खाद्य आपूर्ति विभाग अजय करमाली, स्वास्थ्य विभाग दूतीलाल बेदिया, मत्स्य विभाग संजय नायक, महासचिव साकिर अंसारी, कांग्रेस नेता यूनुस अंसारी, आलम अंसारी, रोहित नायक, सुबोध बेदिया, मुनेश करमाली, पंचायत अध्यक्ष तिवारी भोगता, कांग्रेस नेत्री देवकी कुमारी, संगीता कैथा, तथा प्रदिप उरांव, पुषनाथ मुण्डा, लघनुराम बेदिया, रामदायल बेदिया सहित सैकड़ों गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## बुढ़मू थाना पुलिस की कार्रवाई: विशेष अभियान में चार फरार वारंटी गिरफ्तार




**बुढ़मू।** थाना प्रभारी शुभम कुमार के नेतृत्व में पुलिस ने विशेष अभियान चलाकर चार फरार वारंटियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। जानकारी के अनुसार थाना कांड संख्या 17/25 के चार आरोपी पतरातू गांव निवासी शोएब अंसारी,शफीक अंसारी, इरशाद अंसारी व फिरोज अंसारी मारपीट के आरोपी थे। चारों आरोपी काफी दिनों से फरार चल रहे थे। पुलिस ने चारों को छापेमारी कर गिरफ्तार किया। अभियान में पुनि दिलीप कुमार, पुअनि सुरेश कुमार दास,अरुण कुमार यादव समेत जवान शामिल थे।

**झारखण्ड विधान सभा सचिवालय**

**आवश्यक सूचना**

सर्वसाधारण की जानकारी के लिए यह प्रकाशित किया जाता है कि षष्ठम् झारखण्ड विधान सभा का चतुर्थ (शीतकालीन) सत्र दिनांक 05/12/2025 (शुक्रवार) से आहूत की गयी है। सत्र अवधि के दौरान झारखण्ड विधान सभा परिसर में बिना वैध पत्रक के बाह्य व्यक्तियों का प्रवेश निषिद्ध है।

ह0/-
(रंजीत कुमार)
प्रभारी सचिव,
झारखण्ड विधान सभा, राँची।

ज्ञापांक संख्या:-जनसम्पर्क-02/2025-2631/वि0स0, राँची
दिनांक:-02/12/2025

**कार्यालय:– कार्यपालक अभियंता, एन0आर0ई0पी0, लातेहार।**

**शुद्धि पत्र**

अद्योहस्ताक्षरी कार्यालय द्वारा निर्गत निविदा संख्या–20/2025–26 क्रमांक संख्या–03 में अंकित योजना प्रखण्ड गारू अन्तर्गत कस्तुरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय मनिका में रसोईघर (मॉडल किचेन) सह डायनिंग हॉल का निर्माण के स्थान पर आवासीय बालिका विद्यालय गारू समझा जाए। जिसका PR No- 367530 Rural Development 25_26 D है।

शेष सभी शर्ते यथावत होगी।

कार्यपालक अभियंता,
एन0आर0ई0पी0, लातेहार।

PR 367582 Rural Development(25-26)D

# अधिप्राप्ति केंद्र शुरू नहीं होने से दलाल सक्रिय

- परेशान किसान की धान खरीद जल्द शुरू करने की मांग

**खबर मन्त्र संनवाददाता**

**ओरमांझी।** प्रखंड के धान अधिप्राप्ति केंद्रों पर इस वर्ष धान खरीदारी की शुरूआत निर्धारित समय पर नहीं होने से क्षेत्र के किसानों में असंतोष है। आमतौर पर इस समय तक सरकारी धान क्रय केंद्रों पर खरीदारी शुरू हो जाती है, लेकिन इस बार किसान इंतजार ही कर रहे हैं। क्षेत्र के प्रगतिशील किसान प्रमेश्वर साहू, बैजनाथ महतो, मनोज कुमार व राजेश उरांव ने बताया कि धान में अब भी अधिक नमी होने के कारण सरकार ने फिलहाल खरीदारी स्थगित रखी है। केंद्रों पर भंडारण व्यवस्था भी पूरी तरह तैयार नहीं है। अधिकारियों ने किसानों को सूचित किया है कि लगभग 15 दिन बाद अधिप्राप्ति प्रक्रिया शुरू की जायेगी। नमी की समस्या के कारण धान के खराब होने का खतरा बना हुआ है, इसलिए गोदामों में जल्दबाजी में भंडारण संभव नहीं है। इधर धान खरीद में देरी का लाभ बाजार के दलाल उठाने लगे हैं। क्षेत्र के कई किसानों ने जानकारी दी कि दलाल गांव-गांव पहुंचकर किसानों से संपर्क कर रहे हैं और कम कीमत पर धान खरीदने का प्रयास कर रहे हैं। आर्थिक तंगी के कारण कुछ किसान मजबूरी में अपनी उपज औने-पौने दाम पर बेच भी रहे हैं। इससे किसानों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। वहीं प्रखंड विकास पदाधिकारी कामेश्वर बेदिया जल्द धान खरीद शुरू कराने की बात कही, बताया प्रखं डमें ओरमांझी, चुटूपालू व कुच्चू सहित कुल तीन लैंप्स हैं, जिनके माध्यम से धान अधिप्राप्ति की जाएगी। सभी केंद्रों के अध्यक्ष व सचिवों को धान खरीदारी से संबंधित आवश्यक प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण पूरा होते ही केंद्रों पर खरीदारी शुरू कर दी जायेगी। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा है कि किसानों को समय पर और उचित मूल्य पर धान की बिक्री का मौका मिले।

## किसानों की उम्मीदें सरकारी खरीद पर टिकी



ओरमांझी में खेत में काट कर रखे गये धान की फसल।

धान तैयार कर चुके किसान अब सिर्फ सरकारी खरीद का इंतजार कर रहे हैं। किसानों का कहना है कि यदि केंद्र जल्द चालू नहीं हुए तो उन्हें मजबूरी में खुले बाजार में कम दर पर बिक्री करनी पड़ेगी, जिससे उनकी सालभर की मेहनत पर पानी फिर जाएगा। किसानों की आर्थिक स्थिति प्रभावित नहीं हो इसके लिए स्थानीय किसानों द्वारा सरकार से जल्द धान खरीद प्रक्रिया को शुरू करने की मांग किया गया है।

**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT**
**BUILDING DIVISION NO. -02. RANCHI**

**NOTICE INVITING QUOTATION NO-17/2025-26**

Sealed quotations are invited for the work -

| S.No. | Name of Work | Cost of BOQ | Time of Completion |
|---|---|---|---|
| 1 | Annual Operation and Comprehensive Maintenance of Ductable Air Condition System at Neurosurgery Department at RIMS, Ranchi | 5000.00 | Twelve Months |

by the Executive Engineer, Building Construction Department, Building Division No.-02, Ranchi sell of quotation paper will be on 17-12-2025 upto 1.00 pm, quotation paper received on dated-18-12-2025 at 3.00 p.m and will be opened on 18-12-2025 at 3.30 pm at B.C.D. Division No.-02, Ranchi by Executive Engineer or his authorized representative in the presence of Quotationers or their authorized representative, whosoever desire may remain present at the time of opening. Cost of Bid for work in shape of Demand draft (non refundable) from any State Bank Payable at SBI Main Branch, Ranchi (Code-0167) /any Schedule Bank, Payable at Ranchi in favour of The Executive Engineer, Building Construction Department, Building Division No.-02, Ranchi.

The quotation should be accompanied with (1) Initial security deposit which will be 2% of the quoted amount in shape of Bank Guarantee or 5 Years/3 Years Post Office Term Deposit or N.S.C. (8th issue)/fixed deposits of a scheduled Bank duly pledged in favour of Executive Engineer, Building Division No.-02, Ranchi. (2) Updated Income Tax Return and GST Return (3) PAN Card (4) Quotationer Having Similar Nature of Work experience. (5) The Bidder Must submitted specified manufacture for equipment authorisation letter issued from Original Equipment manufacturer (OEM).

In the case of Gazetted holiday the quotation will be received/opened on the next working day.

Executive Engineer
Building Construction Department
Building Division No-02, Ranchi

PR 367618 Building(25-26)#D

खबर मन्त्र
रांची. गुरुवार. 04 दिसंबर 2025

# अभिव्यक्ति



## आरक्षण की बात

देश के पूर्व मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई द्वारा अनुसूचित जाति आरक्षण के लिए क्रीमी लेयर सिद्धांत का समर्थन करने से एक महत्वपूर्ण तार्किक चर्चा फिर से प्रारंभ हो गई है। जिसका मकसद है कि कैसे सकारात्मक पहल करके आरक्षण के उद्देश्य को अधिक न्यायसंगत, लक्षित और प्रभावी बनाया जा सकता है। आरक्षण का लाभ उन लोगों तक पहुंचे, जिन्हें वास्तव में इसकी सबसे ज्यादा जरूरत है। यानी कि अनुसूचित जाति समुदाय के सबसे गरीब, सामाजिक रूप से सबसे अधिक वंचित और आरक्षण के लाभ में सबसे कम प्रतिनिधित्व करने वाले वर्ग को लाभ पहुंचाने का मकसद पूरा करना। वास्तव में, देश में दशकों से आरक्षण की बहस कोटा बढ़ाने पर केंद्रित रही है। निर्विवाद रूप से अनुसूचित जाति समुदाय के एक छोटे, अपेक्षाकृत बेहतर आर्थिक-सामाजिक स्थिति वाले वर्ग ने ही बार-बार शिक्षा और सरकारी रोजगार के अवसरों का लाभ उठाया है। वहीं दूसरी ओर पीढ़ी दर पीढ़ी अभावों के भंवर-जाल में फंसे परिवार- मसलन श्रमिक, सफाई कर्मचारी, भूमिहीन मजदूर परिवार लगातार हाशिए पर ही बने हुए हैं। यदि आरक्षण का मूल उद्देश्य संरचनात्मक असंतुलन को ही ठीक करना है तो इसके लाभ सीमित दायरे के लोगों को ही नहीं मिलना चाहिए। उल्लेखनीय है कि ओबीसी वर्ग के लिये यह प्रावधान सफलतापूर्वक लागू किया जा चुका है। इसमें दो राय नहीं कि क्रीमी लेयर का सिद्धांत आरक्षण लाभ में इस तरह के एकाधिकार को रोकने का एक सशक्त साधन है। इस प्रावधान का वंचित अनुसूचित जातियों तक विस्तार करना एक बुनियादी सच्चाई को स्वीकार करता है कि सामाजिक गतिशीलता, हालांकि सीमित स्तर पर कुछ ही लोगों के लिये संभव हुई है। वास्तव में वर्तमान स्थिति आरक्षण के न्यायसंगत लाभ वंचित वर्ग तक पहुंचाने में तार्किक नजर नहीं आती।




**मेष :** अध्ययन-अध्यापन में समय गुजरेगा। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। शुभांक-3-5-6

**वृष :** महत्त्वपूर्ण निर्णय के लिए दूरदर्शिता से काम लें। कोष में कमी व व्यय की अधिकता से परेशान होंगे। किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा। जल्दबाजी में कोई भूल संभव है। कार्य भार बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। कार्यक्षेत्र में तनाव पैदा होगा। समय व्ययकारी सिद्ध होगा। शुभांक-3-4-6

**मिथुन :** परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। खान-पान में सावधानी रखें। स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा। अच्छे समय इन्तजार करें। कर्म प्रधान विचार धारा बनाये रखें। शुभांक-3-5-6

**कर्क :** सामाजिक मान-सम्मान बढ़ेगा। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सबेरे ही निपटा लें। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। राजकीय कार्यों से लाभ। मनोबल ऊंचा रखें और काम में लगे रहें। शुभांक-4-6-8

**सिंह :** अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम को प्राथमिकता से करें। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे है। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। साक्षात्कार के लिए दिन शुभ रहेगा। शुभांक-6-7-9

**कन्या :** कुछ पिछले संकट अब सिर उठा सकते हैं। अपने संघर्ष में स्वयं को अकेला महसूस करेंगे। अभिष्ट कार्य सिद्ध होंगे। निकटजनों के लिए अर्थव्यवस्था हेतु जोड़-तोड़ करना पड़ेगा। बुरी संगति से बचें। सुविधाओं में शनैः-शनैः बाधा आएगी। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी के कारण तनाव पैदा हो सकता है। शुभांक-4-6-8

**तुला :** पूर्व में किये कार्यों से लाभ मिलेगा। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। स्वास्थ्य पर ध्यान दें। शांतिपूर्वक कार्य करें। दान-पुण्य का कार्य करें। यात्रा शुभ रहेगी। शुभांक-6-8-9

**वृश्चिक :** दाम्पत्य जीवन में मधुरता बनी रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने में सफल होंगे। व्यापार में स्थिति ठीक रहेगी। माता पक्ष से विशेष लाभ। शुभांक-2-4-6

**धनु :** संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। शुभांक-1-4-6

**मकर :** सुनियोजित तरीके से कार्य आरम्भ करें, सफल होंगे। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति होगी। शुभांक-2-4-6


**कुंभ :** मनोरथ सिद्ध होंगे, पूरे मनोयोग से काम में लगे रहें। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। कारोबारी काम में बाधा बनी रहेगी। शुभांक-6-8-9

**मीन :** स्वास्थ्य में ताजगी बनी रहने से नई ऊर्जा का संचार होगा। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। शुभांक-3-6-8

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
प्रधान संपादक
सौरभ कुमार सिंह
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
धनबाद कार्यालय
लुबी सर्कुलर रोड, धनबाद 826001 से प्रकाशित।
( R.N.I No. आवेदित )
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## लोकतंत्र के लिए जरूरी है कांग्रेस की मजबूती





-विश्वनाथ सचदेव

> इंदिरा गांधी के जमाने में उनके विरोधी बार-बार यह बात दोहराया करते थे कि सत्ता भ्रष्ट बनाती है और अपार शक्ति वाली सत्ता अपार भ्रष्ट। भले ही यह बात आपातकाल के संदर्भ में कही जाती थी, पर सत्ता के भ्रष्टाचार के संदर्भ में यह किसी भी काल पर लागू हो सकती है। विपक्ष का इतना कमजोर होना, जितना कि भारत में यह अब है।

**उम्मीद** थी कि बिहार की हार और कर्नाटक में सत्ता का विवाद के बाद देश और कांग्रेस पार्टी की असाधारण स्थिति को देखते हुए अपनी इस महत्वपूर्ण बैठक में कुछ सकरात्मक होगा। यह भी तय था कि कांग्रेस का वृहत्तर नेतृत्व न केवल देश के संदर्भ में कुछ गंभीर चिंतन करेगा, बल्कि कुछ ठोस और ईमानदार आत्मचिंतन भी होगा ताकि कांग्रेस सामने खड़ी चुनौतियों से निपटने के लिए कुछ तैयार हो सके। लेकिन बिहार के अब तक की सबसे बड़ी हार के बाद गुजरात में पदयात्रा की योजना बना रहें हैं लेकिन जिस प्रकार कांग्रेस परास्त हो रही है उससे यह सवाल खड़ा हो रहा है कि क्या देश को एक मजबूत प्रतिपक्ष का होना जरूरी नहीं है।

लगातार हार के बाद कांग्रेस के लिए और देश के जनतंत्र के लिए यह स्थिति किसी भी दृष्टि से अच्छी नहीं है।

सोनिया गांधी मुख्यतः स्वास्थ्य कारणों से वे यह भार अब और उठाने के लिए तैयार नहीं हैं। यह बात वे पहले भी कहती रही हैं। पिछले साल जब राहुल गांधी के अध्यक्ष पद से इस्तीफा देने के बाद उन्होंने यह भार संभाला था, तब भी इस बात को रेखांकित किया गया था कि उनका स्वास्थ्य अब उन्हें मजबूर कर रहा है। उम्मीद थी कि इस महत्वपूर्ण बैठक में इस विषय पर गंभीर चर्चा होगी, पर ऐसा नहीं हुआ।

फिर से अंतरिम व्यवस्था करके एक जरूरी और महत्वपूर्ण निर्णय को टाल दिया गया। एक समय था जब एक चिट्ठी कांग्रेस के तेईस वरिष्ठ नेताओं ने अध्यक्ष के नाम लिखी थी, जिसमें एक पूर्णकालिक अध्यक्ष की नियुक्ति की मांग की गई थी-एक ऐसा अध्यक्ष जो पूरा समय पार्टी को दे सके, सक्रिय दिखे और पार्टी की डूबती नाव को पार लगा सके। इस मांग में कहीं कुछ गलत नहीं था।

सोनिया गांधी अंतरिम अध्यक्ष पद छोड़ने की बात लगातार कह रही थीं, पिछले चुनावों में कांग्रेस की शर्मनाक पराजय के बाद तत्कालीन अध्यक्ष नैतिक आधार पर इस्तीफा दे चुके थे और इस बीच बार-बार यह कहते रहे हैं कि वे फिर से अध्यक्ष बनने के लिए तैयार नहीं हैं। उन्होंने, और उनकी बहन, दोनों ने यह भी दोहराया कि वे नहीं चाहते कि गांधी-परिवार का कोई सदस्य पार्टी का अध्यक्ष बने। ऐसे में कांग्रेस पार्टी के पास क्या विकल्प बचता है?

इसी प्रश्न के उत्तर में वह दूसरी चिट्ठी लिखी गई थी, जिसने, दुर्भाग्य से, कार्यसमिति का सारा एजेंडा ही अपहृत कर लिया। सारे समय में दो ही बातें हुईं कि गांधी-परिवार ही कांग्रेस पार्टी का तारणहार है और दूसरी चिट्ठी लिखने वाले कांग्रेस पार्टी के दुश्मन हैं।

भाजपा के इशारे पर कांग्रेस में चिट्टीबाज का आरोप छोटा नहीं है। बहरहाल, यह कांग्रेस पार्टी को देखना है कि वह अपने को कैसे संभाले, पर कांग्रेस पार्टी का इतनी बुरी तरह से लड़खड़ाना पूरे देश की चिंता का विषय होना चाहिए। पिछले दो चुनावों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा की शानदार जीत ही नहीं हुई, कांग्रेस की शर्मनाक पराजय भी हुई है। पर इससे कहीं अधिक महत्वपूर्ण बात यह है कि इस पराजय ने एक ताकतवर विपक्ष भी छीन लिया है जो जनतंत्र की सफलता और सार्थकता की सबसे महत्वपूर्ण आवश्यकता है। कांग्रेस का बिखरना अथवा कांग्रेस का अपने आप को संभालने-समेटने में विफल होना, हमारी समूची जनतांत्रिक व्यवस्था के लिए खतरा है, और चुनौती भी।

इंदिरा गांधी के जमाने में उनके विरोधी बार-बार यह बात दोहराया करते थे कि सत्ता भ्रष्ट बनाती है और अपार शक्ति वाली सत्ता अपार भ्रष्ट। भले ही यह बात आपातकाल के संदर्भ में कही जाती थी, पर सत्ता के भ्रष्टाचार के संदर्भ में यह किसी भी काल पर लागू हो सकती है। विपक्ष का इतना कमजोर होना, जितना कि भारत में यह अब है, सत्ता को निरंकुश बनाता है। यह निरंकुशता जनतंत्र को अर्थहीन बना देती है। जनतंत्र के स्वास्थ्य और सार्थकता दोनों के लिए जरूरी है कि सरकार भी मजबूत हो और विपक्ष भी। तभी दोनों अपना कर्तव्य पूरा कर सकते हैं। आज हमारी संसद में जो स्थिति है, वह सत्तारूढ़ दल के लिए भले ही कितनी भी अच्छी क्यों न हो, जनतंत्र के स्वास्थ्य के लिए निश्चित रूप से खतरनाक है।

जो बात जनतंत्र के लिए सच है, वह जनतंत्र में राजनीतिक दलों पर भी लागू होती है। अंकुश दलों के भीतर भी चाहिए। एक अपार ताकत वाला नेता किस तरह निरंकुश हो सकता है, यह देश आपातकाल में देख चुका है। फिर कोई इस तरह निरंकुश न बने, इसके लिए जरूरी है कि राजनीतिक दलों के भीतर भी स्वस्थ आलोचना को स्वीकारा जाए। जैसे विपक्ष देश का दुश्मन नहीं होता, वैसे ही दलों के भीतर असहमति का स्वर उठाने वाले दलों के दुश्मन नहीं होते। इस असहमति को गद्दारी कहना गलत होगा। सच तो यह है कि इस असहमति का स्वागत होना चाहिए। कांग्रेस के भीतर इस दूसरी चिट्ठी का स्वागत होना चाहिए था। इसमें उठाए गए मुद्दों पर खुलकर ईमानदार बहस होनी चाहिए थी। यह बात कांग्रेस के हर छोटे-बड़े नेता को समझनी होगी कि दावे कुछ भी किए जाते रहें, आज कांग्रेस नेतृत्वहीनता की स्थिति में है। यह स्थिति कांग्रेस और जनतंत्र दोनों के लिए खतरनाक है। इतना ही खतरनाक होता है किसी पार्टी का किसी व्यक्ति या किसी परिवार पर निर्भर होना। कोई भी नेता किसी भी पार्टी के लिए अपरिहार्य नहीं होता। समय और स्थितियां नेताओं को सामने लाती हैं और अवसर उन्हें स्वयं को सिद्ध करने का मौका देते हैं। जनतांत्रिक मूल्यों, परंपराओं का तकाजा है कि इस अवसर के निर्माण की ईमानदार कोशिश हो।

कांग्रेस पार्टी के नेतृत्व को इस ईमानदारी का परिचय देना है। यह देश का दुर्भाग्य है कि आज देश में एक मजबूत विपक्ष नहीं है, पर कांग्रेस के लिए अच्छी बात है कि उसके पास अवसर है स्वयं को सिद्ध करने का। राजनीति में महत्वाकांक्षी होना कतई गलत नहीं है, पर राजनीतिक ईमानदारी जनतंत्र की सार्थकता और सफलता की शर्त है।

### खास बात

### राहुल का कारनामा

**राहुल गांधी** केवल विदेश जाकर देश के खिलाफ ही नहीं बोल रहे हैं। वे केवल जेन-जी से मिलकर देश के खिलाफ माहौल बनाने की कोशिश नहीं करते हैं बल्कि कांग्रेस में काम का बंटवारा है। इनके लोग अलग-अलग देशों में बैठकर भारत में नैरेटिव सेट कर रहे हैं। वोट चोरी और ऑपरेशन सिंदूर का नैरेटिव सेट किया गया है। ऑपरेशन सिंदूर में प्रधानमंत्री मोदी और भारतीय सेना को आत्मसमर्पण की स्थिति में दिखाया गया था।‍₹ राहुल गांधी केवल विदेश जाकर देश के खिलाफ ही नहीं बोलते, बल्कि उन्होंने किस योजना और डिजाइन के साथ इस काम को विदेश से करवा रहे हैं।

बांग्लादेश, पाकिस्तान, दक्षिण-पूर्व एशिया, पश्चिम एशिया, यूरोप और अमेरिका में बैठे उनके लोग, जिनका भारत से कोई लेना-देना नहीं है, वो भारत में नैरेटिव सेट करते हैं। भारत में कुछ ऐसे नैरेटिव जो राहुल गांधी, कांग्रेस और लेफ्ट इकोसिस्टम के कहने पर सेट किए गए, ऐसे तीन नैरेटिव के उदाहरण मैं दूंगा। पहला - वोट चोरी का नैरेटिव सेट किया गया। दूसरा - ऑपरेशन सिंदूर में जो मोदी जी और भारत की सेना को एक तरह से दुर्बल दिखाने की कोशिश की गई, उसके पीछे भी पाकिस्तान, बांग्लादेश और पश्चिम एशिया में बैठे कुछ कांग्रेसी और उनके शुभचिंतकों के हैंडल हैं। तीसरा- संघ, संघ परिवार और मोदी जी पर व्यक्तिगत हमला करने का नैरेटिव भी विदेश से ही संचालित हुआ। संवित पात्रा ने यह गंभीर आरोप राहुल गांधी और कई कांग्रेसियों सहित देश विरोधियों पर लगाया है।

विपक्ष का काम देश के गंभीर मुद्दो को सरकार के सामने उठाना है न कि देश विरोधी गतिविधियों में शामिल होना। निश्चित इस प्रकार के कारनामों से राहुल गांधी की छवि लगातार खबरा हो रही है जिस पर सोनिया गांधी को ध्यान देने की आवश्यकता है।

– शिवशंकर सिंह, रांची

## आतंकी गतिविधियों का माध्यम बनते सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म

-डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा

### समस्या

**सहज** संवाद और एक-दूसरे को जोड़ने का प्रमुख माध्यम सोशल मीडिया आज आतंकी गतिविधियों का भी सुरक्षित एवं गोपनीय माध्यम बनता जा रहा है। हालिया दिल्ली बम धमाके में संलिप्त व्हाइट कॉलर आतंकवादियों के परस्पर संवाद का माध्यम टेलीग्राम सोशल मीडिया प्लेटफार्म पाया गया है। सोशल मीडिया के दुरुपयोग की यह अति अवस्था है। न्यूयार्क टाइम्स ने एक अध्ययन में 3.2 मिलियन संवादों का विश्लेषण किया है। जानकारों के अनुसार टेलीग्राम सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर ही 1500 से अधिक नस्लवादी चैनल सक्रिय है। सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर इतनी अधिक संख्या में असामाजिक गतिविधियों में लिप्त चैनलों का सक्रिय होना गंभीर चिंता का विषय है।

मानवता के लिए सबसे सम्माननीय डाक्टरी का पेशा दिल्ली ब्लॉस्ट और इसके बाद दिन प्रतिदिन खुलती परतों से बेनकाब होता जा रहा है। डाक्टर जिसका जीवन बचाने का दायित्व है वही लोगों की मौत का सौदागर बनता है तो यह मानवता के लिए शर्मनाक स्थिति है। चिंता की बात यह है कि शिक्षा का केन्द्र विश्वविद्यालय इसका केन्द्र पाया गया। हालांकि फरीदाबाद के अलफलाह विश्वविद्यालय ने अपने को आतंकवादी गतिविधियों से दूर और साफ-सुथरा होने का दावा किया है पर यह लीपापोती से अधिक कुछ नहीं लगती।

अब जबकि डॉक्टर बेनकाब हो रहे हैं और इनपर कार्रवाई की बात हो रही है तो कुछ राजनीतिक दल और संगठन इनके पक्ष में दूसरी तरह की भाषा बोलने लगे हैं। समझ से परे है कि ऐसे संगठनों का उन बेगुनाह लोगों और परिवारों के प्रति क्या दायित्व नहीं होता जो इन आतंकी गतिविधियों में अकारण मौत के आगोश में चले जाते हैं या घायल होते हैं। इन प्रभावित लोगों व इनके परिवारों के प्रति भी उनकी जवाबदेही होनी चाहिए। अच्छा तो यह हो कि दूसरी तरह की भाषा बोलने वाले प्रभावित लोगों के पक्ष में आगे आएं। आतंकी गतिविधियों से जुड़े लोगों के साझा संवाद का माध्यम टेलीग्राम प्लेटफार्म पाया गया है।

सोशल मीडिया की जहां तक बात है तो इसमें कोई दो राय नहीं कि आज सोशल मीडिया प्लेटफार्म लोगों की पसंद, सूचनाओं को साझा करने और एक-दूसरे तक अपनी भावनाएं पहुंचाने का माध्यम बन गए हैं। सवाल इनके दुरुपयोग और इन पर आवश्यक अंकुश की आवश्यकता को लेकर है। लाख दावे करें पर यह प्लेटफार्म असामाजिक गतिविधियों व भ्रामक समाचारों पर तत्काल कार्रवाई करने में विफल रहे हैं। सोशल मीडिया संदेशों की प्रतिक्रिया में लोगों का जुट जाना और भीड़ का आक्रोशित हो जाना आज आम है।

यह भी सही है कि अधिकांश सोशल मीडिया प्लेटफार्मों का संचालन विदेशी धरती से हो रहा है। यह दुर्भाग्य है कि लाख प्रयासों के बावजूद देश में बने सोशल मीडिया प्लेटफार्म अपनी पहचान बनाने व अधिकांश देशवासियों के चहेते बनने में सफल नहीं हो पाए। आज फेसबुक, इंस्टाग्राम, लिंकड्विन, यूट्यूब, व्हाट्सएप, क्रास या ट्वीटर, ठिकटॉक, स्नेपचेट, पिंटरेस्ट, वीचैट, रेडिट, टेलीग्राम आदि आदि प्रमुख सोशल मीडिया प्लेटफार्म संचालन की डोर विदेशियों के हाथ है। हमारे देश में यूट्यूब, वाट्सएप, इंस्टाग्राम, फेसबुक, लिंक्डइन आदि सोशल प्लेटफार्म अधिक चलन में हैं तो वाट्सएप और इंस्टा की पहुंच आम लोगों तक है। दुनियाभर में 5 अरब 41 लाख से अधिक लोग सोशल मीडिया प्लेटफार्म का उपयोग कर रहे हैं।

जहां तक टेलीग्राम प्लेटफार्म का सवाल है तो यह सर्वविदित है कि आतंकवादी गतिविधियों का यह केन्द्र रहा है। रुस-यूक्रेन युद्ध में जेलेंस्की द्वारा इस प्लेटफार्म का उपयोग किया गया है तो हांगकांग-बेलारुस द्वारा भी इसका उपयोग इसी तरह से किया जाता रहा है। दरअसल, टेलीग्राम को आजादी की आवाज कहा जाता है। रुस के दो भाइयों पॉवेल ड्यूरोव और निकोलोई ड्यूरोव द्वारा तैयार ओर संचालित इस प्लेटफार्म का दावा है कि वह डाटा शेयर नहीं करता।

इस पर प्रसारित संदेशों को कोई तीसरा नहीं देख या पढ़ नहीं सकता। यही कारण है कि सुरक्षित व गोपनीयता के दावे के चलते इस तरह की गतिविधियों को संचालित करने वाले ग्रुप इस प्लेटफार्म पर सक्रिय हैं। सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर सदस्य बनाने, हिंसा फैलाने, पैसा जुटाने, नशीली दवा, हथियार जुटाने, नफरत के संदेश फैलाने आदि असाामाजिक गतिविधियों में प्लेटफार्म का उपयोग किया जाता है। जहां तक टेलीग्राम सोशल मीडिया प्लेटफार्म की बात है तो बेहद सीमित कर्मचारियों द्वारा संचालित इस प्लेटफार्म पर ऐसी गतिविधियों की निगरानी, आपत्तिजनक सामग्री हटाने और उनके खिलाफ कार्रवाई करने की उम्मीद करना बेमानी है।

ऐसे में जब सोशल मीडिया प्लेटफार्म आज लोगों की जरुरत बन चुका है तो इन प्लेटफार्मों के संचालकों के लिए एक आदर्श एसओपी जारी करने के साथ इन पर असामाजिक, समाज विरोधी, आतंकवादी, भ्रम फैलाने वाली या इसी तरह की गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए सख्त कदम उठाये जाने की आवश्यकता हो गई है।

सवाल देश की सुरक्षा और आंतरिक शांति और सद्भावना का है तो फिर सोशल मीडिया प्लेटफार्मों को भी समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी का समझना होगा। सरकार की तरफ से इस तरह की गतिविधियों में लिप्त प्लेटफार्मों पर रोक या सख्त कार्रवाई करने में किसी तरह की देरी व संकोच नहीं किया जाना चाहिए। सोशल मीडिया प्लेटफार्म अपनी मूल भूमिका संवाद, साझा जानकारी, स्वस्थ्य मनोरंजन और एक-दूसरे को जोड़ने जैसे मूल्यों को लेकर आगे आना होगा।

(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)

## भारत के साथ गहराई से जोड़ती है डॉ वैद्य की पुस्तक हम और यह विश्व

डॉ. मयंक चतुर्वेदी

### पुस्तक समीक्षा

**भारत** सिर्फ भौगोलिक सीमाओं से बंधा राष्ट्र नहीं है, यह तो अनादि काल से मानवता के कल्याण का ध्वजवाहक रहा है। इस धरा की मिट्टी में जीवन के गहन सत्य, आध्यात्मिक ऊँचाई और समरस सामाजिक व्यवस्था के संस्कार संजोए हुए हैं। किंतु आज, जब विश्व पर भौतिकतावादी दृष्टिकोण का प्रभाव बढ़ रहा है, जब भारत को ही उसकी पहचान से दूर करने के प्रयास हो रहे हैं, तब आवश्यकता है कि हम अपनी राष्ट्रीय चेतना को पुनः पहचानें।

वस्तुतः भारत की सभ्यता, संस्कृति और आध्यात्मिक चेतना को समझने का सबसे मूलभूत प्रश्न है, हम कौन हैं? और भारत की पहचान आखिर क्या है? आज की राजनीति, पहचान और आख्यानों से भरे समय में इस प्रश्न का उत्तर देना जितना आवश्यक है, उतना ही जटिल भी लगता है। इसी जटिल प्रश्न को सरल, तार्किक और प्रामाणिक ढंग से समझाने का अत्यंत सफल प्रयास किया है डॉ. मनमोहन वैद्य ने अपनी पुस्तक हम और यह विश्व में। इसे सुरुचि प्रकाशन, नई दिल्ली द्वारा प्रकाशित किया गया है।

यह पुस्तक आधुनिक चुनौतियों के बीच भारत की वैचारिक और सांस्कृतिक समझ को आधार बनाकर व्यापक विमर्श करती है। यह भारतीय अध्यात्म की गहराई और व्यापकता को दर्शाती है। लेखक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह सरकार्यवाह रहे हैं, वे वर्तमान में संघ की अखिल भारतीय कार्यकारिणी के सदस्य होने के साथ-साथ एक वैज्ञानिक विचारधारा वाले चिंतक भी हैं। अतः उनके विचार बौद्धिक तर्क का सशक्त संगम प्रस्तुत करते हैं। यह पुस्तक भारतीय अस्मिता को समझने, आत्मविश्वास जगाने और इस देश की विचारधारा को सही रूप में प्रस्तुत करने वाला एक अत्यंत प्रभावी संकलन है।

कहना होगा कि यह एक विचारग्रंथ होने के साथ ही उस विमर्श का आधार भी है जो भारत की पहचान को भारत की दृष्टि से समझते हुए उसके भविष्य का पथ निर्देशित करती है। पुस्तक में कुल 42 निबंध चार खंडों में विभाजित हैं, संघ और समाज, भारत की आत्मा, असहिष्णुता का सच और प्रेरणा शाश्वत है। इन प्रमुख खण्डों में विभाजित सभी निबंध समकालीन भारत की वैचारिक लड़ाई के प्रमुख प्रश्नों और उनके समाधान को पाठकों के समक्ष स्पष्ट रूप से रखते हैं। साथ ही प्रत्येक खंड भारतीय समाज और संस्कृति से जुड़े उन प्रश्नों के उत्तर उजागर करता है जिन पर आज गंभीर विमर्श और चिंतन की आवश्यकता है।

पहला खंड संघ और समाज आरएसएस को लेकर फैलाई गई भ्रांतियों और मिथ्या प्रचार का तथ्यात्मक उत्तर देता है। स्वतंत्रता संग्राम में संघ की भूमिका, सामाजिक सद्भाव के लिए किए गए प्रयास और जाति-भेद समाप्त करने की दिशा में उठाए गए ठोस कार्यों का इस खंड में सम्यक वर्णन है। लेखक स्पष्ट करते हैं कि हिंदुत्व किसी संकीर्ण धर्म-संकल्पना का नाम नहीं है, यह तो भारतीय जीवनदृष्टि का समावेशी स्वरूप है, जहां भेद से अधिक एकता और विविधता में सामंजस्य का भाव है। इतिहास को तोड़-मरोड़कर प्रस्तुत करने वालों को यह खंड कड़ा और तर्कपूर्ण उत्तर देता है।

दूसरा खंड भारत की आत्मा इस पुस्तक का दार्शनिक और वैचारिक शिखर है। लेखक बताते हैं कि भारत आर्थिक विकास को लक्ष्य नहीं मानता, वह तो जीवन को प्रकृति और समाज के संतुलन के साथ देखने की दृष्टि देता है। पश्चिमी मॉडल जहाँ व्यक्तिवाद और भौतिक उन्नति को ही सर्वोच्च मानता है, वहीं भारतीय संस्कृति में धर्म, नीति, कर्तव्य और समरसता पर आधारित एक समग्र जीवन-दृष्टि समाहित है। इसी कारण भारत ने विश्व को योग, आयुर्वेद, करुणा, शांति और अध्यात्म का मार्ग दिखाया। इस खंड में हिन्दुत्व की व्यापक अंतरदृष्टि, राम जन्मभूमि, सोमनाथ मंदिर, अनुच्छेद 370, जनजाति समाज की पहचान और भारतीय राष्ट्रीय चेतना की अवधारणा पर प्रस्तुत विश्लेषण अत्यंत प्रभावशाली एवं विचारोत्तेजक है।

उन्होंने मीडियाः भारतीय दृष्टि में संपूर्ण मीडिया जगत को एक दिशा-सूत्र दिया है कि हम भारत को किस नजरिए से देखें; उसे भारतीय दृष्टि से या पश्चिमी नजरिए, आखिर इसके मायने क्या हैं! डॉ. वैद्य यह स्पष्ट करते हैं कि भारत अपने मौलिक विचारों से चलता आया है, किसी बाहरी सत्ता या विचार के निर्देश पर उसे नहीं चलाया जा सकता, जैसे प्रत्येक व्यक्ति का ह्रस्व है वैसे ही भारत का अपना एक विराट स्व है जोकि भारत की संस्कृति, सभ्यता और परंपराओं से प्रकट होता है, इसी कारण से ही भारत सदियों से भारत बना हुआ है।

तीसरा खंड असहिष्णुता का सच उन दुष्प्रचारों का भंडाफोड़ करता है जिनके माध्यम से भारत को विश्व के सामने असहिष्णु देश के रूप में प्रस्तुत करने की कोशिश की जाती रही है। लेखक बताते हैं कि भारत जैसा सहिष्णु, विचारों की स्वतंत्रता देने वाला और विविधता का उत्सव मनाने वाला दूसरा कोई देश नहीं। यहां सदियों से विभिन्न मत, विचार और आस्था के लोग बिना संघर्ष के साथ-साथ जीते आए हैं। इस खंड में यह तथ्य भी मजबूती से रखा गया है कि तथाकथित उदारवादी वर्ग वास्तव में वैचारिक तानाशाही का परिचायक बन चुका है, जहां राष्ट्रचेतना को कट्टरता और भारतीयता को पिछड़ापन कहकर बदनाम किया जाता है। लिबरल्स की नयी अस्पृश्यता, वामपंथियों के संघ विरोध का कल्पना विलाप, संघ और मुस्लिम ब्रदरहुडः कल्पना ही अकलनीय है जैसे लेख इस दिशा में देखे जा सकते हैं। इसके साथ ही हिंदू पाकिस्तान असंभव जैसे लेख भारतीय राष्ट्रवाद की सकारात्मक संरचना को दर्शाते हैं।

## स्पीड न्यूज

### भदानीनगर ओपी में क्राइम मीटिंग



भुरकुंडा (रामगढ़)। भदानीनगर क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को और मजबूत करने के उद्देश्य से मंगलवार को भदानीनगर ओपी परिसर में पतरातू सर्किल इंस्पेक्टर की अध्यक्षता में क्राइम मीटिंग आयोजित की गई। बैठक में भदानीनगर ओपी प्रभारी मो. अख्तर अली, बासल थाना प्रभारी कैलाश कुमार, भुरकुंडा ओपी प्रभारी उपेंद्र कुमार सहित कई थानों के पदाधिकारी मौजूद रहे। इस दौरान पुलिस अधिकारियों से लंबित मामलों की अद्यतन जानकारी ली गई और उनके त्वरित निष्पादन का निर्देश दिया गया। सीआई ने स्पष्ट कहा कि किसी भी स्थिति में क्षेत्र में आपराधिक घटनाओं को बढ़ने नहीं दिया जाएगा। असामाजिक तत्वों एवं संदिग्ध गतिविधियों पर कड़ी नजर रखने का आदेश दिया गया। साथ ही रात्रि गश्ती को और प्रभावी बनाने तथा मुख्य चौक और संवेदनशील इलाकों में पेट्रोलिंग बढ़ाने पर जोर दिया गया। उन्होंने ओपी क्षेत्र में चल रहे विभिन्न छोटे-बड़े विवादों के त्वरित निपटारे और जनता की शिकायतों पर समयबद्ध कार्रवाई की भी हिदायत दी। सीआई ने कहा कि पुलिस की प्राथमिकता आम जनता की सुरक्षा है, इसलिए हर शिकायत को गंभीरता से लेते हुए कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। बैठक में अवैध गतिविधियों पर रोक, यातायात व्यवस्था में सुधार और त्योहारों के दौरान सतर्कता बढ़ाने पर भी चर्चा हुई। क्राइम मीटिंग में भुरकुंडा, भदानीनगर, बासल, पतरातू, बरकाकाना के प्रभारी मौजूद थे।

### सेवा मंच ने किया कंबल वितरण




भुरकुंडा (रामगढ़)। राष्ट्रीय सेवा मंच भुरकुंडा के द्वारा बुधवार को विश्व दिव्यांग दिवस एवं भारत के प्रथम राष्ट्रपति देशरत्न डॉ. राजेंद्र प्रसाद की 141वीं जयंती भव्य रूप से मनाई गई। यह कार्यक्रम भुरकुंडा बाजार परिसर में आयोजित किया गया। इस अवसर पर दिव्यांगजनों के बीच कंबल वितरण किया गया, जिससे जरूरतमंदों में खुशी का माहौल देखा गया। कार्यक्रम में समाजसेवी गिरधारी गोप, मंच के अध्यक्ष डब्लू सिंह, उमाशंकर जायसवाल, रिंकू वर्णवाल, शिवकुमार यादव, बारीक अंसारी, डॉ. जयश्री मेहता, ललन सिंह, अशोक ठाकुर, मो. शाहिद सहित कई लोगों का मौजूद थें। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा मंच के सदस्यों ने बताया कि संस्था पिछले 10 वर्षों से प्रत्येक रविवार को साप्ताहिक बाजार भुरकुंडा में गरीबों के बीच भोजन सेवा कर रही है। उन्होंने कहा कि ठंड के मौसम में जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरण का कार्य निरंतर जारी रहेगा, ताकि कोई भी असहाय व्यक्ति ठंड से पीड़ित न हो।

### दिगवार में लगा स्वास्थ्य शिविर




**कुजू।** दिगवार स्थित पंचायत सचिवालय में सेल रिफ्रैक्टरीज यूनिट रांची रोड की ओर से बुधवार को स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में यूनिट के महाप्रबंधक प्रभारी प्रवीण कुमार गुप्ता, उप महाप्रबंधक आनंद कुमार सिन्हा तथा वार्ड पार्षद कुलदीप कुशवाहा मौजूद रहे। अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर शिविर का शुभारंभ किया। इस दौरान वार्ड पार्षद श्री कुशवाहा के नेतृत्व में आयोजित शिविर में चिकित्सक डॉ. दीपांकर और डॉ. अभिषेक ने क्षेत्र से आए हुए दर्जनों मरीजों की जांच कर नि:शुल्क दवाइयां वितरित कीं।

### ए ला एंगलाइज स्कूल में पूर्व राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद की जयंती मनी




**भुरकुंडा (रामगढ़)।** ए ला एंगलाइज सीनियर सेकेंडरी विद्यालय में बुधवार को भारत के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेन्द्र प्रसाद की जयंती हर्षोल्लास एवं श्रद्धा के साथ मनाई। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय परिसर में स्थापित महान विभूतियों के चित्र पर प्राचार्य विजयंत कुमार, शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं द्वारा पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। इसके उपरांत विद्यालय के संगीत दल ने जोशपूर्ण देशभक्ति गीतों की प्रस्तुति दी, जिससे पूरा वातावरण राष्ट्रभक्ति की भावना से गूंज उठा। विद्यालय के उपप्राचार्य धर्मेश सोनी ने अपने संबोधन में डॉ. राजेन्द्र प्रसाद के जीवन एवं योगदान पर प्रकाश डालते हुए बताया कि आज ही के दिन स्वतंत्रता संग्राम के महान क्रांतिकारी खुदीराम बोस का भी जन्म हुआ था। उन्होंने खुदीराम बोस के शौर्य, त्याग और देशभक्ति के अदम्य साहस को विद्यार्थियों के सामने प्रस्तुत किया। सभा का मुख्य आकर्षण रहा छात्रों द्वारा प्रस्तुत भाषण, कविताएं और नाट्य प्रस्तुतियां, जिनमें डॉ. राजेन्द्र प्रसाद के विनम्र व्यक्तित्व, स्वच्छ राजनीतिक छवि और संविधान निर्माण में उनके ऐतिहासिक योगदान को जीवंत रूप में दर्शाया गया। शिक्षकों ने अपने विचारों में कहा कि डॉ. राजेन्द्र प्रसाद का जीवन युवापीढ़ी के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे इन महान व्यक्तित्वों के आदर्शों को आत्मसात करें और राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका निभाएं।

# रामगढ़ में घर से चोरी हुयी विदेशी मुद्राएं बरामद, दो युवक गिरफ्तार

## तबस्सुम के घर 25 नवंबर को हुयी थी चोरी

खबर मन्त्र संवाददाता






**रामगढ़।** रामगढ़ पुलिस ने एक बंद घर में चोरी के आरोप में दो युवकों को गिरफ्तार किया है। इन युवकों पर घर से विदेशी मुद्रा और जेवरात चुराने का आरोप है। पुलिस अधीक्षक अजय कुमार ने बुधवार को प्रेस वार्ता में बताया कि 27 नवंबर को तबस्सुम ने रजरप्पा थाना में एक लिखित आवेदन दिया गया था। जिसमें उल्लेख किया गया था कि 25 नवंबर को शाम 4.00 बजे वे अपने रिश्तेदार की शादी में शामिल होने के लिये अपनी तीनों बेटियों के साथ टाटा जमशेदपुर गयी थीं। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि इनके घर में कोई नहीं था। 27 नवंबर को इनका छोटा भाई जाहिद आलम, पिता-खुर्शीद आलम एवं इनकी मों मेहर फातमा, पति-खुर्शीद आलम, दोनो सा०-बेलाल नगर चितरपुर, थाना-रजरप्पा, जिला रामगढ घर की देखभाल के नियत से वादिनी के घर गये तो देखा कि घर में चोरी हो गयी है एवं घर का सारा सामान बिखरा पड़ा है। एसपी अजय कुमार ने अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी परमेश्वर प्रसाद के नेतृत्व में एक छापामारी दल का गठन किया था। टीम ने कांड के अनुसंधान एवं तकनीकी साक्ष्यों के विश्लेषण के आधार पर उक्त कांड में चोरी हुई नगद एवं जेवरातों की बरामदगी के लिये रामगढ़ एवं बोकारो जिला अंतर्गत विभिन्न स्थानों पर छापामारी किया जा रहा था। 2 दिसंबर को पुलिस अधीक्षक को गुप्त सूचना मिली कि दो युवक रजरप्पा मोड पर चोरी हुई विदेशी रूपया (दिरहम एवं रियाल) को चितरपुर स्थित विदेशी मुद्रा एक्सचेंज करने वाले दुकान पर जाने वाले है। पुलिस अधीक्षक द्वारा विशेष छापामारी दल को प्राप्त गुप्त सूचना पर त्वरित कार्रवाई करने हेतु निर्देश किया गया। विशेष छापामारी दल द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए रजरप्पा मोड पर दो संदिग्ध युवकों को पकड़ा गया। उनके पास से 1000 का 30 दिरहम, 500 का 3 दिरहम, 100 का 1 दिरहम एवं 500 का 1 रियाल एवं 100 का 1 रियाल बरामद किया गया। छोटु कुमार महतो, उम्र करीब 22 वर्ष, पिता स्व० बासुदेव महतो, सा० आजाद नगर सिवनडीह, थाना-माराफारी, जिला-बोकारो। सन्नी कुमार, उम्र 20 वर्ष, पिता रामकुमार गोप, सा० आजाद नगर सिवनडीह, थाना-माराफारी, जिला-बोकारो। छापेमारी में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी परमेश्वर प्रसाद, रजरप्प थाना प्रभारी कृष्ण कुमार, पुअनि रोहित राज सिंह, पुअनि रंजीत कुमार महतो, पुअनि निरंजन कुमार सिंह, पुअनि अशोक कुमार, आरक्षी मारकंडेय, आरक्षी सुरेन्द्र साहु, आरक्षी बिनोद वास्के, आरक्षी दिलीप वर्णवाल शामिल थे।

# रामगढ़ में डीजल चोरी करने वाले चार गिरफ्तार

## कई वर्षों से सक्रिय था गिरोह, खरीदार भी धराया

खबर मन्त्र संवाददाता

**रामगढ़।** रामगढ़ पुलिस ने टैंकरों से डीजल चोरी करने वाले एक बड़े गिरोह का पदार्फाश किया है। इस मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है, जिनमें चोरी की डीजल खरीदने वाला एक व्यक्ति भी शामिल है। पुलिस अधीक्षक ने बुधवार को प्रेस वार्ता में बताया कि 2 दिसंबर को उन्हें रात करीब 11:30 बजे गुप्त सूचना मिली कि रामगढ जिला के लाईन होटलो के पास खड़ी हाईवा/ट्रकों के तेल टैंकर से लॉक तोड़कर तेल चोरी करने वाला गिरोह एक अल्टो कार से गोला थाना अंतर्गत भ्रमणशील है। सूचना का सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई को लेकर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी परमेश्वर प्रसाद के नेतृत्व में एक छापमारी दल का गठन किया गया। उक्त छापामारी टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए ग्राम हेमतपुर प्रेम लाईन होटल के पास (रिलांयस पेट्रोल पम्प के सामने) वाहन चेकिंग अभियान करना प्रारम्भ किया गया। कुछ देर वाहन चेकिंग करने के उपरांत एक अल्टो कार दिखाई दिया। जिसे रोकने का प्रयास किया गया तो चालक वाहन को तेजी से भागने लगा। जिसे खदेडकर पकड़ा गया। अल्टो कार में तीन व्यक्ति सवार थे। अल्टो कार की तलाशी लेने पर अल्टो कार के पीछे वाली सीट एवं डिक्की में ब्लू रंग का 5 जार दिखा जिसे देखकर एवं सुंघकर प्रतीत हुआ की यह डीजल जैसा द्रव्य है। अल्टो कार में बैठे व्यक्तियों को गाड़ी से नीचे उतारकर बारी-बारी से नाम पता पूछने पर अपना नाम 1. गोपी मुंडा उम्र करीब 28 वर्ष, पिता लक्ष्मण मुंडा, ग्राम मिन्झार, अरगडा रोड, थाना जिला रामगढ स्थायी पता ग्राम ओटार, थाना चक्रधरपुर, जिला पश्चिम सिंहभुम 2. सागर बेदिया, उम्र करीब 25 वर्ष, पिता प्रकाश बेदिया, ग्राम बड़का चुम्बा पडरिया थाना कुजू जिला रामगढ एवं 3. विजय बेदिया, उम्र करीब 28 वर्ष, पे० बुलका बेदिया सा० रेलिगढा, थाना गिद्दी, जिला हजारीबाग बताये। तत्पश्चात अल्टो कार में रखे ब्लू रंग 5 गैलेन में डीजल जैसा द्रव्य के बारे में पूछताछ किया तो इन लोगों के द्वारा बताया गया कि ब्लू रंग के जार में डीजल भरा हुआ है। जिसके बाद डीजल के संबध में वैध कागजात प्रस्तुत करने को कहा गया तो उन लोगो के द्वारा डीजल से सम्बंधित कोई वैध कागजात प्रस्तुत नहीं किया। पकड़े व्यक्तियो से सख्ती से पूछताछ करने पर उन लोगो के द्वारा बताया गया कि हम लोग गोला टोल के पहले होटल के सामने सडक पर लगे हाईवा/ट्रक का तेल टैंकर को तोड़कर उससे डीजल (तेल) चोरी किये है।

### अतिक्रमण को ले मैंगो मैन ने वन प्रमंडल अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

**हजारीबाग।** पर्यावरण संरक्षण को लेकर सक्रिय सामाजिक कार्यकर्ता और मैंगो मैन के नाम से प्रसिद्ध मनोज गुप्ता ने बुधवार को पूर्वी क्षेत्र हजारीबाग के वन प्रमंडल पदाधिकारी को आवेदन देकर कनहरी पहाड़ क्षेत्र में हो रहे वन भूमि अतिक्रमण पर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि जब रक्षक ही भक्षक बन जाएं, तब आम नागरिकों को जल, जंगल और जमीन बचाने की जिम्मेदारी उठानी होगी। उन्होंने बताया कि हजारीबाग शहर से तीन किलोमीटर की दूरी पर स्थित ऐतिहासिक कनहरी पहाड़ प्राकृतिक सुंदरता और जैव विविधता से भरपूर है, लेकिन हाल के वर्षों में पहाड़ के चारों ओर तेजी से कब्जा बढ़ा है। कई जगहों पर पक्की चारदीवारी और गेट तक बना दिए गए हैं। कुछ भूमि बिना वन विभाग की अनुमति के निबंधित भी हो गई है, जो दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि करोड़ों की लागत से जैव विविधता पार्क का उद्घाटन किया गया, लेकिन वहीं दूसरी ओर वन भूमि पर भूमाफिया सक्रिय हैं और विभाग मूकदर्शक बना हुआ है। आम लोगों के लिए पहाड़ जाने का रास्ता बंद कर दिया गया है और गेस्ट हाउस सिर्फ अधिकारियों का आरामगाह बन गया है। उन्होंने मांग की कि वन भूमि को अतिक्रमण मुक्त किया जाए और कनहरी पहाड़ को पर्यटकों के लिए पुनः खोला जाए।

### दौलत महतो शिक्षक प्रशिक्षण कॉलेज में एआई पर कार्यशाला

**बनासो।** दौलत महतो मेमोरियल शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में बुधवार को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस विषय पर कार्यशाला आयोजित हुई। कार्यक्रम में वक्ता मनोज कुमार ने एआई तकनीक के उपयोग और भविष्य की संभावनाओं पर विस्तारपूर्वक जानकारी साझा की। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुनील कुमार चतुर्वेदी ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस शिक्षा, शोध, लेखन और संचार क्षेत्र में क्रांतिकारी भूमिका निभा रहा है।

### गुजरात में नावाटांड के युवक की मौत

**विष्णुगढ़।** प्रखंड के बनासो पंचायत के नावाटांड निवासी 45 वर्षीय जगरनाथ सिंह की गुजरात के भुज में सोमवार को मौत हो गई। वे वहां बिजली विभाग के एक ठेकेदार के अंतर्गत मजदूरी करते थे। खाना बनाने के दौरान अचानक तेज सिरदर्द होने से वे बेहोश हो गए। साथी मजदूरों ने उन्हें अस्पताल पहुंचाया, जहां स्थिति गंभीर देखते हुए अडाणी जनरल अस्पताल रेफर किया गया, लेकिन इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। परिवार के अनुसार आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण वे मजदूरी के लिए बाहर गए थे। मजदूर हित कार्यकर्ता सुरेश राम ने कहा कि झारखंड में रोजगार मिलता तो लोगों को बाहर नहीं जाना पड़ता।

### दुलमाहा: स्कूल निर्माण में अनियमितता

बरही। दुलमाहा उत्क्रमित मध्य विद्यालय में निमार्णाधीन भवन कार्य में अनियमितता का आरोप लगाते हुए ग्रामीणों ने बुधवार को विरोध जताया। ग्रामीणों का आरोप है कि विभाग और ठेकेदार की मिलीभगत से घटिया सामग्री का उपयोग किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार डीएमएफटी फंड से लगभग 30 लाख की लागत से प्रधानाचार्य कक्ष, शौचालय और किचन का निर्माण कराया जा रहा है। ग्रामीणों ने निर्माण स्थल का निरीक्षण किया और बताया कि ईंट, सरिया और गिट्टी मानक के अनुसार नहीं है। इस मामले की शिकायत विभागीय जेइ प्रदीप कुमार को की गई थी, लेकिन वे मौके पर नहीं पहुंचे और न ही प्राक्कलन की जानकारी देने को तैयार हैं। ग्रामीणों ने कहा कि योजना का प्राक्कलन बढ़ाकर भ्रष्टाचार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अगर निर्माण कार्य में सुधार नहीं हुआ तो वे उच्च अधिकारियों के पास शिकायत करेंगे।

# जिंदल फाउंडेशन ने बच्चों को किया सम्मानित

**विश्व दिव्यांग दिवस**

## समाज बदलेगा तभी राज्य और राष्ट्र आगे बढ़ेगा: शालू जिंदल

खबर मन्त्र संवाददाता




**भुरकुंडा (रामगढ़)।** विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर जिंदल स्टील पतरातू में जिंदल फाउंडेशन के तत्वावधान में बुधवार को भव्य और प्रेरणादायी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस विशेष अवसर पर जिंदल आशा केंद्र के विशेष आवश्यकता वाले बच्चों ने अपने प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन करते हुए नृत्य, गीत-संगीत, नाटक और खेल प्रतियोगिताओं के माध्यम से उपस्थित दर्शकों का दिल जीत लिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज में यह संदेश फैलाना था कि दिव्यांगजन प्रतिभा, आत्मविश्वास और क्षमता में किसी से कम नहीं हैं, और समाज एवं परिवार के सहयोग से वे मुख्य धारा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। मुख्य अतिथि रामगढ़ सिविल सर्जन डॉ. महालक्ष्मी प्रसाद ने कहा कि दिव्यांग जनों को समाज की मुख्य धारा में जोड़ना हम सबका सामूहिक दायित्व है। प्लांट प्रमुख कृष्ण बल्लभ सिंह ने कहा कि समाज के विकास में दिव्यांगजन हमारी शक्ति हैं और उनके सम्मान, अधिकार व अवसर सुनिश्चित करने की दिशा में सभी को गंभीर प्रयास करना चाहिए। डॉ. मंजू मिश्रा महिला रोग विशेषज्ञ ने जन्मजात दिव्यांगता को रोकने हेतु गर्भधारण से पूर्व, गर्भावस्था के दौरान और प्रसव के बाद अपनाई जाने वाली सावधानियों पर विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी प्रभाकर कुमार और मोहम्मद इरफान भी उपस्थित थे। कार्यक्रम में जिंदल फाउंडेशन द्वारा विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को सम्मानित किया गया तथा विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। मौके पर महाप्रबंधक संतोष कुमार, रूपेश कुमार, सतवीर सिंह, कुमार राहुल, डॉ. अभिषेक, डॉ. संजीव, सुभाष शरण सहित सीएसआर टीम, बड़ी संख्या में अभिभावक और स्थानीय नागरिक उपस्थित थे। कार्यक्रम के समापन पर सभी अतिथियों ने जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर समाज में समावेशी विकास का संदेश दिया। जिंदल फाउंडेशन की अध्यक्षा शालू जिंदल के नेतृत्व में संचालित जिंदल आशा कार्यक्रम विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के लिए चिकित्सा, शिक्षा, पुनर्वास और कौशल विकास के क्षेत्र में निरंतर कार्यरत है। उनका मानना है कि जब तक समाज के अंतिम पायदान पर खड़ा व्यक्ति मुख्य धारा में शामिल नहीं होता, तब तक विकास अधूरा है।

## एक नजर में

### गौतम बुद्ध शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में ओरिएंटेशन सह इंडक्शन मीट शुरू




हजारीबाग। मुकुंदगंज स्थित गौतम बुद्ध शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में बुधवार से सत्र 2025-27 के नवप्रवेशित प्रशिक्षुओं के लिए दो दिवसीय ओरिएंटेशन कम इंडक्शन मीट की शुरूआत हुई। कार्यक्रम के पहले दिन सचिव मिथिलेश मिश्र ने प्रशिक्षुओं को अनुशासन, संस्कार और सकारात्मक सोच के साथ जीवन में आगे बढ़ने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि शिक्षक समाज निर्माण की महत्वपूर्ण कड़ी हैं और प्रशिक्षण के दौरान प्राप्त मूल्य भविष्य में उनके व्यक्तित्व और पेशेवर योगदान को दिशा देंगे। प्राचार्या डॉ. बसुंधरा कुमारी ने प्रशिक्षुओं को शिक्षण प्रशिक्षण के महत्व और शिक्षक की भूमिका के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने महाविद्यालय के इतिहास से अवगत कराते हुए बताया कि वर्ष 2007 में स्थापित यह पहला बीएड कॉलेज आज 18 वर्षों में हजारों प्रशिक्षुओं को शिक्षक और विभिन्न सेवाओं में योगदान करने योग्य बना चुका है। कार्यक्रम के दौरान प्रशिक्षुओं को कॉलेज के नियम, संसाधन और गतिविधियों की जानकारी दी गई। सहायक प्राध्यापक अनिल कुमार ने कोर्स संरचना, दिलीप कुमार यादव ने अनुशासन नियम, जबकि प्रवीण कुमार रवि ने पुस्तकालय प्रक्रिया की जानकारी दी। संदीप खलखो ने स्मार्ट क्लास और आईसीटी लैब के उपयोग और वर्षा कुमारी ने ड्रेसकोड ऑफ कंडक्टह्न पर जानकारी दी। एस.एस. मैती ने एनएसएस, खेलकूद एवं अन्य गतिविधियों की रूपरेखा बताई। मंच संचालन सहायक प्राध्यापिका सुष्मिता घोषाल ने किया। कार्यक्रम राष्ट्रगान के साथ सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी विभागाध्यक्ष और संकाय सदस्य उपस्थित रहे।

### टाटीझरिया-दारू को जोड़ने वाली सड़क जर्जर



**टाटीझरिया।** झरपो पंचायत सीमावर्ती क्षेत्र में टाटीझरिया और दारू प्रखंड को जोड़ने वाली मुख्य सड़क की स्थिति काफी जर्जर हो गई है। वर्षों से मरम्मत नहीं होने के कारण सड़क जगह-जगह गड्ढों और उखड़े पत्थरों में बदल चुकी है। बारिश के मौसम में कीचड़ से स्थिति और खराब हो जाती है, जिसके चलते आए दिन हादसे हो रहे हैं। यह मार्ग झरपो, भराजो, खैरा, बेडमक्का, जरगा, लोधी, नारायणपुर, टटगांव, पिंडरिया समेत कई गांवों को जोड़ता है। ग्रामीणों के अनुसार दारू चौक में लगने वाले साप्ताहिक हाट में सब्जी खरीदने-बेचने और जरूरी कामों के लिए लोग इसी रास्ते का उपयोग करते हैं। स्थानीय मुखिया एवं 20 सूत्री प्रखंड अध्यक्ष शिबू प्रसाद सोनी ने नाराजगी जताते हुए कहा कि बासोबैर से सीमा नदी तक सड़क निर्माण हो चुका है, लेकिन सीमावर्ती क्षेत्र होने के कारण यह मार्ग अब भी अधूरा पड़ा है। उन्होंने बताया कि यह क्षेत्र पिकनिक स्पॉट के रूप में भी प्रसिद्ध है और हर वर्ष हजारों लोग नए साल के मौके पर यहां पहुंचते हैं। उन्होंने विभाग, सांसद और विधायक से जल्द सड़क के निर्माण की मांग की है ताकि ग्रामीणों को परेशानी से राहत मिल सके।

### धान अधिप्राप्ति को ले स्टेकहोल्डरों को प्रशिक्षण

हजारीबाग। हजारीबाग में खरीफ विपणन मौसम 2025-26 के तहत धान अधिप्राप्ति प्रक्रिया को सुव्यवस्थित और पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से नगर भवन में एक ऑनलाइन प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण का आयोजन आपूर्ति विभाग, हजारीबाग द्वारा किया गया। कार्यक्रम में जिला आपूर्ति पदाधिकारी मुरली यादव और जिला सहकारिता पदाधिकारी मनोज कुमार उपस्थित रहे। प्रशिक्षण में प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी, कंप्यूटर ऑपरेटर, राइस मिलर, लैंपस प्रतिनिधि, एफपीओ सदस्य और संबंधित तकनीकी कर्मी शामिल हुए। ऑनलाइन सत्र के दौरान पोर्टल संचालन, किसान पंजीकरण प्रक्रिया, धान सत्यापन, भुगतान प्रणाली और तकनीकी प्रावधानों पर विस्तार से जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के बाद प्रतिभागियों द्वारा पूछे गए सवालों का समाधान भी अधिकारियों द्वारा किया गया। जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम किसानों को समय पर उचित मूल्य दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। विभाग का लक्ष्य पूरी प्रक्रिया को बाधारहित और पारदर्शी बनाना है ताकि किसी किसान को बाजार में बेचने के लिए मजबूर न होना पड़े। कार्यक्रम में बताया गया कि राज्य सरकार किसानों को बेहतर समर्थन मूल्य उपलब्ध कराने और खरीद-प्रक्रिया को डिजिटल माध्यम से अधिक मजबूत एवं पारदर्शी बनाने की दिशा में तेजी से प्रयास कर रही है।

### हजारीबाग में मनाया गया दिव्यांग दिवस


हजारीबाग। जिले में बुधवार को विश्व दिव्यांगता दिवस संवेदनशीलता और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विभिन्न संस्थानों और विशेष विद्यालयों में दिव्यांगजनों के सम्मान और उनकी प्रतिभा को मंच देने हेतु कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। संत माइकल मूक-बधिर विद्यालय, दीपूगढ़ा में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में दिव्यांग बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुति, नृत्य और नाटक के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक संदेश दिए। कार्यक्रम का उद्घाटन जिला समाज कल्याण पदाधिकारी शिप्रा सिन्हा ने किया। इस दौरान लगभग 230 दिव्यांग बच्चे और उनके परिजन उपस्थित रहे। इसी क्रम में हजारीबाग झील परिसर में ब्लाइंड स्टिक रेस, ट्राइसाइकिल प्रतियोगिता और संगीत कार्यक्रम आयोजित हुए। मुख्य अतिथि ने 24 दृष्टिबाधित प्रतिभागियों को ह्यसारथि स्मार्ट केन प्रदान की। इसके अलावा शिप्रा सिन्हा ने स्पास्टिक विद्यालय का निरीक्षण किया और बच्चों के बीच पौष्टिक खाद्य सामग्री वितरित की। निरीक्षण के दौरान बच्चों की स्वास्थ्य सेवाओं, भोजन और मानसिक देखभाल से संबंधित जानकारी ली गई। जिला प्रशासन ने कहा कि ऐसे आयोजन समाज को दिव्यांगजनों के प्रति अधिक संवेदनशील बनाते हैं और उन्हें मुख्यधारा से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

### बड़कागांव में बीईईओ को दी गयी विदाई

बड़कागांव। बीआरसी परिसर में बुधवार को प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी जवाहर प्रसाद के सेवानिवृत्त होने और विजय राम को नए पदाधिकारी के रूप में प्रभार मिलने पर विदाई-सह-स्वागत समारोह आयोजित किया गया। समारोह की अध्यक्षता शिक्षक चेतलाल राम ने और संचालन अवधेश कुमार ने किया। बीडीओ जितेंद्र मंडल ने कहा कि जवाहर प्रसाद का कार्यकाल प्रशंसनीय रहा और उन्होंने शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। विजय राम ने कहा कि वे शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने के लिए शिक्षकों और विभाग के साथ मिलकर काम करेंगे। मौके पर बीआरपी, सीआरपी, शिक्षक और समाजसेवी मौजूद रहे।

### बरही में ट्रैक्टर एवं कृषि उपकरण वितरित

**बरही।** महिला सशक्तिकरण और आधुनिक कृषि को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बुधवार को जिला भूमि संरक्षण विभाग द्वारा सत्यम आजीविका समूह को ट्रैक्टर और कृषि उपकरणों का वितरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक मनोज कुमार यादव उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि डीएसओ संजय कुमार पांडेय, जिला परिषद सदस्य प्रीति गुप्ता और विधायक प्रतिनिधि रमेश ठाकुर शामिल थे। मौके पर डीएसओ पांडेय ने बताया कि ट्रैक्टर 50फीसदी अनुदान पर उपलब्ध कराया गया, साथ ही रोटावेटर, कल्टीवेटर और केज व्हील भी प्रदान किए गए।



# आखिर क्यों धधक रही है पृथ्वी

**योगेश कुमार गोयल**

हम न केवल भारत में बल्कि वैश्विक स्तर पर तापमान में लगातार हो रही बढ़ोतरी तथा मौसम का निरन्तर बिगड़ता मिजाज गंभीर चिंता का सबब बना है। हालांकि जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए विगत वर्षों में दुनियाभर में दोहा, कोपेनहेगन, कानकुन इत्यादि बड़े-बड़े अंतरराष्ट्रीय स्तर के सम्मेलन होते रहे हैं किन्तु इस दिशा में अभी तक ठोस कदम उठते नहीं देखे गए हैं। दरअसल वास्तविकता यही है कि राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय मंचों पर प्रकृति के बिगड़ते मिजाज को लेकर चचाएं और चिंताएं तो बहुत होती हैं, तरह-तरह के संकल्प भी दोहराये जाते हैं किन्तु सुख-संसाधनों की अंधी चाहत, सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि, अनियंत्रित औद्योगिक विकास और रोजगार के अधिकाधिक अवसर पैदा करने के दबाव के चलते इस तरह की चचाएं और चिंताएं अर्थहीन होकर रह जाती हैं।

प्रकृति पिछले कुछ वर्षों से बार-बार भयानक आंधियों, तूफान और ओलावृष्टि के रूप में यह गंभीर संकेत दे रही है कि विकास के नाम पर हम प्रकृति से भयानक तरीके से जिस तरह का खिलवाड़ कर रहे हैं, उसके परिणामस्वरूप मौसम का मिजाज कब कहां किस कदर बदल जाए, कुछ भी भविष्यवाणी करना मुश्किल होता जा रहा है। ग्लोबल वार्मिंग के चलते दुनियाभर में मौसम का मिजाज किस कदर बदल रहा है, इसका अनुमान इसी से लगाया जा सकता है कि उत्तरी ध्रुव के तापमान में एक-दो नहीं बल्कि बड़ी बढ़ोतरी देखी गई। मौसम की प्रतिकूलता साल दर साल किस कदर बढ़ती जा रही है, यह इसी से समझा जा सकता है कि कहीं भयानक सूखा तो कहीं बेमौसम अत्यधिक वर्षा, कहीं जबरदस्त बर्फबारी तो कहीं कड़ाके की ठंड, कभी-कभार ठंड में गर्मी का अहसास तो कहीं तूफान और कहीं भयानक प्राकृतिक आपदाएं, ये सब प्रकृति के साथ हमारे खिलवाड़ के ही दुष्परिणाम हैं और हमें यह सचेत करने के लिए पर्याप्त हैं कि अगर हम इसी प्रकार प्रकृति के संसाधनों का बुरे तरीके से दोहन करते रहे तो हमारे भविष्य की तस्वीर कैसी होने वाली है।

हालांकि प्रकृति कभी समुद्री तूफान तो कभी भूकम्प, कभी सूखा तो कभी अकाल के रूप में अपना विकराल रूप दिखाकर हमें चेतावनी भी देती रही है किन्तु जलवायु परिवर्तन से निपटने के नाम पर वैश्विक चिंता व्यक्त करने से आगे हम शायद कुछ करना ही नहीं चाहते। हम यह समझना ही नहीं चाहते कि पहाड़ों का सीना चीरकर हरे-भरे जंगलों को तबाह कर हम जो कंक्रीट के जंगल विकसित कर रहे हैं, वह वास्तव में विकास नहीं बल्कि विकास के नाम पर हम अपने विनाश का ही मार्ग प्रशस्त कर रहे हैं। पहाड़ों में बढ़ती गर्माहट के चलते हमें अक्सर घने वनों में भयानक आग लगने की खबरें सुनने को मिलती रहती हैं। पहाड़ों की इसी गर्माहट का सीधा असर निचले मैदानी इलाकों पर पड़ता है, जहां का पारा अब हर वर्ष बढ़ता जा रहा है।



धरती का तापमान यदि इसी प्रकार साल दर साल बढ़ता रहा तो आने वाले वर्षों में हमें इसके बेहद गंभीर परिणाम भुगतने को तैयार रहना होगा क्योंकि हमें यह बखूबी समझ लेना होगा कि जो प्रकृति हमें उपहार स्वरूप शुद्ध हवा, शुद्ध पानी, शुद्ध मिट्टी तथा ढ़ेरों जनोपयोगी चीजें दे रही है, अगर मानवीय क्रियाकलापों द्वारा पैदा किए जा रहे पर्यावरण संकट के चलते प्रकृति कुपित होती है तो उसे सब कुछ नष्ट कर डालने में पल भर की भी देर नहीं लगेगी। करीब दो दशक पहले देश के कई राज्यों में जहां अप्रैल माह में अधिकतम तापमान औसतन 32-33 डिग्री रहता था, अब वह 40 के पार रहने लगा है। मौसम विभाग का तो अनुमान है कि अगले तीन दशकों में इन राज्यों में तापमान में वृद्धि 5 डिग्री तक दर्ज की जा सकती है और इसी प्रकार तापमान बढ़ता रहा तो एक ओर जहां जंगलों में आग लगने की घटनाओं में बढ़ोतरी होगी, वहीं धरती का करीब 20-30 प्रतिशत हिस्सा सूखे की चपेट में आ जाएगा तथा एक चौथाई हिस्सा रेगिस्तान बन जाएगा, जिसके दायरे में भारत सहित दक्षिण पूर्व एशिया, मध्य अमेरिका, दक्षिण आस्ट्रेलिया, दक्षिण यूरोप इत्यादि आएंगे।

सवाल यह है कि धरती का तापमान बढ़ते जाने के प्रमुख कारण क्या हैं? इसका सबसे अहम कारण है ग्लोबल वार्मिंग, जो तमाम तरह की सुख-सुविधाएं व संसाधन जुटाने के लिए किए जाने वाले मानवीय क्रियाकलापों की ही देन है। पेट्रोल, डीजल से उत्पन्न होने वाले धुएं ने वातावरण में कार्बन डाईऑक्साइड तथा ग्रीन हाउस गैसों की मात्रा को खतरनाक स्तर तक पहुंचा दिया है। विशेषज्ञों का अनुमान है कि वातावरण में पहले की अपेक्षा 30 फीसदी ज्यादा कार्बन डाईऑक्साइड मौजूद है, जिसकी मौसम का मिजाज बिगाड़ने में अहम भूमिका है। पेड़-पौधे कार्बन डाईऑक्साइड को अवशोषित कर पर्यावरण संतुलन बनाने में अहम भूमिका निभाते रहे हैं लेकिन पिछले कुछ दशकों में वन-क्षेत्रों को बड़े पैमाने पर कंक्रीट के जंगलों में तब्दील किया जाता रहा है।

एक और अहम कारण है बेतहाशा जनसंख्या वृद्धि। जहां 20वीं सदी में वैश्विक जनसंख्या करीब 1.7 अरब थी, अब बढ़कर 8 अरब से भी ज्यादा हो चुकी है। अब सोचने वाली बात यह है कि धरती का क्षेत्रफल तो उतना ही रहेगा, इसलिए कई गुना बढ़ी आबादी के रहने और उसकी जरूरतें पूरी करने के लिए प्राकृतिक संसाधनों का बड़े पैमाने पर दोहन किया जा रहा है, इससे पर्यावरण की सेहत पर जो जबरदस्त प्रहार हुआ है, उसी का परिणाम है कि धरती बुरी तरह धधक रही है। ब्रिटेन के प्रख्यात भौतिक शास्त्री स्टीफन हॉकिंग की इस टिप्पणी को कैसे नजरअंदाज किया जा सकता है कि यदि मानव जाति की जनसंख्या इसी कदर बढ़ती रही और ऊर्जा की खपत दिन-प्रतिदिन इसी प्रकार होती रही तो करीब 600 वर्षों बाद पृथ्वी आग का गोला बनकर रह जाएगी। धरती का तापमान बढ़ते जाने का ही दुष्परिणाम है कि ध्रुवीय क्षेत्रों में बर्फ पिघल रही है, जिससे समुद्रों का जलस्तर बढ़ने के कारण दुनिया के कई शहरों के जलमग्न होने की आशंका जताई जाने लगी है।

बहरहाल, अगर प्रकृति से खिलवाड़ कर पर्यावरण को क्षति पहुंचाकर हम स्वयं इन समस्याओं का कारण बने हैं और हम वाकई गंभीर पर्यावरणीय समस्याओं को लेकर चिंतित हैं तो इन समस्याओं का निवारण भी हमें ही करना होगा ताकि हम प्रकृपि के प्रकोप का भाजन होने से बच सकें अन्यथा प्रकृति से जिस बड़े पैमाने पर खिलवाड़ हो रहा है, उसका खामियाजा समस्त मानव जाति को अपने विनाश से चुकाना पड़ेगा।

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

# वास्तु शास्त्र से प्रभावित मिट्टी जल और भवन

हवा, सूर्य का प्रकाश, धरती, बीज वही रहते हैं पर फसल नहीं उगती। वातावरण और भूमि की स्थिति, उसकी किस्म का प्रभाव फसल पर पड़ता है। भारतीय वास्तु शास्त्र के अनुसार भूमिखंड व उसकी दिशाओं आदि का प्रभाव भी कृषि पर पड़ता है। किसी भूखंड के आग्नेय कोण पर लगाया गया नारियल का वृक्ष सूख जायेगा। नारियल के वृक्ष को आग्नेय कोण में लगा देने से वह सूख जायेगा, फल नहीं देगा, फलों की उत्पत्ति होगी भी तो उनके गुणों पर प्रभाव पड़ेगा, ठंडापन कम हो जायेगा, फल का आकार छोटा हो जायेगा। नारियल एक जलीय वनस्पति है यह ईशान कोण में ही उचित रूप से फलेगा और फूलेगा और उसकी गुणवत्ता भी उत्तम प्रकृति की होगी।

**मिट्टी भूमि और फसल :** आधुनिक विज्ञान की खोज भूमि, मिट्टी एवं फसलों के बारे में आधुनिक विज्ञान के अंतर्गत कई तरह के खोज किए गए हैं। लेकिन उनका प्रयोग लाभदायक है या हानिकारक, ये ज्ञान हमारे किसान भाईयों के मस्तिक में है। भले ही वे वास्तु सूत्रों या सिध्दांतों के बारे में कुछ भी ज्ञान न रखते हों, यह उनका अपना व्यावहारिक अनुभव है जो मिट्टी एवं उसकी प्रकृति व गुणों से संबंधित है। अतः इस अनुभव को वास्तुसम्मत ही समझें। वैसे वास्तु का प्राचीन वर्गीकरण निम्लिखित हैः

**ब्राह्मणी मिट्टी** : सभी प्रकार के सात्विक गुणों वाली वनस्पति अन्न कंद या मूल के लिये ब्राह्मणी मिट्टी उपयुक्त है। सात्विक अन्न, वनस्पति, कंदमूल इत्यादि वे हैं, जिन्हें खाने से मन मस्तिष्क एवं हृदय को शांति व शक्ति मिलती है।

**क्षेत्रीय मिट्टी** : ऐसे अन्न या वनस्पति इत्यादि जो स्फूर्ति, ऊर्जा, क्रियाशीलता उत्पन्न करते हैं। क्षेत्रीय मिट्टी उत्तम परिणाम एवं गुणों को उत्पन्न करते हैं।

**वैश्या मिट्टी** : ऐसे अन्न, कंद, मूल एवं वनस्पति जो चर्बी बढ़ाते हैं और शरीर में स्थूलता, मन में आलस्य करते हैं, वैशया मिट्टी में अधिक जीवन शक्ति और गुणवत्ता से उन्नति करते हैं।

**शुद्र मिट्टी** : जिन वनस्पतियों से कड़वाहट, अत्यधिक गर्मी, प्रमाद, मादकता, जड़ता उन्नति होती है।

**फसलों का दिशाओं हेतु चुनाव**

■ **नैर्ऋत्य कोण में** : भारी बड़े फल या दाने वाले, गूढ़ बलदायक गुण वाले।

■ **वायव्य कोण में** : लंबे कद, लंबाकार दानों, या फलों, पतले तने वाले वायवीय गुणों वाले अनाज और फल।

■ **आग्नेय कोण में** : गर्म, तीखे कम जल वाले तीक्ष्ण, कटु जठराग्नि को प्रदीप्त करने वाले मिर्च, अदरक आदि।

■ **ईशान कोण में** : जलीय गुणों वाले रसदार फल आदि।

## अनुकूल मौसम

अक्सर देखा गया है कि फसल में गुण मौसम के प्रतिकूल होते हैं। इसका



मतलब यह है कि गर्म मौसम में ठंडे और ठंडे मौसम में गर्म गुण वाली फसल होती है। वैसे भी जाड़े में इसकी नामिक की क्रिया तेज होती है और इसमें से ऊर्जा का विकिरण अधिक होता है। गर्मी में इसका ठीक उल्टा होता है। समुद्र के किनारें बड़ी नदियों के तट पर बरसात के मौसम में जलीय गुणों से युक्त पौधे, फल या वनस्पति उत्पन्न होते हैं। पठार, शुष्क प्रदेश, कम ऊर्जावाले क्षेत्रों में जलीय तत्व नहीं होते हैं। जहां वर्षा अधिक होती है, जलस्त्रोत का प्रभाव होता है, समुद्री किनारा होता है या भूमि की ही स्थिति उस क्षेत्र में जलीय होती है।

**विशेष** : बांस, बेंत, घास इत्यादि ऐसी वनस्पतियां जिनमें आग लग सकती है आगेय कोण में लगायें। इसे वायव्य कोण में कभी न लगायें। हवा का झोंका रगड़ उत्पन्न कर अग्नि पैदा कर सकता है।

■ कैले जलीय तने वाले वृक्ष एवं धान जैसे पौधे ऐसी भूमि पर लगायें जो फलीय हों।

■ जिस भूमि में तीन फुट नीचे बालू की अधिक मात्रा हो वहां वृक्ष न लगायें ऐसी कोई फसल न उगायें जिसकी जड़ें गहरी हों नहीं तो फसल सूखेगी।

■ जिस भूमि के नीचे 3 इंच के बाद पानी हो या बालू हो, वहां भी बड़े वृक्ष न लगायें। यहां केला तो लगाया जा सकता है पर कटहल, आम, लीची एक निश्चित अवधि के बाद सूख जायेंगे।

■ एक विचित्र अनता सरकारी वृक्षारोपण में देखी गई है। बीच में सागवान या कीमती वृक्ष का पौधा लगाकर उसके चारों ओर बबूल के पेड़ लगा देते हैं सुरक्षा के लिये यह उपाय नायाब है। मगर यह किसी की समझ में नहीं आता कि बबूल की जड़ की गर्मी वह बेचारा नन्हा पौधा कैसे सह पायेगा? मृत हो जायेगा

**जलस्त्रोत :** सिंचाई के लिये जल नलकूप ईशान कोण में लगवाना चाहिए। लोहे के पाइप उत्तम होते हैं। यदि मोटर पम्प यहां कोई चैकोर या वृताकार गड्ढा बनाकर लगाया जाये वो बेहतर है। इसके लिये बनाये गए कक्ष के शेड में बिजली के बोर्ड आदि आगेय कोण में लगायें। पम्प सैट प्रयोग कर रहे हों तो इसे नैर्ऋत्य कोण में लगाये।

# अब हर दिन पृथ्वी को बचाने की बात हो

**योगेश कुमार गोयल**

**तमाम** तरह की सुख-सुविधाएं और संसाधन जुटाने के लिए किए जाने वाले मानवीय क्रियाकलापों के कारण आज पूरी दुनिया ग्लोबल वार्मिंग की भयावह समस्या से त्रस्त है। इसीलिए पर्यावरण संरक्षण को लेकर लोगों में जागरूकता पैदा करने तथा पृथ्वी को बचाने के संकल्प के साथ प्रतिवर्ष 22 अप्रैल को विश्वभर में पृथ्वी दिवस मनाया जाता है।

प्रकृति कभी समुद्री तूफान तो कभी भूकम्प, कभी सूखा तो कभी अकाल के रूप में अपना विकराल रूप दिखाकर हमें निरन्तर चेतावनियां देती रही है किन्तु जलवायु परिवर्तन से निपटने के नाम पर वैश्विक चिंता व्यक्त करने से आगे हम शायद कुछ करना ही नहीं चाहते। अगर प्रकृति से खिलवाड़ कर पर्यावरण को क्षति पहुंचाकर हम स्वयं इन समस्याओं का कारण बने हैं और गंभीर पर्यावरणीय समस्याओं को लेकर हम वाकई चिंतित हैं तो इन समस्याओं का निवारण भी हमें ही करना होगा।

ताकि हम प्रकृपि के प्रकोप का भाजन होने से बच सकें अन्यथा प्रकृति से जिस बड़े पैमाने पर खिलवाड़ हो रहा है, उसका खामियाजा समस्त मानव जाति को अपने विनाश से चुकाना पड़ेगा। लोगों को पर्यावरण एवं पृथ्वी संरक्षण के लिए जागरूक करने के लिए साल में केवल एक दिन अर्थात 22 अप्रैल को ह्यपृथ्वी दिवसह्न मनाने की औपचारिकता निभाने से कुछ हासिल नहीं होगा। अगर हम वास्तव में पृथ्वी को खुशहाल देखना चाहते हैं तो यही ह्यपृथ्वी दिवसह्न प्रतिदिन मनाए जाने की आवश्यकता है।

हालांकि पृथ्वी दिवस को मनाए जाने का वास्तविक लाभ तभी है, जब हम आयोजन को केवल रस्म अदायगी तक ही सीमित न रखें बल्कि धरती की सुरक्षा के लिए इस अवसर पर लिए जाने वाले संकल्पों को पूरा करने हेतु हरसंभव प्रयास भी करें। हमें बखूबी समझ लेना होगा कि अगर पृथ्वी का तापमान साल दर साल इसी प्रकार बढ़ता रहा तो आने वाले वर्षों में हमें इसके बेहद गंभीर परिणाम भुगतने को तैयार रहना होगा।

> सदी में वैश्विक जनसंख्या करीब 1.7 अरब थी, अब बढ़कर करीब 7.8 अरब हो चुकी है। धरती का क्षेत्रफल तो उतना ही रहेगा, इसीलिए कई गुना बढ़ी आबादी के रहने और उसकी जरूरतें पूरी करने के लिए प्राकृतिक संसाधनों का बड़े पैमाने पर दोहन किया जा रहा है। इससे पर्यावरण की सेहत पर जो प्रहार हो रहा है, उसी का परिणाम है कि धरती अब धधक रही है।भारत के कई हिस्सों में इस साल जिस प्रकार मार्च महीने में ही बढ़ते पारे का प्रकोप देखा गया, वह जलवायु परिवर्तन का स्पष्ट संकेत है। करीब दो दशक पहले देश के कई राज्यों में जहां अप्रैल माह में अधिकतम तापमान औसतन 32-33 डिग्री रहता था, वहीं अब मार्च महीने में ही पारा 40 डिग्री तक पहुंचने लगा है। 2016 में राजस्थान के फलौदी का तापमान तो 51 डिग्री दर्ज किया गया था और इस तापमान में और वृद्धि की आशंका है।

प्रदूषण मुक्त सांसें पुस्तक के अनुसार पैट्रोल, डीजल से उत्पन्न होने वाले धुएं ने वातावरण में कार्बन डाइऑक्साइड तथा ग्रीन हाउस गैसों की मात्रा को खतरनाक स्तर तक पहुंचा दिया है और वातावरण में पहले की अपेक्षा 30 फीसदी ज्यादा कार्बन डाइऑक्साइड मौजूद है, जिसकी जलवायु परिवर्तन में अहम भूमिका है। पेड़-पौधे कार्बन डाइऑक्साइड को अवशोषित कर पर्यावरण संतुलन बनाने में अहम भूमिका निभाते रहे हैं लेकिन पिछले कुछ दशकों में वन-क्षेत्रों को बड़े पैमाने पर कंक्रीट के जंगलों में तब्दील किया जाता रहा है।

पृथ्वी पर बढ़ते दबाव का एक महत्वपूर्ण कारण बेतहाशा जनसंख्या वृद्धि भी है। जहां 20वीं सदी में वैश्विक जनसंख्या करीब 1.7 अरब थी, अब बढ़कर करीब 7.8 अरब हो चुकी है। अब सोचने वाली बात यह है कि धरती का क्षेत्रफल तो उतना ही रहेगा, इसीलिए कई गुना बढ़ी आबादी के रहने और उसकी जरूरतें पूरी करने के लिए प्राकृतिक संसाधनों का बड़े पैमाने पर दोहन किया जा रहा है। इससे पर्यावरण की सेहत पर जो प्रहार हो रहा है, उसी का परिणाम है कि धरती अब धधक रही है।

भारत के कई हिस्सों में इस साल जिस प्रकार मार्च महीने में ही बढ़ते पारे का प्रकोप देखा गया, वह जलवायु परिवर्तन का स्पष्ट संकेत है। करीब दो दशक पहले देश के कई राज्यों में जहां अप्रैल माह में अधिकतम तापमान औसतन 32-33 डिग्री रहता था, वहीं अब मार्च महीने में ही पारा 40 डिग्री तक पहुंचने लगा है। 2016 में राजस्थान के फलौदी का तापमान तो 51 डिग्री दर्ज किया गया था और इस तापमान में और वृद्धि की आशंका है।

प्रकृति कभी समुद्री तूफान तो कभी भूकम्प, कभी सूखा तो कभी अकाल के रूप में अपना विकराल रूप दिखाकर हमें चेतावनियां देती रही है किन्तु जलवायु परिवर्तन से निपटने के नाम पर वैश्विक चिंता व्यक्त करने से आगे हम शायद कुछ करना ही नहीं चाहते। हम नहीं समझना चाहते कि पहाड़ों का सीना चीरकर हरे-भरे जंगलों को तबाह कर हम कंक्रीट के जो जंगल विकसित कर रहे हैं, वह वास्तव में विकास नहीं बल्कि विकास के नाम पर हम अपने विनाश का ही मार्ग प्रशस्त कर रहे हैं।

यदि हम चाहते हैं कि हम धरती मां के कर्ज को थोड़ा भी उतार सकें तो यह केवल तभी संभव है, जब वह पेड़-पौधों से आच्छादित, जैव विविधता से भरपूर तथा प्रदूषण से सर्वथा मुक्त हो और हम चाहें तो सामूहिक रूप से यह सब करना इतना मुश्किल भी नहीं है। बहरहाल, यह अब हमें ही तय करना है कि हम किस युग में जीना चाहते हैं? एक ऐसे युग में, जहां सांस लेने के लिए प्रदूषित वायु होगी और पीने के लिए प्रदूषित और रसायनयुक्त पानी तथा ढ़ेर सारी खतरनाक बीमारियों की सौगात या फिर ऐसे युग में, जहां हम स्वच्छंद रूप से शुद्ध हवा और शुद्ध पानी का आनंद लेकर एक स्वस्थ एवं सुखी जीवन का आनंद ले सकें।



### सिद्धो-कान्हू युवा खेल क्लब को मिलेगा सरकारी अनुदान

# लापरवाह पदाधिकारियों को जल्द बदलने का निर्देश

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**ओरमांझी।** सिद्धो-कान्हू क्लबों को 25-25 हजार का सरकारी अनुदान मिलगा। यह राशि से खेल सामग्रियों की खरीद, प्रशिक्षण व स्थानीय खिलाड़ियों को बेहतर अवसर प्रदान करने के लिए सरकार द्वारा दी जा रही है। बीडीओ कामेश्वर बेदिया द्वारा सभी निबंधित सिद्धो-कान्हू युवा खेल क्लब को अपना बैंक खाता खोलकर 10 दिसंबर तक जानकारी देने को कहा गया है। वहीं बीडीओ ने रूचि नहीं लेने वाले क्लब के सभी पदाधिकारियों को बदलने का भी स्पष्ट निर्देश जारी कर दिया गया है। बीडीओ ने इसे अत्यंत आवश्यक बताते हुए प्रखंड के सभी मुखिया, ग्रामप्रधान, पंचायत समिति सदस्यों, वार्ड सदस्यों तथा सिद्धो-कान्हू युवा खेल क्लबों के अध्यक्ष, सचिव व संबंधित पदाधिकारियों को प्रखंड स्तरीय गठित व निबंधित सभी खेल क्लबों को सरकारी अनुदान प्राप्त करने हेतु बैंक खाता तत्काल खोलवाने के लिए कहा गया है। उन्होने जिन क्लबों के अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष या अन्य पदाधिकारी अनुदान प्रक्रिया में रुचि नहीं ले रहे हैं, उन्हे ग्रामसभा आयोजित कर बदलने के लिए भी कहा गया है। इसकी जानाकरी देते हुए बीडीओ कामेश्वर बेदियष ने बताया प्रखंड में अब तक ग्राम सांती, गुंजा, तापे, पांचा, चाडू, कुल्ही, हेन्देबिली, बिजांग, झीरी, हेसातु, कामता, पिस्का, कुच्चू, डुन्डे, गणेशपुर, चापावार, जयडीहा, पिपराबंडा सहित 18 सिद्धो-कान्हू युवा खेल क्लब निबंधित हैं। कहा सरकारी अनुदान राषि क्षेत्र में खेल व प्रतिभाओं की विकास की दिशा में महत्वपूर्ण होगी।



बीडीओ कामेश्वर बेदिया।

# सदर अस्पताल में सिकल सेल एनीमिया जांच लैब का शुभारंभ

- टाटा स्टील फाउंडेशन ने 4.25 करोड़ रुपये की लागत से स्थापित है यह लैब
- लैब में अगले दो वर्षों में दो लाख लोगों की जांच का लक्ष्य
- एनएचएम झारखंड और टाटा स्टील फाउंडेशन संयुक्त पहल है लैब

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिले के खासमहल स्थित सदर अस्पताल में बुधवार को सिकल सेल एनीमिया की अत्याधुनिक जांच प्रयोगशाला का शुभारंभ किया गया। नेशनल हेल्थ मिशन, झारखंड और टाटा स्टील फाउंडेशन के संयुक्त प्रयास से स्थापित यह लैब राज्य में शुरूआती पहचान और त्वरित निदान को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि झारखंड सरकार के स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. इरफान अंसारी थे। मौके पर पोटका विधायक संजीव सरदार, जमशेदपुर पूर्व की विधायक पूनम साही, स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह, मिशन निदेशक एनएचएम शशि प्रकाश झा, उपायुक्त पूर्वी सिंहभूम कर्ण सत्यार्थी, सिविल सर्जन डॉ. साहिर पाल, एसीएमओ अजय कुमार सिन्हा तथा टाटा स्टील फाउंडेशन के निदेशक डी.बी. सुंदरा रमन और सीईओ सौरव रॉय उपस्थित थे।

नव-स्थापित लैब सीएसआईआर-सीसीएमबी द्वारा विकसित आइसीएमआर-अनुमोदित डीबीएस-पीसीआर तकनीक पर आधारित है। यह पूर्वी सिंहभूम जिले के लिए केंद्रीय प्रसंस्करण केंद्र के रूप में कार्य करेगी, जिससे दूरदराज के आदिवासी क्षेत्रों को तेज, सटीक और सुलभ जांच सुविधा मिल सकेगी।






नव स्थापित सिकल सेल एनीमिया लैब और लैब का उद्घाटन करते स्वास्थ्य मंत्री, टाटा स्टील के वीपी डीबी सुंदर रामम व विधायकगण।

**सुदूर क्षेत्र में रहने वाले समुदायों को मिलेगा विशेष लाभ : सुंदर रामम**

टाटा स्टील फाउंडेशन के निदेशक डी.बी. सुंदरा रमन ने कहा कि यह लैब कठिन पहुंच वाले क्षेत्रों में रहने वाले समुदायों के लिए एक महत्वपूर्ण सहायता साबित होगी। यह पहल फाउंडेशन की स्वास्थ्य संबंधी प्रतिबद्धता को दर्शाती है। टाटा स्टील फाउंडेशन द्वारा 4.25 करोड़ रुपये की लागत से स्थापित इस परियोजना के तहत अगले दो वर्षों में दो लाख लोगों की जांच का लक्ष्य रखा गया है, जिसमें विशेष रूप से आदिवासी समुदाय और पीवीटीजी समूहों को प्राथमिकता दी जाएगी। यह अभियान राष्ट्रीय सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन मिशन (2023-2047) के अनुरूप है। परियोजना के तहत सामुदायिक स्तर पर फ्रंटलाइन स्वास्थ्यकर्मियों के माध्यम से सैंपल संग्रह किया जाएगा। सभी जांच रिपोर्टें राष्ट्रीय सिकल सेल ऐप में एबीएचए आईडी या मोबाइल नंबर के माध्यम से डिजिटल रूप से दर्ज होंगी।

## स्पीड न्यूज



### वीर नागेश्वर जयंती पर विधायक ने किया नमन

**चांडिल।** ईचागढ़ के नागासेरेंग मोड़ स्थित कारगिल में शहीद हुए नागेश्वर महतो की जयंती पर बुधवार को विधायक सविता महतो नें माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया। विधायक ने कहा कि शहीद का खून व्यर्थ नहीं जायेगा। कारगिल युद्ध के दौरान नागेश्वर महतो शहीद हो गये थे। उनके जयंती पर उन्हें याद कर नमन किया गया। मौके पर काबलु महतो, अमित सिन्हा, बिजय कृष्ण महतो, समर भुईयां, श्रीकांत महतो उपस्थित थे।

### पूर्व विधायक के पिता का निधन, मुंडा भी शोकाकुल



**गम्हरिया।** ईचागढ़ के पूर्व विधायक स्व. साधु चरण महतो के पिताजी हरे मोहन महतो (80) का निधन हो गया। उनके निधन पर पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा ने शोक व्यक्त किया है। उन्होंने दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करने तथा शोकाकुल परिवार को इस विकट परिस्थिति में दु:ख सहन करने की शक्ति देने की ईश्वर से कामना की।

### गम्हरिया में किया गया राजेंद्र बाबू को नमन




**गम्हरिया।** चित्रगुप्त महासमिति गम्हरिया ने देश के प्रथम राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद की 141वीं जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। चित्रगुप्त भवन में आयोजित कार्यक्रम में सदस्यों ने उनकी तस्वीर पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किये। अध्यक्षता समिति के उपाध्यक्ष केएम श्रीवास्तव ने की।

**शपथ पत्र**

कार्यपालक दंडाधिकारी, सदर रांची
मैं बरखा गुप्ता पति विकास नंदन निवासी ग्राम सतगावां, थाना+पोस्ट- हरिहरगंज, जिला-पलामू झारखंड की निवासी हूं। शपथ पूर्वक बयान करती हूं कि
1. यह कि मैं भारतीय नागरिक हूं एवं उपरोक्त पता का निवासी हूं।
2. यह कि विराट कुमार मेरा पुत्र है, जिसका जन्मतिथि 04/01/ 2010 ई है जो जन्म प्रमाण पत्र में अंकित है। जिसका रजिस्ट्रेशन नंबर-06, दिनांक 04/01/2010 ई है।
3. यह कि मेरा पुत्र का आधार कार्ड संख्या 5915 8418 1873 में गलती से मेरे बेटे का नाम बिराट कुमार अंकित है। जो गलत है।
4. यह कि शपथ पत्र में मेरा पुत्र का नाम विराट कुमार को आधार कार्ड में सुधार करने हेतू कर रहे हैं। विराट कुमार एक ही व्यक्ति का नाम है, जो एक ही व्यक्ति है।
5. यह कि उपर लिखे गये बातें मेरी जानकारी में सही व सत्य है, अगर गलत पाये जाने पर उसकी जिम्मेवारी मेरे उपर होगी। यह शपथ पत्र आज दिनांक 03/12/2025 ई को इस प्रकार संपन्न हुआ। उपरोक्त शपथकर्ता जिनका पहचान अधिवक्ता मलय मंडल द्वारा किया गया।
6. 29/11/2025 को रांची में शपथ ली गयी और हस्ताक्षर किये गये।

मलय मंडल, अधिवक्ता रांची
बरखा गुप्ता, शपथकर्ता

ई.एन. ओ. - 657/2000
एफिडेविट संख्या -1954
दिनांक - 29/11/2025

# चान्हो प्रखंड में विधायक मद से मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने किया योजनाओं का शिलान्यास

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चान्हो।** विधायक मद से चान्हो प्रखंड में राज्य की कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने तीन योजनाओं का शिलान्यास किया। जिसमें चान्हो के सोंस बाजार टांड़ में जतरा खूंटा निर्माण एवं सरना स्थल का सौंदर्यीकरण, मसमानो में पी सी सी सड़क और कोको बुढ़िया पूजा स्थल में शेड के साथ शौचालय निर्माण योजना शामिल है। इस मौके पर मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि मेरे लिए मानव सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है। वो धर्म विशेष की राजनीति नहीं करती है। उन्होंने कहा कि समाज के हर वर्ग-हर जाति-हर समाज को साथ लेकर चलने और उसका विकास करना मेरा राजनीतिक उद्देश्य है। मंत्री ने सोंस बाजार टांड़ जतरा खूंटा का उल्लेख करते हुए कहा कि एक समय में मुड़मा मेला के साथ यहां लगने वाले जतरा की चर्चा होती थी, लेकिन समय के साथ बहुत कुछ बदल गया। उन्होंने कहा कि आने वाले समय बाजार टांड़ के जर्जर शेड को बदलने का किया जायेगा। इसी तरह कोको बुढ़िया पूजा स्थल के प्रति अपनी असीम आस्था व्यक्त करते हुए मंत्री ने कहा कि मां के दरबार में एक अजीब सा आकर्षण है। उनके मन में कोको मां के प्रति शुरू से आस्था रही है। इस अस्थल की ख्याति कैसे बढ़े कैसे श्रद्धालुओं को ज्यादा से ज्यादा सुविधा मिल सके।



इस ओर उनका लगातार प्रयास जारी है।

मांडर की जनता ने बहुत ही आशा और उम्मीद के साथ प्रतिनिधित्व का मौका दिया है। इस जिम्मेवारी को वो पूरी ईमानदारी के साथ निर्वहन करने में लगी है। शिलान्यास कार्यक्रम में कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष मोहम्मद इश्तियाक, निधिया उरांव, अजीत सिंह, मोजीबुल्ला, मो गयास, मुखिया शिव उरांव, जॉनी उरांव, एतवा उरांव, मंगलेश्वर उरांव, बोले उरांव, अतीक अहमद, बिरसा उरांव, नूर जहां बेगम , निशात परवीन , इरशाद खान सहित अन्य मौजूद थे।

## एक नजर में

### राजेंद्र विद्यालय में समारोह पूर्वक मनायी गयी डॉ राजेंद्र प्रसाद की 141वीं जयंती




**जमशेदपुर।** भारत के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद की 141वीं जयंती पर सोमवार को राजेंद्र विद्यालय साकची शाखा में भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत उनके चित्रपट के अनावरण और दीप प्रज्वलन के साथ हुई। मुख्य अतिथि सिटी एसपी कुमार मर्ची मौर्य, बिहार एसोसिएशन के अध्यक्ष ब्रजनंदन चौधरी, उपाध्यक्ष मनीष कुमार सिंह और महासचिव इंद्र प्रकाश नारायण सिंह ने दीप जलाकर आयोजन का शुभारंभ किया। विद्यालय की ओर से मुख्य अतिथि का स्मृति चिह्न देकर सम्मान किया गया। इसके बाद विद्यालय की वार्षिक पत्रिका ह्यएक्सप्रेशनह्न का औपचारिक विमोचन अतिथियों एवं प्राचार्या अनीता तिवारी, उपप्राचार्या किरीट सिंघा और जूनियर इंचार्ज डी. झा द्वारा किया गया। कार्यक्रम में स्वतंत्रता, सामाजिक योगदान और ह्लराजेंद्र बाबू के जीवन मूल्यों पर आधारित आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां हुई। साथ ही डॉ. राजेंद्र प्रसाद पर आयोजित क्विज एवं अन्य प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि आइपीएस कुमार शिवाशीष ने कहा कि बिहार एसोसिएशन राजेंद्र बाबू के सिद्धांतों को समाज में स्थापित करने का सराहनीय कार्य कर रहा है। उन्होंने विद्यार्थियों की रचनात्मकता और अनुशासन की प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन सर्वांगीण व्यक्तित्व विकास का महत्वपूर्ण माध्यम हैं।

### नारायण आईटीआई लुपुंगडीह में डॉ राजेन्द्र प्रसाद की जयंती श्रद्धापूर्वक मनायी गयी



**जमशेदपुर।** सरायकेला चांडिल: नारायण आईटीआई लुपुंगडीह, चांडिल में आज भारत के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेन्द्र प्रसाद की जयंती श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत उनके चित्र पर माल्यार्पण और पुष्पांजलि अर्पित कर हुई। एडवोकेट निखिल कुमार ने कहा कि डॉ. राजेन्द्र प्रसाद स्वतंत्रता संग्राम के महान सेनानी, विनम्र और राष्ट्र सेवा के आदर्श पुरुष थे। उन्होंने प्रशिक्षुओं को प्रेरित करते हुए कहा कि युवाओं को उनके अनुशासन, त्याग और राष्ट्रभक्ति से सीख लेकर राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। इस अवसर पर शांति राम महतो, प्रकाश महतो, शुभम साहू, संजीत महतो, पवन महतो, गौरव महतो सहित कई लोग उपस्थित रहे।

### तारापोर स्कूल : वार्षिक खेल में ओवरऑल चैंपियन बना गार्नेट हाउस


**जमशेदपुर।** तारापोर स्कूल का 20वां वार्षिक खेल दिवस बुधवार को जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में उत्साहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शहर के पुलिस अधीक्षक कुमार शिवाशिष उपस्थित रहे। खेल दिवस की शुरूआत कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थियों के मार्च पास्ट से हुई। इस दौरान विद्यार्थियों ने भारतीय महिला क्रिकेट टीम को विश्व कप जीत की उपलब्धि पर विशेष श्रद्धांजलि भी दी। विभिन्न वर्गों में रंगारंग ड्रिल व एथलेटिक्स प्रतियोगिताएँ आयोजित हुईं। सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी पुरस्कार में कोमल कुमारी को स्पोर्ट्सपर्सन ऑफ द ईयर चुना गया। मार्च पास्ट में एंबर हाउस प्रथम रहा, जबकि ओवरऑल चैंपियनशिप का खिताब गार्नेट हाउस ने अपने नाम किया।

### केयू : नवनियुक्त प्राध्यापकों को मिला सेवा संपुष्टि पत्र



**चाईबासा।** कुलपति प्रो. डॉ. अंजिला गुप्ता ने आज विश्वविद्यालय मुख्यालय में नवनियुक्त 13 प्राध्यापकों को सेवा संपुष्टि से संबंधित पत्र सौंपे और उन्हें उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय के शैक्षणिक वातावरण में इन प्राध्यापकों के योगदान से सकारात्मक बदलाव आएगा। इस अवसर पर लाल बहादुर शास्त्री मेमोरियल कॉलेज, जमशेदपुर की इतिहास विभाग की प्राध्यापिका डॉ स्वीकृति ने कुलपति को अपनी लिखी पुस्तक की पहली प्रति भेंट की। विश्वविद्यालय के अन्य पदाधिकारी भी उपस्थित रहे। जानकारी विवि प्रवक्ता डॉ एके झा ने दी।

### एनआईटी जमशेदपुर ने मनाया पहला दिव्यांग दिवस



**जमशेदपुर।** राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी) जमशेदपुर ने बुधवार को एम्पावरिंग एबिलिटीज, एनकरेजिंग इंक्लूजन शीर्षक से पहला दिव्यांग दिवस कार्यक्रम आयोजित किया। अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस के अवसर पर आयोजित इस संगोष्ठी का उद्देश्य दिव्यांगजनों के प्रति जागरूकता, समान भागीदारी और सुगम वातावरण को बढ़ावा देना था। कार्यक्रम का उद्घाटन निदेशक प्रो. गौतम सूत्रधार ने किया और समावेशी शैक्षणिक पारिस्थितिकी पर विचार साझा किए। गणित, मानविकी और विद्युत विभाग के डॉ. शक्ति प्रसाद, डॉ. सुशील कुमार और डॉ. शुभ्रांशु तिवारी ने संगोष्ठी का संयोजन किया। विशेषज्ञों ने दिव्यांगजन योजनाएं, स्मार्ट कैंपस डिजाइन और अधिकारों पर चर्चा की।

## जुगसलाई में पाइपलाइन कार्य ठप

- दो दिनों में काम शुरू नहीं हुआ तो धरना देगी बीजेपी
- साफ़ीगंज मोहल्ले में तीन वर्षों से जल संकट, विभाग पर झूठे आश्वासन का आरोप



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** जुगसलाई साफ़्रीगंज मोहल्ले में तीन वर्षों से जारी जल संकट को लेकर स्थानीय ग्रामीणों और बीजेपी कार्यकताओं ने जुगसलाई नगर पालिका के विशेष पदाधिकारी पासवान से मुलाकात कर त्वरित समाधान की मांग की। जुगसलाई मंडल अध्यक्ष हन्नु जैन के नेतृत्व में पहुंचे प्रतिनिधिमंडल में जिला भाजपा मुख्यालय प्रभारी सुबोध झा, आलोक बाजपेई, पूर्व मंडल अध्यक्ष प्रकाश जोशी तथा चंद्र प्रकाश पाठक शामिल थे। इस दौरान पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के एसडीओ महेंद्र बैठा से मोबाइल पर बात कर समस्या से अवगत कराया गया। बैठा ने दो दिनों के भीतर काम शुरू करने का आश्वासन दिया। हालांकि, स्थानीय लोगों ने बताया कि दीपावली और छठ के बाद शुरू हुआ पाइपलाइन कार्य पिछले 15 दिनों से बिना कारण रोक दिया गया है, जबकि टेंडर और फंड दोनों उपलब्ध हैं।

# शहीद खुदीराम बोस की जयंती पर जमशेदपुर में श्रद्धांजलि कार्यक्रम

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** शहीद खुदीराम बोस की जयंती पर बुधवार को जमशेदपुर के मानगो चौक में विभिन्न सामाजिक व छात्र संगठनों ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। समाजसेवी एवं श्रीलेदर्स के पार्टनर शेखर डे ने खुदीराम बोस की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। कहा कि खुदीराम बोस भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के सबसे कम उम्र के वीर क्रांतिकारियों में शामिल थे, जिन्होंने किशोरावस्था में ही अंग्रेजों के अत्याचारों के विरुद्ध संघर्ष का मार्ग चुन लिया था। शेखर डे ने बताया कि शहीद खुदीराम बोस का जन्म 3 दिसंबर 1889 को पश्चिम बंगाल के मिदनापुर जिले के हबीबपुर गांव में हुआ था। बेहद कम उम्र में माता-पिता के देहांत के बाद उनकी परवरिश बहन ने की। युवा होते ही वे क्रांतिकारी गतिविधियों से जुड़ गए और ब्रिटिश शासन के खिलाफ कई महत्वपूर्ण कार्रवाइयों का नेतृत्व किया। इसी कारण अंग्रेजी हुकूमत ने मात्र 18 वर्ष की उम्र में 11 अगस्त 1908 को उन्हें फांसी दे दी।






मानगो चौक पर खुरीराम बोस को सैल्यूट करते शेखर डे और श्रद्धांजलि देते एआइडीएसओ के कार्यकर्ता।

# समाहरणालय में विश्व दिव्यांगता दिवस पर विशेष कार्यक्रम, बंटी ट्राई साइकिल

- मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने दिव्यांगजनों को ई-ट्राईसाइकिल एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किये

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** विश्व दिव्यांगता दिवस के अवसर पर जिला प्रशासन, पूर्वी सिंहभूम व जिला सामाजिक सुरक्षा प्रकोष्ठ की ओर से बुधवार को समाहरणालय सभागार में विशेष कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा, परिवार कल्याण, खाद्य आपूर्ति एवं आपदा प्रबंधन मंत्री डॉ. इरफान अंसारी थे। उनके साथ जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी, उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी, उप विकास आयुक्त नागेंद्र पासवान, सिविल सर्जन डॉ. साहिर पाल समेत कई अधिकारी उपस्थित रहे। सामाजिक संस्थानों, दिव्यांग प्रतिनिधियों और स्वयंसेवी संगठनों ने दिव्यांगजन-हितैषी नीतियों और सेवाओं को और सुदृढ़ करने के सुझाव साझा किये। कार्यक्रम में मंत्री ने 10 दिव्यांगजनों को ई-ट्राईसाइकिल बांटी और दिव्यांग खिलाड़ियों को प्रशस्ति पत्र दिये।



## आरकेएफएल प्रबंधन ने कर्मचारियों और सुपर वाइजरों का वेतन काटा, अब लौटाने का दबाव

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** आरकेएफएल प्रबंधन ने जॉब बिगड़ने पर कर्मचारियों और सुपरवायजरों के वेतन काट लिए थे। इस मामले की शिकायत श्रम अधीक्षक से जमशेदपुर के मजदूर नेता ओम प्रकाश ने की थी जिसके बाद शिकायत को गंभीरता से लेते हुए श्रम अधीक्षक अविनाश ठाकुर कंपनी प्रबंधन को नियम विरुद्ध कर्मचारियों के वेतन काटे जाने पर कड़ी आपत्ति जताते हुए तत्काल वेतन लौटाने का आदेश दिया था जिसके बाद कुछ कर्मचारियों के वेतन लौटाए गए लेकिन अभी भी भारी मात्रा में कर्मचारियों और सुपरवायजरों के काटे गए वेतन नहीं लौटाए गए है।

इस संबंध में श्रम अधीक्षक अविनाश ठाकुर ने बताया कि कंपनी प्रबंधन को वेतन लौटाने के निर्देश दे दिये गये हैं लेकिन कंपनी प्रबंधन ने केवल ब्लू कॉलर कर्मचारियों के वेतन लौटाने की बात कही है और धीरे धीरे प्रोसेस करके लौटा भी रही है लेकिन इस संबंध में मजदूर नेता का कहना है जब वेतन काटने के नियम ही नहीं हैं तो ब्लू कॉलर और व्हाइट कॉलर क्या होता है वेतन सभी को लौटाना चाहिए।

# एआई की दुनिया में विश्वास ही सबसे बड़ा मूल्य : प्रो. गिरिधर रामचंद्रन

- एक्सएलआरआइ जमशेदपुर में मनकृति 2.0 का सफल आयोजन
- रिस्पॉन्सिबल एआई पर उद्योग विशेषज्ञों ने रखे अपने विचार

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** एक्सएलआरआइ जमशेदपुर के पीजीडीएम (जीएम) छात्रों द्वारा एआई नेक्सस क्लब के बैनर तले आयोजित मनकृति 2.0: ट्रस्ट, टुथ एंड ट्रांसफॉर्मेशन – बिल्डिंग रिस्पॉन्सिबल एआई फॉर द नेक्स्ट डिकेड कॉन्क्लेव का आयोजन 29 नवंबर 2025 को सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कॉन्क्लेव में उद्योग जगत के विशेषज्ञों, नीति निर्माताओं और तकनीकी नेताओं ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता की बदलती दिशा, व्यवसायिक परिदृश्य और भविष्य के नेतृत्व मॉडल पर विस्तार से चर्चा की। कार्यक्रम की शुरुआत एक्सएलआरआइ के एसोसिएट डीन (एक्सओएल) एवं मार्केटिंग विभाग के प्रख्यात प्रो. गिरिधर रामचंद्रन के उद्घाटन संबोधन से हुई। उन्होंने कहा कि आने वाला दशक उन नेताओं का होगा, जो नवाचार को विवेक और जिम्मेदारी के साथ आगे बढ़ायेंगे।




एआई की दुनिया में विश्वास ही सबसे बड़ा मूल्य है, कहते हुए उन्होंने छात्रों से आग्रह किया कि एआई को केवल तकनीक नहीं, बल्कि नैतिकता और मानवीय संवेदना के साथ अपनाने की जरूरत है।

**तीन प्रमुख पैनलों में हुई गहन चर्चा**

1. **इंजीनियरिंग इंटेलिजेंस :** विशेषज्ञों ने एक्सप्लेनेबल, स्केलेबल और बिजनेस-रेडी एआई की अनिवार्यता पर जोर दिया। कहा कि एआई की परिपक्वता– मजबूत डेटा गवर्नेंस, क्लाउड-नेटिव प्लेटफॉर्म, एमएलऑप्स, स्पष्ट बिजनेस लक्ष्य, इन सबके संतुलित संयोजन से संभव है।
2. **रीडिफाइनिंग टैलेंट :** इस पैनल ने भविष्य के कार्यस्थल को केंद्र में रखते हुए कहा कि एआई मानव को प्रतिस्थापित नहीं करता, बल्कि उसकी क्षमताओं को उभारता है। भविष्य के रोल होंगे– अधिक हाइब्रिड, तकनीकी समझ के साथ रचनात्मकता, समस्या समाधान, नेतृत्व और सहानुभूति की मांग और विशेषज्ञों ने सतत सीखने और अनुकूलन को भविष्य के प्रोफेशनल्स का मंत्र बताया।
3. **एआई एथिक्स बाय डिजाइन :** इस पैनल में पारदर्शिता, निष्पक्षता, गोपनीयता और वैश्विक एआई शासन पर विस्तृत विचार साझा किये गये। विशेषज्ञों ने कहा कि बायस मिटिगेशन, एक्सप्लेनेबिलिटी, उपयोगकर्ता की प्राइवेसी, अब विकल्प नहीं बल्कि रणनीतिक आवश्यकता है।



# साउथ अफ्रीका की विदेश में सबसे बड़ी जीत, 358 रन बनाकर भी हारी टीम इंडिया, बेकार गए विराट और ऋतुराज के शतक

## रायपुर में खेले गये दूसरे वनडे में 4 विकेट से हारा भारत, तीन मैचों की सीरीज 1-1 से बराबर

**भारत : 358/5 (50 ओवर )**
**द. अफ्रीका : 362/6 (49.2 ओवर )**

एजेंसी

**रायपुर।** भारतीय क्रिकेट टीम को साउथ अफ्रीका के खिलाफ दूसरे वनडे मुकाबले में 4 विकेट से हार का सामना करना पड़ा है। इस मैच में भले ही टीम इंडिया ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 358 रन बोर्ड पर लगाए, लेकिन इसके बावजूद भी भारतीय गेंदबाज मैच को बचा नहीं पाए और आखिरी ओवर में ही साउथ अफ्रीका की टीम जीत गई। साउथ अफ्रीका की जीत के हीरो एडेन मार्करम रहे, जिन्होंने 110 रन की मैच जिताऊ पारी खेली। चेज करते हुए विदेश में यह साउथ अफ्रीका की सबसे बड़ी जीत है।

### सीरीज का आखिरी और निर्णायक मैच 6 दिसंबर को विशाखापट्टनम में खेला जाएगा



### इंडिया ने बोर्ड पर टांगे थे 358 रन

विराट कोहली के लगातार दूसरे शतक और रुतुराज गायकवाड़ के करियर के पहले शतक से भारत ने बुधवार को यहां दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दूसरे एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में पांच विकेट पर 358 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया था। कोहली (102 रन, 93 गेंद, सात चौके, दो छक्के) और गायकवाड़ (105 रन, 83 गेंद, 12 चौके, दो छक्के) ने शतक जड़ने के अलावा तीसरे विकेट के लिए 195 रन की सझेदारी भी की जो दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ वनडे इंटरनेशनल में इस विकेट की भारत की सबसे बड़ी साझेदारी है।

### केएल राहुल ने की फिनिशिंग

कप्तान केएल राहुल ने भी अंतिम ओवरों में 43 गेंद में छह चौकों और दो छक्कों से नाबाद 66 रन की उम्दा पारी खेली। भारत को एक बार फिर टॉस गंवाने के बाद पहले बल्लेबाजी का मौका मिला। टीम की शुरूआत खराब रही। रोहित शर्मा (14) ने नांद्रे बर्गर के पांचवें ओवर में लगातार तीन चौके मारे लेकिन इसी ओवर में विकेटकीपर क्विंटन डिकॉक को कैच दे बैठे। यशस्वी जायसवाल (22) ने अच्छी शुरूआत की लेकिन मार्को यानसेन (63 रन पर दो विकेट) की उछाल लेती गेंद को हवा में लहराकर स्क्वायर लेग पर कोर्बिन बॉश के हाथों लपके गए।

### कोहली की एक और तगड़ी पारी

पावर प्ले के भीतर भारत का स्कोर दो विकेट पर 62 रन हो गया लेकिन फॉर्म में चल रहे कोहली और गायकवाड़ ने इसके बाद मोर्चा संभाला। रांची में मध्यक्रम में बल्लेबाजी करते हुए असहज नजर आने वाले गायकवाड़ ने यहां कोहली के साथ शानदार साझेदारी की और दोनों ने मैदान के चारों तरफ शॉट खेले। कोहली ने फरवरी 2018 में डरबन में अजिंक्य रहाणे के साथ 189 रन की साझेदरी की थी लेकिन कुछ मायनों में गायकवाड़ के साथ इस साझेदारी का उन्होंने अधिक लुत्फ उठाया होगा क्योंकि महाराष्ट्र के इस बल्लेबाज ने उनकी ही शैली में बल्लेबाजी की।

### गायकवाड़ का कमाल

दोनों बल्लेबाजों ने स्ट्राइक रोटेट करने को तरजीह दी और कुछ मौकों पर आसानी से एक रन को दो रन में बदला। गायकवाड़ शुरूआत में थोड़े असहज नजर आए लेकिन एक बार आत्मविश्वास हासिल करने के बाद उन्होंने कई आकर्षक शॉट खेले। गायकवाड़ ने मारक्रम की गेंद पर एक रन के साथ अपना दूसरा अर्धशतक पूरा किया। कोहली ने भी लुंगी एनगिडी की गेंद पर एक रन के साथ 47 गेंद में अर्धशतक जड़ा। अर्धशतक पूरा करने के बाद गायकवाड़ ने केशव महाराज पर दो चौके जड़े।

## किंग कोहली ने जड़ा लगातार दूसरा शतक

भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच रायपुर में खेले जा रहे दूसरे वनडे मैच में भी विराट कोहली ने शानदार शतकीय पारी खेली. ये इस सीरीज में उनकी लगातार दूसरी सेंचुरी है. उन्होंने 90 गेंदों में अपना शतक पूरा किया. ये उनके वनडे करियर का 53वां और 84वां इंटरनेशनल शतक है. शतक पूरा करने के बाद कोहली ज्यादा देर तक क्रीज पर नहीं टिक सके और 93 गेंदों पर 102 रन बनाकर पवेलियन लौट गए. उनकी इस पारी में 7 चौके और 2 छक्के शामिल थे.

विराट की इस शानदार पारी से जहां उनके फैंस खुश नजर आए और सोशल मीडिया पर उनको बधाई दे रहे हैं वहीं उनकी पत्नी अनुष्का शर्मा ने भी विराट की फोटो के साथ एक दिल की इमोजी बनाकर अपने पति को बधाई दी है.

### लगातार तीसरी बार सबसे ज्यादा 50 प्लस स्कोर

इसके अलावा कोहली ने पिछले तीन वनडे पारियों में नाबाद 74 रन, 135 रन और 50 की पारी खेली है. जिसके साथ वो वनडे में 13 बार लगातार तीन या उससे ज्यादा पारियों में 50 से ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी बन गए. इस फॉर्मेट में किसी के लिए सबसे ज्यादा 11 बार रोहित शर्मा ने ऐसा किया है, और उसके बाद सचिन तेंदुलकर ने 10 बार ऐसा किया है.




### गायकवाड़ ने भी जड़ा शतक

विराट कोहली के अलावा रुतुराज गायकवाड़ ने भी शतक बनाया. उन्होंने 83 बॉल पर 105 रनों की शानदार पारी खेली. ये उनके वनडे करियर की पहली सेंचुरी है. अपनी इस ऐतिहासिक पारी के दौरान गायकवाड़ ने 12 चौके और 2 छक्के शामिल हैं.

### विराट की पिछली तीन पारियां

विराट कोहली ने इससे पहले ऑस्ट्रेलिया के दौरे पर लगातार दो बार शून्य पर आउट होने के बाद आखिरी वनडे में नाबाद 74 रनों की पारी खेलकर भारत को 9 विकेट से मैच जिताने में अहम भूमिका निभाई थी, हालांकि भारत वो सीरीज 2-1 से हार गया था. उसके बाद उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन मैचों की घरेलू सीरीज के पहले ही मैच में 135 रनों की पारी खेलकर किसी एक फॉर्मेट में सबसे ज्यादा शतक (52) बनाने वाले बल्लेबाज बन गए.

---

### कोहली वनडे रैंकिंग में चौथे नंबर पर पहुंचे

**दुबई।** आईसीसी की लेटेस्ट वनडे बैटर्स रैंकिंग में भारत के विराट कोहली चौथे नंबर पर पहुंच गए। वहीं पूर्व कप्तान रोहित शर्मा टॉप पर बरकरार हैं। साउथ अफ्रीका के खिलाफ वनडे सीरीज में कप्तानी कर रहे केएल राहुल को 2 स्थान का फायदा हुआ। गेंदबाजों में लेफ्ट आर्म स्पिनर कुलदीप यादव नंबर-6 पर पहुंच गए। चारों को रांची वनडे में बेहतरीन प्रदर्शन का फायदा मिला। साउथ अफ्रीका के खिलाफ रविवार को रांची में विराट कोहली ने शतक लगाते हुए 135 रन की पारी खेली थी। इसी पारी ने उन्हें 751 रेटिंग पॉइंट्स के साथ पांचवें से चौथे नंबर पर पहुंचा दिया। रायपुर में खेले जा रहे दूसरे वनडे में भी कोहली ने सेंचुरी लगा दी। यह उनकी लगातार दूसरी सेंचुरी रही। शुभमन गिल पांचवें नंबर पर खिसके, वे इंजरी के कारण वनडे सीरीज का हिस्सा नहीं हैं।

रोहित 783 रेटिंग पॉइंट्स के साथ पहले नंबर पर हैं। उन्होंने रांची में 57 रन बनाए थे। रायपुर में खेले जा रहे दूसरे वनडे में रोहित 14 ही रन बनाकर आउट हो गए। न्यूजीलैंड के डेरिल मिचेल दूसरे और अफगानिस्तान के इब्राहिम जादरान तीसरे नंबर पर हैं। केएल राहुल 14वें नंबर पर पहुंच गए।

## दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी-20 सीरीज के लिए टीम इंडिया घोषित, हार्दिक की वापसी

### शुभमन गिल भी टीम में शामिल, लेकिन उपलब्धता फिटनेस पर निर्भर करेगी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने 9 दिसंबर से शुरू हो रही पांच मैचों की टी-20 अंतरराष्ट्रीय सीरीज के लिए टीम इंडिया की घोषणा कर दी है। हार्दिक पांड्या की वापसी हुई है, जिन्होंने मंगलवार को सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में खेलकर फिटनेस साबित की। यह उनकी सितंबर 2025 एशिया कप के बाद पहली प्रतिस्पर्धी उपस्थिति थी। श्रीलंका के खिलाफ सुपर फोर मैच के बाद वह चोटिल हो गए थे और पाकिस्तान के खिलाफ फाइनल तथा ऑस्ट्रेलिया दौरा मिस कर दिया था। भारत के टेस्ट और वनडे कप्तान शुभमन गिल को भी टीम में शामिल किया गया है, लेकिन उनकी उपलब्धता बीसीसीआई सीओई की फिटनेस मंजूरी पर निर्भर करेगी। गिल को कोलकाता में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले टेस्ट के दौरान गर्दन में चोट लगी थी। टी-20 विश्व कप 2026 की तैयारियों में जुटी टीम इंडिया की कमान सूर्यकुमार यादव के हाथों में ही बरकरार रहेगी।



**टी-20 सीरीज कार्यक्रम**

**पहला टी-20:** मंगलवार, 9 दिसंबर- कटक
**दूसरा टी-20 :** गुरुवार, 11 दिसंबर - मुल्लनपुर
**तीसरा टी-20:** रविवार, 14 दिसंबर - धर्मशाला
**चौथा टी-20:** बुधवार, 17 दिसंबर - लखनऊ
**पांचवां टी-20:** शुक्रवार, 19 दिसंबर - हमदाबाद।

**भारत की टी-20 टीम**

सूर्यकुमार यादव (कप्तान), शुभमन गिल (उप-कप्तान)*, अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा, हार्दिक पांड्या, शिवम दुबे, अक्षर पटेल, जितेश शर्मा (विकेटकीपर), संजू सैमसन (विकेटकीपर), जसप्रीत बुमराह, वरुण चक्रवर्ती, अर्शदीप सिंह, कुलदीप यादव, हर्षित राणा, वॉशिंगटन सुंदर।

**एशिया कप के बाद हार्दिक पंड्या की वापसी :** हार्दिक को एशिया कप के दौरान इंजर्ड हुए थे, इस कारण वो टीम इंडिया से बाहर थे. वह पाकिस्तान के खिलाफ एशिया कप का फाइनल भी नहीं खेल पाए थे. हार्दिक ने बुधवार को सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में पंजाब के खिलाफ 42 गेंदों में 77 रन जड़कर फॉर्म में वापसी के संकेत दिए थे।

### एशेज का दूसरा टेस्ट मैच ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच आज से



**हैदराबाद।** एशेज सीरीज का दूसरा मैच ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच 4 दिसंबर को खेला जाने वाला है. इस सीरीज में ऑस्ट्रेलिया की जीत से शुरूआत के बाद दोनों टीमें सीरीज के दूसरे मैच के लिए आमने-सामने होंगी. ऑस्ट्रेलिया ने पहला टेस्ट मैच आठ विकेट से जीता और अपनी बढ़त को और आगे बढ़ाया था. अब इंग्लैंड इस दूसरे टेस्ट मैच में जीत के साथ वापसी करना चाहेगा. एशेज 2025-26 के पहले टेस्ट में मिचेल स्टार्क मैच के स्टार रहे क्योंकि उन्होंने दोनों पारियों में 10 विकेट लिए. ट्रैविस हेड ने नाबाद 123 रन की मैच जिताने वाली पारी खेली. मैच में उन्होंने जिस तरह की पारी खेली उसे देखते हुए हेड के सीरीज के दूसरे मैच में ओपनिंग करने की संभावना है. मैच से पहले ऑस्ट्रेलिया को बड़ा झटका लगा क्योंकि उस्मान ख्वाजा मैच से बाहर हो गए. इंग्लैंड ने अपनी प्लेइंग-11 में एक बदलाव किया, शोएब बशीर की जगह विल जैक्स को शामिल किया।

## भारत ने टी-20 विश्व कप 2026 के लिए नई जर्सी लॉन्च की



एजेंसी

**रायपुर।** भारत की जर्सी निमार्ता कंपनी एडिडास ने बुधवार को टी-20 फॉर्मेट के लिए नई किट लॉन्च कर दी। यह लॉन्चिंग रायपुर में भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच खेले गए दूसरे वनडे इंटरवल के दौरान की गई। यह जर्सी आगामी टी-20 विश्व कप 2026 के लिए पेश की गई है, जो 7 फरवरी से भारत और श्रीलंका में खेला जाएगा। जर्सी अनावरण के लिए भारतीय कप्तान रोहित शर्मा और तिलक वर्मा को मध्य पारी के दौरान बुलाया गया। इस मौके पर बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया भी मौजूद रहे। भारत को 2024 में टी-20 विश्व कप जिताने वाले रोहित शर्मा को 2026 संस्करण का ब्रांड एंबेसडर भी बनाया गया है। रोहित ने कहा, हमें 2007 के बाद टी-20 विश्व कप ट्रॉफी जीतने में 15 साल से ज्यादा का समय लगा। अब जब विश्व कप भारत में हो रहा है, मेरी शुभकामनाएं हमेशा टीम के साथ हैं। यह एक रोमांचक टूर्नामेंट होगा और मुझे पूरा यकीन है कि पूरा देश टीम का समर्थन करेगा। रोहित अब टी-20 प्रारूप से संन्यास ले चुके हैं। टी-20 विश्व कप 2026 में भारत को ग्रुप-ए में नामीबिया, नीदरलैंड, अमेरिका और पाकिस्तान के साथ रखा गया है।

---

### प्रीमियर लीग 2025-26: एर्लिंग हॉलैंड ने रचा इतिहास

## मैनचेस्टर सिटी ने फुलहम को 5-4 से हराया

एजेंसी

**मैनचेस्टर।** मैनचेस्टर सिटी के स्टार स्ट्राइकर एर्लिंग हॉलैंड ने मंगलवार को प्रीमियर लीग में सबसे तेज 100 गोल पूरे कर नया इतिहास रच दिया। उनकी इस उपलब्धि के बाद सिटी ने फुलहम के जबरदस्त दूसरे हाफ के संघर्ष को पीछे छोड़ते हुए रोमांचक मुकाबले में 5-4 से जीत दर्ज की। सिटी की ओर से फिल फोडेन ने दो गोल दागे, तिज्जानी रीजेंडर्स ने एक गोल किया, जबकि सैंडर बर्ज का आत्मघाती गोल टीम के लिए मददगार रहा। इस जीत के साथ सिटी 28 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर बनी हुई है। शीर्ष पर मौजूद आर्सेनल के 30 अंक हैं, जो बुधवार को ब्रेंटफोर्ड से भिड़ेगी। क्रेवन कॉटेज में सिटी 5-1 की बढ़त बना चुकी थी, लेकिन फुलहम ने दूसरे हाफ में जबरदस्त वापसी करते हुए तीन गोल दागे। सैमुएल चुकवुएजे ने दो गोल किए, जबकि अलेक्स इवोबी ने एक गोल किया। इंजरी टाइम में जोस्को ग्वार्डिओल ने गोल लाइन पर शानदार बचाव कर सिटी को जीत दिलाई।




हॉलैंड ने 17वें मिनट में बाएँ पैर से जोरदार शॉट लगाकर स्कोरिंग शुरू की। इसके बाद 37वें मिनट में रीजेंडर्स ने बढ़त दोगुनी कर दी। फोडेन ने 44वें मिनट में बॉक्स के बाहर से खूबसूरत शॉट लगाते हुए गोल किया। हाफ टाइम से ठीक पहले फुलहम के एमिल स्मिथ रोवे ने डाइविंग हेडर से गोल कर अंतर कम कर दिया।

### ग्रीलिश के गोल से एवर्टन की 1-0 से जीत, बोर्नमाउथ का घरेलू अपराजित रिकॉर्ड टूटा

एवर्टन को जैक ग्रीलिश के दूसरे प्रीमियर लीग गोल की बदौलत मंगलवार को बोर्नमाउथ के खिलाफ 1-0 से जीत मिली। यह जीत बोर्नमाउथ के इस सीजन के घरेलू अपराजित रिकॉर्ड को भी तोड़ गई। एवर्टन की चार मैचों में यह तीसरी जीत है। टीम अब 14 मैचों में 21 अंकों के साथ नौवें स्थान पर पहुंच गई है, जबकि बोर्नमाउथ 19 अंकों के साथ 14वें स्थान पर है। मैच में दोनों टीमों ने अच्छी शुरूआत की, लेकिन अंतिम तिहाई में गुणवत्ता की कमी दिखी। 78वें मिनट में कार्लोस अल्काराज ने मिडफील्ड में गेंद छीनकर ग्रीलिश को पास दिया। ग्रीलिश के बॉक्स के बाहर से लगाए गए शॉट को डिफेंडर बाफोडे डियाकिटे ने डिफ्लेक्ट कर दिया, जिससे गेंद नेट में चली गई और एवर्टन को जीत मिली।

## एथलीट संजना और उनके कोच संदीप डोपिंग मामले में अस्थायी रूप से निलंबित

**नई दिल्ली।** हाल ही में रांची में आयोजित दक्षिण एशियाई एथलेटिक्स सीनियर चैम्पियनशिप में दो स्वर्ण पदक जीतने वाली 18 वर्षीय एथलीट संजना सिंह और उनके कोच संदीप मान को डोपिंग उल्लंघन के चलते अस्थायी निलंबन का सामना करना पड़ा है। यह एक दुर्लभ मामला है, जिसमें एथलीट के साथ उसके कोच को भी सजा दी गई है।

संजना, जिन्होंने अक्टूबर में हुई प्रतियोगिता में महिलाओं की 1500 मीटर और 5000 मीटर रेस में स्वर्ण पदक जीते थे, उनके सैंपल में दो प्रतिबंधित स्टेरॉयड – मिथैंडीनोन और ऑक्सांड्रोलोन – पाए गए।



इसके बाद राष्ट्रीय एंटी-डोपिंग एजेंसी (नाडा) ने उन्हें अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया है। 23 दिसंबर को 19 वर्ष की होने वाली संजना का नाम नाडा की वेबसाइट पर ताजा अपडेट में दर्ज किया गया है। नाडा ने एक एथलेटिक्स कोच संदीप के खिलाफ भी कार्रवाई की है, जिन्हें ह्लप्रतिबंधित पदार्थों की तस्करी या तस्करी के प्रयासह्व के आरोप में अस्थायी निलंबन दिया गया है। माना जा रहा है कि यह वही संदीप मान हैं, जिनके तहत संजना हरियाणा के रोहतक में प्रशिक्षण लेती हैं। इसके अलावा, मध्य दूरी धावक हिमांशु राठी को भी मेफेंटर्मिन नामक प्रतिबंधित उत्तेजक पदार्थ के लिए पॉजिटिव पाए जाने पर अस्थायी निलंबित किया गया है। त्रिपल जम्पर शीना वार्की ने लिगैंड्रोल के उल्लंघन के मामले में ह्यकेस रेजोल्यूशन एग्रीमेंटह्व के तहत 3 साल के प्रतिबंध को स्वीकार कर लिया है। केरल की 33 वर्षीय एथलीट ने इस वर्ष उत्तराखंड नेशनल गेम्स में रजत पदक जीता था।

### आरसीएमयू और ढोरी खास प्रबंधन के साथ परिचात्मक बैठक संपन्न

# मजदूरों की सुख-सुविधा का ख्याल रखना प्रबंधन का दायित्व : पीओ



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बेरमो।** सीसीएल ढोरी के चपरी गेस्ट हाउस मे बुधवार को ढोरी खास अंडर ग्राउंड माइंस प्रबंधन के साथ श्रमिक संगठन इंटक से संबद्ध राष्ट्रीय कोलियरी मजदर यूनियन के पदाधकारियों के साथ परिचात्मक बैठक हईं। नये पीओ आर एन सिंह ने यूनियन प्रतिनिधियो के साथ परिचय करते हुए कोयला उत्पादन मे सहयोग मांगा।

आर एन सिंह ने कहा कि मजदूरो की सुख-सुविधा का ख्याल रखना प्रबंधन का दायित्व है। मौके पर क्षेत्रीय सचिव शिवनंदन चौहान ने मजदूरो की विभिन्नसमस्याओं से प्रबंधन को अवगत कराया, जिसमे कर्मियों का योग्यता के आधार पर पदोन्नति, क्वार्टर मरम्मत, माइंस मे शुद्ध पेयजल और लाइट की व्यवस्था, माइंस की सुरक्षा, कर्मियों का सेफ्टी का सामान, हेलमेट, मास्क, ग्लब्स, माइंस मेवेंटिलेशन, बती, रूफ बोलटिंग आदि कई मांगे मुख्य रूप से शामिल है।

मौके पर मैनेजर मृत्यंजय कुमार, कार्मिक प्रबंक सीताराम उड़के, पीईं ईएंडएम अभिषेक कुमार, पीई सिविल निलेश कुमार सहित यूनियन के शाखा अध्यक्ष प्रदीप सिंह, शाखा सचिव मनोज ठाकुर सहित ब्रजेश सिंह, रामाशंकर सिंह, शिवव्रत नोनिया, संजीव कुमार, सत्येंद्र नोनिया, अरुण गुप्ता, भगवान दास, राकेश दिगार, घीरन दिगार, रमेश कुमार सिंह, राम बालक आदि मौजूद थे।

# बीएसएल में दिव्यांग कर्मचारियों के लिए डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन पर क्विज का आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बोकारो।** बोकारो स्टील प्लांट में मानव संसाधन के ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग में डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन क्विज सीरीज की श्रृंखला में प्रथम क्विज का आयोजन विशेष रूप से दिव्यांग कर्मचारियों के लिए आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए सीजीएम नीता बा ने कहा कि आज के बदलते कार्य परिवेश में डिजिटल साक्षरता अत्यंत महत्वपूर्ण है।

उन्होंने कहा कि यह पहल दिव्यांग कर्मचारियों को कौशल संवर्धन का अवसर प्रदान कर उन्हें अधिक आत्मनिर्भर बनाती हैं जिससे वे संगठन की प्रगति में सक्रिय भूमिका निभा सकें। प्रतियोगिता में विभिन्न विभागों के 20 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में मो अशद प्रबंधक-




एमएम ने प्रथम स्थान स्नेह कुमार सुमन प्रशासनिक सहयोगी-टीए-इलेक्ट्रिकल ने द्वितीय तथा सुमन मंडल जूनियर इंजीनियरिंग एसोसिएट-आरजीबीएस ने तृतीय स्थान हासिल किया।

पुरस्कार वितरण कार्यवाहक ईडी-एचआर मनीष जलोटा द्वारा किया गया। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को निरंतर सीखते रहने और डिजिटल कौशल को और उन्नत करने के लिए प्रेरित करते हुए इस पहल की सराहना की। कार्यक्रम का संचालन एवं क्विज मास्टर की भूमिका एजीएम अमित आनंद ने निभाई। कार्यक्रम के आयोजन में वरीय प्रबंधक प्रीति कुमारी अनुभाग अधिकारी ऋषिकेश रंजन प्रशासनिक सहयोगी तनमोय दत्ता एवं अनुभाग सहयोगी कुमारी सीमा का उल्लेखनीय योगदान रहा।

## एक नजर में

### चास रोटरी ने थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों के लिए किया रक्तदान : ब्लडमैन सलूजा



**बोकारो।** रोटरी क्लब ऑफ चास द्वारा इंडियन रेड क्रॉस सोसायटी ब्लड सेंटर बोकारो में ब्लड मैन रोटेरियन हरबंश सिंह सलूजा के नेतृत्व में आयोजित रक्तदान शिविर में कुल 30 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। रोटेरियन सलूजा ने बताया की इस शिविर में मुख्य रूप से थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों के लिए रक्त एकत्रित किया गया। रोटेरियन मुन्ना सिंह ने कहा कि चास रोटरी वर्षों से रक्तदान शिविर का आयोजन करती आ रही है। चास रोटरी की अध्यक्षा डिंपल कौर ने बताया कि बचाव ही सेवा है और सेहत ही उम्मीद है। कार्यक्रम की शुरूआत चास रोटरी के पूर्व प्रेसिडेंट बिनोद चोपड़ा जी ने अपना रेयर ब्लड ग्रुप ओ-नेगेटिव का रक्तदान कर किया। तदोपरांत रोटेरियन हरबंश सिंह सलूजा ने अपना 56वां चनप्रीत सिंह ने 46वां और गौरव रस्तोगी अमन मल्लिक आनंद अग्रवाल सहित ह्यूमैनिटी सेवियर्स के तनवीर सिंह ने 37वां प्रवीण कुमार ने 31वां सौरव चौहान ने 30 वां निकेश सिंह ने 22वां रक्तदान किया। कार्यक्रम में रोटेरियन माधुरी सिंह रविंदर कौर उर्फ सुम्मी रविंदर मंड कुमार अमरदीप सच्चिदानंद प्रसाद मुन्ना मोहित एवं अविनाश जी उपस्थित थे। रेड क्रॉस सोसाइटी की चिकित्सा अधिकारी डॉ मैथिली ठाकुर ने कहा कि बोकारो में चास रोटरी रक्तदान शिविर का आयोजन कर बहुत ही नेक कार्य कर रही है।

### बोकारो : डॉ राजेन्द्र प्रसाद को दी गयी श्रद्धांजलि



**बोकारो।** देश के प्रथम राष्ट्रपति देशरत्न डॉ राजेन्द्र प्रसाद की जयंती पर बोकारो की विधायक श्वेता सिंह डीसी अजय नाथ झा बोकारो स्टील प्लांट के ईडी-माइंस विकास मनवटी ईडी-सामग्री प्रबंधन सीआर मिश्रा ईडी-परियोजनाएं अनीष सेनगुप्ता ईडी-संकार्य प्रिय रंजन ईडी-चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं डॉ बीबी करुणामय एवं बोकारो जिला के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों तथा गणमान्य व्यक्तियों ने इस्पात भवन के समीपस्थ स्व डॉ राजेन्द्र प्रसाद की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। मौके पर विधायक सिंह ने कहा कि देशरत्न डॉ राजेंद्र प्रसाद के प्रति हमारी सच्ची श्रद्धांजलि यही होगी कि हम उनके जीवन के उच्च मूल्यों और आदर्शों को अपने जीवन में आत्मसात करें। वहीं उपायुक्त अजय नाथ झा ने कहा कि महान विभूतियों की जयंती पर केवल पुष्पांजलि अर्पित करने के बजाय उनके जीवन मूल्यों एवं आदर्शों पर आधारित एक परिचर्चा या संगोष्ठी का भी विशेष तौर पर आयोजन किया जाना चाहिए। कार्यक्रम में जिला प्रशासन व बीएसएल प्रबंधन के अधिकारी-कर्मी एवं समिति के सदस्य उपस्थित थे।

### बीएसएल के सीआरएम-थ्री के सफल कैपिटल रिपेयर के पश्चात पुन: संचालन प्रारंभ

**बोकारो।** बोकारो स्टील प्लांट के सीआरएम-थ्री की स्किन पास मिल का कैपिटल रिपेयर सफलतापूर्वक पूर्ण कर पुन: संचालन प्रारंभ कर दिया गया है। इसी के साथ विभाग के हाइड्रोजन प्लांट वॉटर सप्लाई सिस्टम टीएलआईएल तथा बैच एनीलिंग फर्नेस सहित सभी सहायक इकाइयां भी पुन: सुचारू रूप से कार्यरत हो गई हैं। मौके पर ईडी-ऑपरेशंस अनूप कुमार दत्त ने स्किन पास मिल के संचालन का शुभारंभ किया। उनके साथ सीजीएम-सीआरएम-थ्री राजेश कुमार झा सहित विभाग के अन्य वरीय अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे। दत्त ने इस सफल कार्यान्वयन में योगदान देने वाले सभी अधिकारियों एवं कर्मियों को बधाई देते हुए कहा कि कैपिटल रिपेयर कार्यों की समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण पूर्णता से उत्पादन गतिविधियां एक बार फिर पूर्ण क्षमता के साथ आगे बढ़ेंगी जिससे संयंत्र की परिचालन दक्षता तथा उत्पाद गुणवत्ता में और अधिक मजबूती आएगी। उल्लेखनीय है कि सीआरएम-थ्री में विगत 30 नवंबर से कैपिटल रिपेयर का कार्य चल रहा था जिसके अंतर्गत विभिन्न मैकेनिकल एवं इलेक्ट्रिकल कार्य उच्च सुरक्षा मानकों के तहत निर्धारित समयावधि में संपन्न किए गए हैं।

### एडवेंचर कैंप के लिए झारखंड टीम सात दिसंबर को धनबाद से होगी रवाना

**दुमका।** अटल बिहारी वाजपेयी इंस्टिट्यूट ऑफ माउंटेनियरिंग एंड रिवर राफ्टिंग सेंटर, पिरडी (हिमाचल प्रदेश) में 09 से 19 दिसंबर तक आयोजित एडवेंचर कैम्प में झारखंड से चयनित एनएसएस स्वयंसेवक हिस्सा लेंगे। कैम्प में सिदो-कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय, दुमका एवं बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय, धनबाद से कुल 10 स्वयंसेवक शामिल होंगे। एसकेएमयू से पांच स्वयंसेवकों का चयन हुआ है। चयनित अभ्यार्थियों में मधुपर कॉलेज से कुंदन कुमार रवानी एवं एलिजाबेथ, आरडी बाजला कॉलेज से श्रेयाश्री, देवघर कॉलेज से नीरज कुमार भारती, आरडी बाजला कॉलेज, देवघर से प्रिया भारती शामिल है। बीबीएम के यूनिवर्सिटी, धनबाद से बी कॉलेज वर्मा, मोहिनी कुमारी, पीजी विभाग, धनबाद मो मेहताब आलम, पीके राय मेमोरियल कॉलेज, मो इरशाद हुसैन, बीएसके कॉलेज, मैथन, नीरज कुमार सिंह एवं लॉ कॉलेज से स्नेहा कुमारी से चयनित हुई। टीम लीडर डॉ अनिता गुआ हेम्ब्रम, कार्यक्रम पदाधिकारी, मधुपुर कॉलेज, मधुपुर भी प्रस्थान करेंगी। एसकेएमयू के एनएसएस को राज्य स्तरीय दल के नेतृत्व का महत्वपूर्ण अवसर मिला है। जो एसकेएम यूनिवर्सिटी के एनएसएस इकाइयों की सक्रियता, उत्कृष्ट कार्य और सामाजिक उत्तरदायित्व के प्रति निरंतर समर्पण को प्रदर्शित करता है। संयुक्त टीम सात दिसंबर को धनबाद से रवाना होगी। संपूर्ण कार्यक्रम का निर्देशन और समन्वय एनएसएस के क्षेत्रीय समन्वयक डॉ धनंजय कुमार मिश्र के मार्गदर्शन में किया जा रहा है। कैम्प युवाओं में साहस, नेतृत्व क्षमता, टीम भावना तथा पर्वतारोहण और जल-क्रीड़ा से जुड़े कौशल विकसित करने का अनूठा अवसर प्रदान करेगा।

### संयुक्त मोर्चा द्वारा प्रबंधन को सौपा गया ज्ञापन



**बेरमो।** संयुक्त मोर्चा के द्वारा अपनी विभिन्ना मांगों को लेकर कथारा वासरी के परियोजना पदाधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में मांग की गई कि विगत कई वर्षों से लंबित ओटी एरिया की राशि का भुगतान शीघ्र किया जाए। ज्ञापन में कहा गया है कि विगत 9 वर्षों से प्रबंधन द्वारा काम लेने के बाद भी ओटी एरिया भुगतान अभी तक नहीं किया गया है उक्त एरियर का भुगतान में काफी समय हो चुका है। संयुक्त ट्रेड यूनियन का कहना है, कि बकाया एरियर का भुगतान कर्मचारियों को अतिशीघ्र करने का कष्ट करें, अन्यथा हमें आगामी कार्यवाही के लिए बाध्य होना पड़ेगा। ज्ञापन सौंपे जाते समय। संयुक्त ट्रेड यूनियन के रामेश्वर कुमार मंडल,रंजय कुमार सिंह, दयाल यादव,एसके पांडेय, अरविंद कुमार सिंह, उदय कुमार, कृष्ण बहादुर, कमलकांत सिंह, हरमन सोए सहित दर्जनों यूनियन प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## स्पीड न्यूज

### डॉ के पी साही रीजनल अस्पताल करगली के सीएमओ बनाये गये



**बेरमो।** डॉ के पी साही को रीजनल अस्पताल करगली केसीएमओ बनाया गया है। डॉ के पी साही इसके पूर्व बोकारो कोलियरी अस्पताल के चिकित्सक के पद पर कार्यरत थे। उन्हें स्थानांतरित करते हुए रिजनल अस्पताल करगली के सीएमओ डॉक्टर संतोष कुमार की जगह बनाया गया। ऑर्थोपेडिक्स डॉ संतोष कुमार रीजनल अस्पताल करगली से सीएमओ के पद से सेवानिवृत्त हुए। नये सीएमओ डॉक्टर पी के साही को अधिकारियों और स्टाफ ने गुलदस्ता देकर स्वागत किया। साही ने बताया कि अस्पताल का विकास सभी के साथ समन्वय बनाकर करेंगे। कहा कि अस्पताल में कई आधुनिक उपकरण लगे, लैब को भी अपडेट किया गया और मशीने को भी अपडेट किया जायेंगा। साथ ही इसमें सुधार की जरुरत पर बल देते हुए कहा कि उपलब्ध डॉक्टर, नर्स व कर्मी के सहारे अस्पताल की व्यवस्था को बेहतर किया जायेगा। साथ ही मरीजों को बेहतर सुविधाएं दी जाएगी।

### बोकारो : चोरी के मामले में सबूत नहीं मिलने पर आरोपी बरी

**बोकारो।** बोकारो सिविल कोर्ट की प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी सृष्टि कुमारी की अदालत ने चोरी एवं चोरी का माल रखने के आरोप में युवक राजू कुमार को सबूतों के अभाव में रिहा करने का आदेश दिया है। राजू कुमार पर मुकदमा चल रहा था। इस पर आरोप था कि बीएसएल का लोहे का ग्रिल चोरी कर रहा था। अभियोजन पक्ष द्वारा प्रस्तुत साक्ष्य एवं गवाहों के बयानों को अदालत ने अपर्याप्त माना। बचाव पक्ष की ओर से युवा वरीय अधिवक्ता रणजीत गिरि ने बहस किया। अदालत ने अपने फैसले में कहा कि चोरी की बरामदगी के संबंध में कोई स्वतंत्र गवाह मौजूद नहीं था और न ही कोई तकनीकी साक्ष्य (सीसीटीवी फुटेज या फिंगरप्रिंट) पेश किया गया। अभियोजन पक्ष आरोप सिद्ध करने में विफल रहा इसलिए आरोपी को संदेह का लाभ देते हुए बरी किया गया।

### विकलांग कल्याण समिति ने मनाया अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस




**फुसरो।** पूराना बीडीओ ऑफिस स्थित विकलांग कल्याण समिति के प्रधान कार्यालय में बुधवार को अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस पर समारोह आयोजित किया गया। यहॉ कार्यक्रम का शुभारंभ विकलांग कल्याण समिति के केंद्रीय महासचिव भूनेश्वर महतो ने दीप प्रज्वलित कर किया। केंद्रीय महासचिव महतो ने कहा कि समिति का लक्ष्य दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर बनाना और उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़कर एक समावेशी व टिकाऊ भविष्य का निर्माण करना है। कहा कि समाज में दिव्यांगता को एक सामाजिक कलंक के रूप में देखा जाता है। जिसे सुधारने की आवश्यकता है। विश्व विकलांग दिवस पर इस वर्ष का विषय है सामाजिक प्रगति को आगे बढ़ाने के लिए विकलांगता समावेशी समाजों को बढ़ावा देना है। मौके पर धनंजय सिंह, मुन्ना मंडल, रोहित साव आदि लोग मौजूद थे।

### इंटरमीडिएट परीक्षा व मूल्यांकन केंद्र के निर्धारण हेतु चयन समिति की बैठक

# 2025 के असफल परीक्षार्थी भी परीक्षा में सम्मिलित होंगे

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**बोकारो।** वार्षिक माध्यमिक इंटरमीडिएट-कला विज्ञान एवं वाणिज्य 2026 के लिए परीक्षा केन्द्र तथा मूल्यांकन केन्द्र का निर्धारण से संबंधित शिक्षा विभाग की जिला कार्यकारिणी समिति की बैठक डीसी अजय नाथ झा की अध्यक्षता में की गई। मौके पर सांसद प्रतिनिधि विधायक प्रतिनिधि डीईओ जगरनाथ लोहरा सहित अन्य उपस्थित थे। बैठक में लोहरा द्वारा समिति को अवगत कराया गया कि उक्त परीक्षा के लिए कुल 24528 तथा इंटरमीडिएट परीक्षा 2026 के लिए कुल 22340 छात्र/छात्राओं की संख्या झारखण्ड अधिविद्य परिषद रांची द्वारा उपलब्ध कराया गया है। बैठक में डीसी झा ने कहा कि 2025 के असफल परीक्षार्थी भी इस वर्ष की वार्षिक परीक्षा में सम्मिलित होंगे। अतः पंजीकृत छात्रों की संख्या में लगभग 20 प्रतिशत अतिरिक्त परीक्षार्थियों की संख्या जोड़कर परीक्षा केन्द्र का निर्धारण किया जाय। कदाचार मुक्त परीक्षा संचालन हेतु परीक्षा केन्द्र अनुमंडल स्तर से नीचे स्थापित नहीं करने का निर्देश भी दिया गया किन्तु विशेष परिस्थिति में प्रखंड स्तर पर भी परीक्षा केन्द्र बनाया जा सकता है। डीईओ द्वारा कुल 62 परीक्षा केन्द्रों का सूची समिति के समक्ष रखा गया। इसपर समिति द्वारा कुल 62 परीक्षा केंद्रों का निर्धारण एवं विद्यालयों के सम्बद्धन सूची का अवलोकन करते हुए सर्वसम्मति से अनुमोदित किया गया। डीईओ ने समिति को बताया कि परीक्षा के गोपनीय प्रश्न पत्रों को कोषागार बोकारो एवं उप कोषागार बेरमो में रखा जाता है। इसपर समिति द्वारा दोनो कोषागार के अतिरिक्त प्रखंडों में स्थित राष्ट्रीयकृत बैंकों में भी प्रश्न पत्र रखने की सहमति प्रदान की गई। डीईओ के उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन केन्द्र हेतु विद्यालयों का प्रस्ताव पर समिति द्वारा सर्वसम्मति से अनुमोदित किया गया।

# अधिवक्ता दिवस पर संघ कार्यालय में समारोह का हुआ आयोजन



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**दुमका।** अधिवक्ता दिवस के अवसर पर जिला अधिवक्ता संघ की ओर से समारोह का आयोजन हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुधांशु कुमार शशि समेत अन्य न्यायाधीश एवं अधिवक्ता उपस्थित रहे। इस अवसर पर बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर अतिथियों का किया स्वागत। समारोह में मुख्य अतिथि प्रधान जज शशि ने कहा कि पांच साल दुमका में रहे हैं। इसी क्षेत्र में अधिवक्ता की सारी कठिनाइयों की जानकारी है। किस स्थिति में अधिवक्ता काम करते हैं। गर्मी से परेशान रहते हैं। सारा दिन में 50 बार कोर्ट आते जाते रहते हैं, सभी चीज से अवगत हूं। अधिवक्ता क्या है आज का डेट में थोड़ा सा मुश्किल है। इस अवसर पर सचिव राकेश यादव ने संघ कार्यालय के लिए जमीन मुहैया कराने का आग्रह किया। इस पर प्रधान जज ने सकारात्मक पहल आश्वासन दिया। अधिवक्ताओं में मिलू रजक, रेणुका, मिताली चटर्जी, सोमनाथ, प्रीति झा, ज्योति मंडल, रानी कुमारी, मनोज मिश्रा, संजय झा, रेखा प्रसाद, अमरेंद्र, सिकंदर, माधुर सिंह, सुनील गुप्ता पुरुषोत्तम भगत, नरेश प्रसाद शाह आदि उपस्थित थे।

# बेरमो विधायक कुमार जयमंगल ने कई योजनाओं का किया शिलान्यास



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बेरमो।** बेरमो विधायक कुमार जयमंगल ऊर्फ अनूप सिंह ने फुसरो नगर क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में विधायक मद से विकास योजनाओं का शिलान्यास किया।

जिन योजनाओं का शिलान्यास हुआ, उनमें वार्ड 14 में करगली बाजार के पास वीर कुंवर सिंह क्लब में शेड निर्माण, वार्ड 15 के करगली बाजार में सामुदायिक भवन का जीर्णोद्धार कार्य, वार्ड 28 में तुरियो कॉलोनी शिव मंदिर के पास पेवर ब्लॉक का विछाव एवं चारदिवारी के निर्माण शामिल है। विधायक ने कहा कि झारखंड सरकार विकास को प्राथमिकता दे रही है और फुसरो में लगातार योजनाएं उतारी जा रही हैं। उन्होंने ठेकेदारों को कार्यों को गुणवत्तापूर्ण और समय पर पूरा करने का निर्देश दिया।

वही वार्ड 28 के स्थानीय लोंगो ने कल्याणी भगत सिंह चौक पर उनकी कि प्रतिमा लगवाने कि मांग को लेकर ज्ञापन दिया, जिस पर विधायक अनूप सिंह ने सहमति जताई और जल्द हीं प्रतिमा लगाने कि बात कही। मौके पर बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि एवं स्थानीय लोग उपस्थित थे।

# मंत्री योगेंद्र प्रसाद महतो ने झारखंड आंदोलनकारियों को किया सम्मानित

> मंत्री महतो ने कहा कि सभी आंदोलनकारियों के सामूहिक प्रयास त्याग संघर्ष व बलिदान के फलस्वरूप अलग राज्य झारखंड का निर्माण हुआ



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बोकारो/कसमार।** झारखंड अलग राज्य की लड़ाई में योगदान देने वाले चिह्नित आंदोलनकारियों के सम्मान में कसमार मुख्यालय के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में पेयजल एवं स्वच्छता तथा उत्पाद एवं मध निषेध मंत्री योगेंद्र प्रसाद महतो प्रखंड प्रमुख नियोति कुमारी 20सूत्री अध्यक्ष दिलीप हेंब्रम ज़िप सदस्य अमरदीप महाराज मुख्य रूप से उपस्थित थे।

कार्यक्रम में मंत्री योगेंद्र प्रसाद महतो व प्रमुख नियोति कुमारी ने चिन्हित आंदोलनकारियों को प्रमाण पत्र व शॉल देकर सम्मानित किया। मौके पर मंत्री महतो ने कहा कि सभी आंदोलनकारियों के सामूहिक प्रयास त्याग संघर्ष व बलिदान के फलस्वरूप अलग राज्य झारखंड का निर्माण हुआ। उन्होंने जो लोगों के बीच में नहीं हैं उनको भी नमन किया। प्रमुख नियोति कुमारी ने कहा कि यह गौरवान्वित क्षण है जिसमें आप सबों की भूमिका अहम रही।

सबने कई तरह की यातनाएं झेली जेल गए- अंततः हमें झारखंड मिला। कार्यक्रम में मंत्री श्री महतो ने दिव्यांगो के बीच व्हील चेयर का वितरण किया। वहीं मंत्री ने ग्रामीणों की समस्याओं को सुना व कई मामलों का निराकरण भी कराया। मौके पर सीओ नरेन्द्र कुमार सिंह बीडीओ नम्रता जोशी ज़िप सदस्य अमरदीप महाराज विधायक प्रतिनिधि मो शेर ए आलम सांसद प्रतिनिधि बानेश्वर महतो मुखिया सुमित्रा कुमारी राजेन्द्र महतो ममता कुमारी परिपुषा कुमारी पंसस प्रिया देवी विनोद कुमार महतो झारखंड आंदोलनकारी मनोहर मुर्मू, बैजनाथ महतो सीआई सहदेव दास बीपीआरओ भुनेश्वर तुरी आदि उपस्थित थे।

# डीवीसी बोकारो थर्मल के ऐश पौंड तक बिछे पाइप लाइन क्षतिग्रस्त व फटने के कारण ग्रामीण परेशान

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**बेरमो।** बोकारो थर्मल-डीवीसी के बोकारो थर्मल पावर प्लांट से निसनहाट पुलिया होते हुए नूरीनगर समीप ऐश पौंड तक जाने वाली पाइपलाइन से गोविंदपुर बस्ती के विस्थापितों को परेशानी हो रही है। पाइप फटने, अथवा क्षतिग्रस्त होने के बाद पाइप से निकलने वाली पानी युक्त छाई ग्रामीणों के खेत में चले जा रहे हैं।

जिसकारण उपजाऊ भूमि भी बंजर होने लगी है। पाइप लाइन हटाने अथवा प्रभावित लोगों को मुआवजा व ठेका कंपनियों में नियोजन देने की मांग को लेकर विस्थापित महिलाओं ने निसंघाट पाइप लाइन समीप बुधवार को प्रदर्शन कर नारेबाजी किए। साथ ही मांगे न मानने पर जल्द डीवीसी प्रशासनिक भवन समक्ष धरना प्रदर्शन करने की बात कही। प्रदर्शन का नेतृत्व कर रही आजसू महिला मोर्चा के बेरमो प्रखंड अध्यक्ष रीता देवी ने बताए कि दिसंबर 2024 में निसंघाट समीप पांच नंबर पाइप फट गयी थी।

फटे पाइप से निकलने वाले छाई युक्त पानी बगल के खेत में भर गया था जिससे धान का फसल बर्बाद हो गया था। उस वक्त हम विस्थापितों ने पाइप लाइन मरम्मत कार्य का विरोध किया था जिसके बाद वरीय महाप्रबंधक सुशील कुमार अरजरीया के निर्देश पर महाप्रबंधक ओएंडएम ने प्रभावित रैयतों से बातचीत कर मुआवजा व नियोजन देने का आश्वासन दिए थे। जो अभी तक पूरा नहीं किया गया है।

इस अवसर पर ऊषा देवी, पिंकी देवी, बिना देवी, कुंवारी देवी, सुनीता देवी, गीता देवी सहित कई विस्थापित महिलाएं उपस्थित थीं।

# बीएसएल ने दिव्यांगजनों और वरिष्ठ नागरिकों को उपकरण किया वितरित



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बोकारो।** बीएसएल के सीएसआर विभाग के तत्वावधान में भारतीय कृत्रिम अंग निगम के सहयोग से अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस के अवसर पर वृद्ध सेवा आश्रम चास में वरिष्ठ नागरिकों के बीच कुल 77 सहायक उपकरण- 9 फोल्डिंग व्हील चेयर 9 कमोड वाली कुर्सी 7 वॉकिंग स्टिक 9 लिम्बो सेक्रल बेल्ट 18 घुटने के ब्रेस आदि वितरित किए गए। वितरण शिविर के अवसर पर बीएसएल के सीएसआर विभाग के महाप्रबंधक पीपी चक्रबर्ती के साथ एलिम्को के प्रतिनिधि अविनाश कुमार तथा वृद्ध सेवा आश्रम चास के प्रभारी रुपेश के साथ बीएसएल सीएसआर विभाग के वरीय अधिकारी तथा कर्मचारी उपस्थित थे। मौके पर महाप्रबंधक चक्रबर्ती ने कहा कि यह प्रयास दिव्यांगजनों तथा वरिष्ठ नागरिकों के उत्थान तथा उनके जीवन को सरल और सहज बनाने और उन्हें समाज के मुख्य धारा में जोड़ने के प्रति बीएसएल की प्रतिबद्धता को दशार्ता है।

# एक करोड़ रोजगार सृजन का लक्ष्य

## बिहार विधानमंडल में राज्यपाल का अभिभाषण, महिला सशक्तिकरण और विकास योजनाओं पर फोकस



- 1.56 करोड़ महिलाओं को मिली सहायता राशि
- 27 नये मेडिकल कॉलेजों का निर्माण कार्य प्रगति पर

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**पटना।** बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने बुधवार को राज्य विधानमंडल के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली नई राजग सरकार अगले पांच वर्षों में एक करोड़ रोजगार सृजित करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

उन्होंने बताया कि अब तक राज्य में 50 लाख से अधिक नौकरियां सृजित की जा चुकी हैं, और सरकार रोजगार सृजन को नई आर्थिक नीति का मुख्य आधार मानकर आगे बढ़ रही है। राज्यपाल ने अपने अभिभाषण में हाल ही में शुरू की गई मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना की भी चर्चा की। चुनाव की घोषणा से ठीक पहले शुरू की गई इस योजना के तहत 1.56 करोड़ महिलाओं को 10,000 रुपए की सहायता दी गयी है। उन्होंने कहा कि जिन लाभार्थियों को अभी तक राशि नहीं मिली है, उन्हें भी जल्द मिलेगी।

**मखाना बोर्ड और नए हवाई अड्डों के लिए मिला फंड :** उन्होंने केंद्र सरकार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का भी आभार व्यक्त किया, जिन्होंने बिहार के लिए कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं की घोषणा की है। राज्यपाल ने कहा कि इस वर्ष के केंद्रीय बजट में मखाना बोर्ड की स्थापना, कई नए हवाईअड्डों के निर्माण और विकास परियोजनाओं के लिए पर्याप्त राशि दी गई है। प्रधानमंत्री द्वारा बिहार के अनेक दौरे और परियोजना शिलान्यास का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि कई कार्य तेजी से प्रगति पर हैं।

**125 यूनिट मुफ्त बिजली :** राज्यपाल खान ने अपने भाषण में 125 यूनिट तक मुफ्त बिजली की घोषित योजना, पूजा स्थलों और कब्रिस्तानों की घेराबंदी जैसे कदमों का उल्लेख किया और कहा कि इससे समाज में सौहार्द और सुरक्षा को मजबूती मिली है। महिला और बालिका उत्थान का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि 2005 में शुरू की गई साइकिल और वर्दी योजना आज भी सरकार की मूल प्राथमिकताओं में शामिल है और इससे राज्य में लड़कियों की शिक्षा में क्रांतिकारी बढ़ोतरी हुई है।

**शिक्षा-स्वास्थ्य के क्षेत्र में बड़ा बदलाव :** शिक्षा व स्वास्थ्य के क्षेत्र में हुए बड़े बदलावों पर बात करते हुए राज्यपाल ने बताया कि बिहार में 27 नए मेडिकल कॉलेजों का निर्माण कार्य प्रगति पर है और अब प्रत्येक जिले में इंजीनियरिंग शिक्षा उपलब्ध हो चुकी है। कई राज्यों के छात्र बिहार में पढ़ाई के लिए आ रहे हैं, जिससे राज्य एक उभरते शैक्षिक केंद्र के रूप में स्थापित हो रहा है।'

**सड़क व बुनियादी ढांचागत विकास पर फोकस :** उन्होंने सड़क और यातायात ढांचे पर भी जोर दिया और नई सड़कों, रेल पुलों, बाइपासों और हाइवे कनेक्टिविटी ने राज्य के दूरस्थ इलाकों से पटना तक की दूरी महज पांच घंटे कर दी है, जो राज्य के बुनियादी ढांचे में बड़े परिवर्तन को दर्शाता है। राज्यपाल ने कहा कि नई सरकार के गठन के बाद राजनीतिक स्थिरता बढ़ी है और अब विकास का नया अध्याय शुरू हो चुका है, जिसमें शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला सशक्तिकरण और रोजगार पर सबसे अधिक फोकस रहेगा।

## महिलाओं के रोजगार पर खर्च होंगे 21 हजार करोड़

- वित्त मंत्री बिजेंद्र प्रसाद यादव ने विधानसभा में पेश किया 91,717.11 करोड़ रुपये का द्वितीय अनुपूरक बजट



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**पटना।** बिहार विधानसभा में बुधवार को वित्त मंत्री बिजेंद्र प्रसाद यादव ने 91,717.11 करोड़ रुपये का द्वितीय अनुपूरक बजट पेश किया गया। द्वितीय अनुपूरक बजट में सरकार ने सामाजिक सुरक्षा, आधारभूत संरचना, युवाओं को शिक्षा व रोजगार से जोड़ने पर विशेष जोर दिया गया है। अकेले मुख्यमंत्री रोजगार योजना के लिए 21 हजार करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। अनुपूरक बजट में मुख्यमंत्री वृद्धजन पेंशन योजना के लिए सर्वाधिक 1,885 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। सदन में पेश द्वितीय अनुपूरक बजट दस्तावेज के अनुसार वार्षिक योजना मद के लिए 51,253 करोड़ रुपये, वेतन-अन्य प्रतिबद्ध व्यय मद में 40,463 करोड़ रुपए और केंद्रीय क्षेत्र योजना में 0.3400 करोड़ रुपये का प्रविधान किया गया है। वार्षिक योजना मद में अकेले राज्य योजना में 37498.19 करोड़ रुपये खर्च होंगे। जिसमें मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना पर 21 हजार करोड़ शामिल हैं। योजना के तहत महिलाओं को स्व-रोजगार स्थापित करने के लिए पहले 10 हजार और इसके छह महीने के बाद कार्य के आधार पर दो लाख रुपये का प्रविधान है। अब तक योजना के तहत 1.56 करोड़ महिलाओं के खाते में 10-10 हजार रुपये की राशि भेजी गई है। महिला रोजगार योजना के बाद दूसरी सबसे बड़ी राशि 1,885.65 करोड़ रुपये मुख्यमंत्री वृद्धजन पेंशन योजना, पथ निर्माण के लिए 861.21 करोड़, स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना के लिए 800 करोड़ रुपये के प्रविधान किए गए हैं। मुख्यमंत्री बालिका स्नातक प्रोत्साहन योजना के लिए 750 करोड़, बाढ़ नियंत्रण परियोजनाओं के लिए 651.83 करोड़ रुपये का प्रविधान किया गया है।

## स्पीड न्यूज

### पान मसाला के सभी पैकेट पर अब खुदरा मूल्य छापना अनिवार्य

नयी दिल्ली। सरकार ने पान मसाला के सभी पैकेटों पर खुदरा बिक्री मूल्य (एमआरपी/आरएसपी) छापना अनिवार्य कर दिया है। पैक का आकार या वजन कुछ भी हो, यह नियम सभी पर लागू होगा। उपभोक्ता मामलों के विभाग ने इसे 1 फरवरी 2026 से लागू करने की घोषणा की है। इस दिन से सभी निमार्ता, पैकिंग कंपनियां और आयातक इसके पालन के लिए पूरी तरह बाध्य होंगे। अब तक 10 ग्राम या उससे कम वजन वाले छोटे पैक को कुछ घोषणाओं से छूट थी। नई व्यवस्था में छोटे पैक पर भी एमआरपी सहित सभी जरूरी जानकारियां छापनी होंगी। नियम 26(ए) में संशोधन कर यह बदलाव किया गया है। सरकार का कहना है कि इससे उपभोक्ताओं को सही जानकारी मिल सकेगी।

### धर्मेंद्र की अस्थियां गंगा में विसर्जित

**हरिद्वार।** दिवंगत फिल्म अभिनेता और इंडस्ट्री में 'ही मैन' के रूप में प्रसिद्ध धर्मेंद्र की अस्थियां बुधवार सुबह होटल पीलीभीत के गंगा घाट पर गंगा में विसर्जित की गई। धर्मेंद्र के दोनों पुत्र सनी देओल और बॉबी देओल के साथ परिवार के अन्य सदस्यों ने विधि विधान से अभिनेता की अस्थियां गंगा में विसर्जित कीं। अस्थि विसर्जन की जानकारी किसी को नहीं दी गई। बुधवार सुबह सनी देओल और बॉबी देओल और उनके परिवार के अन्य सदस्यों ने होटल के पीछे बने घाट पर धर्मेन्द्र की अस्थियों का पूरे विधान से विसर्जित किया।

### यूपी में रोहिंग्या के खिलाफ कार्रवाई शुरू

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार ने राज्य में बांग्लादेशी रोहिंग्या घुसपैठियों के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है। सरकार ने सभी 17 नगर निगम क्षेत्रों में रोहिंग्या बांग्लादेशियों की बनाएं सूची बनाने के भी निर्देश दिए हैं। रोहिंग्या बांग्लादेशियों की बनाएं सूची बनाने के भी निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के सभी 17 नगर निगम क्षेत्रों में काम करने वाले रोहिंग्या बांग्लादेशियों की बनाएं सूची बनाने के भी निर्देश दिए हैं। कमिश्नर और आईजी को रोहिंग्या बांग्लादेशियों की सूची सौंपने के निर्देश दिए गए हैं।

### सारण में मुठभेड़ शराब तस्कर घायल

**छपरा।** बिहार के सारण जिले के मांझी थाना क्षेत्र में मंगलवार की रात नाव से शराब की बड़ी खेप लेकर आ रहे तस्करों और पुलिस के साथ मुठभेड़ में एक तस्कर को गोली लग गई, जिससे वह घायल हो गया। पुलिस ने नाव से बड़ी मात्रा में शराब बरामद की है। पुलिस के अनुसार, दियारा क्षेत्र में एक नाव से शराब की बड़ी खेप आने की सूचना पुलिस को मिली थी। इसी सूचना के आधार पर पुलिस ने मंगलवार की रात दियारा क्षेत्र में कार्रवाई की। घायल तस्कर की पहचान अजय राय के रूप में हुई है।

### रोहतास में तेंदुआ के हमले से छह जख्मी

**डेहरी इन सोन।** बिहार में रोहतास जिले के कोचस नगर पंचायत के वार्ड संख्या तीन में बुधवार को एक तेंदुआ घुसकर आधा दर्जन से अधिक लोगों पर हमला कर जख्मी कर दिया। वन विभाग की टीम घंटों मशक्कत के बाद उसे देर शाम पकड़ने में कामयाब रही। हमले से राजा पासवान, डा. देवा, मनीष ओझा समेत आधा दर्जन लोग जख्मी हुए हैं।

### अपर्णा गर्ग ने रेलवे बोर्ड में सदस्य (वित्त) का पदभार संभाला

नयी दिल्ली। भारतीय रेलवे लेखा सेवा (आईआरएएस) की 1987 बैच की वरिष्ठ अधिकारी अपर्णा गर्ग ने सोमवार को रेलवे बोर्ड में सदस्य (वित्त) के रूप में कार्यभार ग्रहण किया। 36 वर्षों से अधिक के व्यापक प्रशासनिक एवं वित्तीय अनुभव के साथ वे केंद्र सरकार की वरिष्ठतम सिविल सेवकों में से एक हैं। रेल मंत्रालय ने बुधवार को यह जानकारी दी।

# रूसी संसद ने भारत के साथ सैन्य समझौते को दी मंजूरी

## एक-दूसरे का मिलिट्री बेस इस्तेमाल कर सकेंगे दोनों देश

**एजेंसी**

**मॉस्को।** राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की 4-5 दिसंबर को होने वाली भारत यात्रा से पहले रूस की निचली संसद स्टेट डूमा ने मंगलवार को भारत के साथ एक महत्वपूर्ण सैन्य समझौते को औपचारिक रूप से मंजूरी दे दी। इस समझौते का नाम रिक्रिप्रोकल एक्सचेंज ऑफ लॉजिस्टिक सपोर्ट (रिलोज है। यह कदम दोनों देशों के रक्षा सहयोग में एक बड़े बदलाव के रूप में देखा जा रहा है। रूसी प्रधानमंत्री मिखाइल मिशुस्तिन ने इस समझौते को पिछले सप्ताह डूमा के समक्ष अप्रूवल के लिए भेजा था। इसके पारित होने के बाद अब यह समझौता दोनों देशों की सेनाओं के बीच लॉजिस्टिक सहयोग को व्यापक और सुव्यवस्थित बनाएगा। स्टेट डूमा के अध्यक्ष व्याचेस्लाव वोलोदिन ने कहा कि भारत और रूस के रिश्ते समय की कसौटी पर खरे और रणनीतिक हैं। उन्होंने कहा कि हमारे भारत के साथ संबंध रणनीतिक और व्यापक हैं, और हम उन्हें अत्यंत महत्व देते हैं। आज समझौते की यह पुष्टि बराबरी की दिशा में एक और कदम है और यह हमारे द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करेगा। यह समझौता दोनों पक्षों को एक-दूसरे की जमीन पर कानूनी तौर पर सैनिक और इक्विपमेंट तैनात करने की इजाजत देगा और इसमें जॉइंट एक्सरसाइज, डिजास्टर रिलीफ और ह्यूमैनिटेरियन मिशन भी शामिल हैं। इंटरनेशनल अफेयर्स कमेटी के पहले डिप्टी चेयरमैन व्याचेस्लाव निकोनोव ने कहा कि भारत एक भू-राजनीतिक दिग्गज देश है और मिलिट्री-टेक्निकल सहयोग में अहम पार्टनर है। उन्होंने कहा कि इस मिलिट्री समझौते के तहत पांच युद्धपोत, दस एयरक्राफ्ट और तीन हजार सैनिक एक साथ पार्टनर देश के इलाके में पांच साल के लिए तैनात रहेंगे और अगर दोनों पक्ष सहमत हों तो इसे और पांच साल के लिए बढ़ाया जा सकता है। रूस की कैबिनेट ने कहा कि रिलोज की मंजूरी से दोनों देशों के वायुक्षेत्र के उपयोग में सहजता आएगी, रूसी और भारतीय युद्धपोत एक-दूसरे के बंदरगाहों पर आसानी से पहुंच सकेंगे और समग्र सैन्य सहयोग को नई मजबूती मिलेगी।

# जदयू के नरेंद्र नारायण यादव बने बिहार विधानसभा के उपाध्यक्ष



**एजेंसी**

**पटना।** बिहार की नवनिर्वाचित राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार के पहले शीतकालीन सत्र के तीसरे दिन बुधवार को बिहार विधानसभा के उपाध्यक्ष पद पर नरेंद्र नारायण यादव को निर्विरोध चुन लिया गया। उन्होंने उपाध्यक्ष पद के लिए दो दिसंबर को नामांकन दाखिल किया था। बिहार की सत्ता में राजग सरकार की फिर से वापसी के बाद नई सरकार का गठन हुआ है। सरकार गठन के बाद बिहार विधानसभा का शीतकालीन सत्र बुलाया गया। पांच दिवसीय सत्र के पहले दिन नवनिर्वाचित विधायकों को विधानसभा की सदस्यता दिलाई गई। विधायकों के शपथ ग्रहण के लिए सबसे वरिष्ठ विधायक नरेंद्र नारायण यादव को विधानसभा को प्रोक्टेम स्पीकर चुना गया। उन्होंने प्रोक्टेम स्पीकर के तौर पर सभी विधायकों को शपथ दिलाई। विधायकों के शपथ ग्रहण के दूसरे दिन स्पीकर का चुनाव हुआ। गयाजी से बीजेपी विधायक प्रेम कुमार को बिहार विधानसभा का अध्यक्ष चुना गया। इसके बाद उपाध्यक्ष पद के लिए जेडीयू विधायक नरेंद्र नारायण यादव ने नामांकन दाखिल किया। बुधवार को निर्विरोध नरेंद्र नारायण यादव को चुना गया।

# फर्जी खबरें लोकतंत्र के लिए खतरा

## डीपफेक पर सख्त कार्रवाई की जरूरत : अश्विनी वैष्णव



**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बुधवार को लोकसभा में बताया कि सोशल मीडिया और फर्जी खबरों से जुड़ा मुद्दा बेहद गंभीर है। उन्होंने कहा कि फर्जी खबरें लोकतंत्र के लिए खतरा हैं और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म, गलत सूचनाओं और एआई-जनरेटेड डीपफेक पर सख्त कार्रवाई की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि कुछ लोग या समूह जिस तरह से सोशल मीडिया का इस्तेमाल कर रहे हैं, उससे लगता है कि वे भारत के संविधान या संसद द्वारा बनाए गए कानूनों का पालन नहीं करना चाहते। उन्होंने इस मामले में सख्त कार्रवाई और कड़े नियम बनाने की तत्काल आवश्यकता पर बल दिया। अश्विनी वैष्णव ने संसद में एक प्रश्न का उत्तर देते हुए बताया कि हाल ही में नए नियम लागू किए गए हैं, जिनमें 36 घंटों के भीतर वीडियो हटाने का प्रावधान भी शामिल है। एआई-जनित डीपफेक की पहचान करने और उन पर आवश्यक कार्रवाई करने के लिए एक मसौदा नियम भी प्रकाशित किया गया है और इस पर विचार-विमर्श चल रहा है। उन्होंने संसदीय समिति के कार्य की सराहना की और कानूनी ढांचे को मजबूत करने के लिए प्रमुख सिफारिशों वाली एक विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए भाजपा सांसद निशिकांत दुबे और सभी सदस्यों को धन्यवाद दिया। वैष्णव ने कहा कि फर्जी खबरें तथा सोशल मीडिया से जुड़े मुद्दों में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता व हमारे लोकतंत्र की सुरक्षा के बीच एक नाजुक संतुलन की आवश्यकता है।

## शेयर बाजार में चौथे दिन भी गिरावट जारी सेंसेक्स 31 अंक टूटा

मुंबई। शेयर बाजार में गिरावट बुधवार को लगातार चौथे कारोबारी सत्र में जारी रही और दोनों मानक सूचकांक मामूली नुकसान के साथ बंद हुए। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 31.46 अंक गिरावट के साथ 85,106.81 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, यह 374.63 अंक तक नीचे आ गया था। इसी प्रकार, 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 46.20 अंक गिरावट के साथ 25,986 अंक पर आ गया। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, महिंद्रा एंड महिंद्रा, टाइटन, एनटीपीसी, भारतीय स्टेट बैंक, अदाणी पोर्ट्स, टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स और बजाज फिनसर्व प्रमुख रूप से नुकसान में रहीं।

# संचार साथी ऐप मोबाइल में प्री-इंस्टॉल अनिवार्य नहीं

## ऐप का उद्देश्य सकारात्मक और लोक हितैषी है : सिंधिया

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** संचार साथी ऐप को मोबाइल फोन पर अनिवार्य रूप से प्री-इंस्टॉल करने के आदेश पर विवाद बढ़ने के बाद सरकार ने इस नियम को हटा दिया है। इसकी जानकारी केंद्रीय संचार मंत्रालय ने दी। मंत्रालय ने आधिकारिक बयान में कहा कि सरकार ने सभी नागरिकों को साइबर सिक्योरिटी देने के इरादे से सभी स्मार्टफोन में संचार साथी ऐप को पहले से इंस्टॉल करना जरूरी कर दिया था। यह ऐप सुरक्षित है और इसका मकसद सिर्फ नागरिकों को साइबर दुनिया में गलत लोगों से बचाना है। यह सभी नागरिकों को ऐसे गलत लोगों और कामों की रिपोर्ट करने में जन भागीदारी में मदद करता है, साथ ही यूजर्स को भी बचाता है। ऐप में यूजर्स को बचाने के अलावा कोई और काम नहीं है और वे अपने फोन से इसे हटा सकते हैं। संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने संसद भवन में एक सवाल के जवाब में कहा कि संचार साथी ऐप का उद्देश्य सकारात्मक और लोक हितैषी है ना कि इसका मकसद स्नूपिंग करना है। उपभोक्ता चाहे तो संचार साथी ऐप को अपने फोन से डिलीट भी कर सकते हैं।

## लिपिक व तृतीय वर्ग कर्मियों की जल्द होगी भर्ती

**पटना।** सरकार ने सभी विभागों को निर्देश दिए गए हैं कि वे रिक्तियों और पदों की पहचान करें और नियुक्ति की प्रक्रिया जल्द से जल्द प्रारंभ करें। सरकार के आदेश के बाद भवन निर्माण विभाग ने सभी भवन अंचलों से कर्मचारी चयन आयोग के माध्यम से की जाने वाली नियुक्तियों लिपिक, तृतीय वर्गीय कर्मियों की रिक्ति का ब्योरा तलब किया है। छपरा, पूर्णिया, सहरसा, पटना, दरभंगा को भेजे निर्देश में विभाग ने कहा कि भवन अंचल एवं अधीनस्थ प्रमंडलों में लिपिक, तृतीय कर्मचारियों के पदों की रिक्तियों का आरक्षण के आधार पर रोस्टर क्लियर कर प्रमंडलीय आयुक्त की अनुमोदन प्राप्त करें।

# प्राकृतिक खेती ला सकती है क्रांतिकारी बदलाव

- कोयंबटूर में आयोजित साउथ इंडिया नेचुरल फार्मिंग समिट के अनुभव को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया साझा
- प्राकृतिक कृषि के क्षेत्र में नए मॉडल स्थापित कर रहे हैं स्नातक, एफपीओ प्रमुख



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को देशवासियों से प्राकृतिक खेती अपनाने और इसे बढ़ावा देने की अपील की है। उन्होंने कहा कि यह न केवल कृषि की लागत में कमी लाता है, बल्कि मिट्टी की सेहत, पर्यावरण संरक्षण और किसानों की आय बढ़ाने में भी सक्षम है।

प्रधानमंत्री ने अपने आधिकारिक लिंक्डइन पोस्ट में विस्तृत लेख साझा किया, जिसमें उन्होंने हाल ही में कोयंबटूर में आयोजित साउथ इंडिया नेचुरल फार्मिंग समिट 2025 में शामिल होने के अनुभव और भारत में प्राकृतिक खेती की संभावनाओं पर विचार प्रस्तुत किए। प्रधानमंत्री ने लेख में बताया कि उन्होंने कुछ माह पहले तमिलनाडु के किसानों के एक समूह ने उनसे मुलाकात की और प्राकृतिक खेती के अपने नवाचारी तरीकों के बारे में विस्तार से बताया। इसी दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री को कोयंबटूर में होने वाले प्राकृतिक खेती सम्मेलन के लिए आमंत्रित किया था। प्रधानमंत्री ने किसानों का यह आमंत्रण स्वीकार करते हुए 19 नवंबर को इस सम्मेलन में भाग लिया। उन्होंने कहा कि परंपरागत रूप से एमएसएमई हब माने जाने वाले कोयंबटूर में प्राकृतिक खेती पर ऐसा बड़ा आयोजन होना, अपने आप में कृषि जगत की नई सोच, नए आत्मविश्वास और भविष्य की दिशा को दर्शाता है। लेख में प्रधानमंत्री ने कहा कि प्राकृतिक खेती भारत की प्राचीन कृषि-ज्ञान परंपरा और आधुनिक पारिस्थितिक सिद्धांतों का समन्वित रूप है। इसमें बिना रासायनिक उर्वरकों एवं कीटनाशकों के फसलों की खेती की जाती है। प्राकृतिक खेती में फसलों, पेड़ों और पशुधन को एक ही खेत में सहजीवी रूप से विकसित होने दिया जाता है, जिससे जैव विविधता और मिट्टी की उर्वरता बढ़ती है। इसके साथ ही खेत के अवशेषों के पुनर्चक्रण, मल्चिंग और प्राकृतिक पोषक तत्वों के उपयोग से मिट्टी की गुणवत्ता दीर्घकालीन रूप से सुधरती है। प्रधानमंत्री ने सम्मेलन में मिले किसानों और कृषि-उद्यमियों की प्रेरक कहानियों का उल्लेख करते हुए लिखा कि विविध पृष्ठभूमियों से आए लोग-वैज्ञानिक, युवा स्नातक, एफपीओ प्रमुख, पारंपरिक किसान और यहां तक कि उच्च वेतन वाली कॉर्पोरेट नौकरियां छोड़कर खेती में लौटे लोग आज प्राकृतिक कृषि के क्षेत्र में नए मॉडल स्थापित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि एक किसान 10 एकड़ में केले, नारियल, पपीता, काली मिर्च और हल्दी की मल्टी-लेयर फार्मिंग करते हैं, साथ ही 60 देशी गायें, 400 बकरियां और देसी मुर्गीपालन का भी संचालन करते हैं। एक अन्य किसान देशी धान किस्मों जैसे मपिल्ली सांबा और करुप्पु कवूनी को संरक्षित कर रहे हैं और उनसे मूल्यवर्धित उत्पाद- हेल्थ मिक्स, पफ्ड राइस, चॉकलेट और प्रोटीन बार बना रहे हैं। एक प्रथम पीढ़ी के स्नातक किसान 15 एकड़ में प्राकृतिक खेती का संचालन करते हैं और 3,000 से अधिक किसानों को प्रशिक्षण दे चुके हैं, जबकि उनका समूह हर महीने 30 टन सब्जियां आपूर्ति करता है। कुछ एफपीओ संचालकों ने कसावा (टैपिओका) किसानों की मदद करते हुए कसावा-आधारित उत्पादों को बायोएथेनॉल और कम्प्रेस्ड बायोगैस जैसी हरित ऊर्जा के स्रोत के रूप में बढ़ावा दिया है।


VERMA PRESS

वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची

Verma's® Today®

श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 150 | Hindi | ₹ 150 |
| English | ₹ 150 | English | ₹ 150 |
| Mathematics | ₹ 150 | Mathematics | ₹ 150 |
| Science | ₹ 150 | Science | ₹ 150 |
| Social Science | ₹ 150 | Social Science | ₹ 150 |
| Sanskrit | ₹ 150 | Sanskrit | ₹ 150 |
| Hindi - B | ₹ 150 | Hindi - B | ₹ 150 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 130 | English Grammar– II | ₹ 130 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 60 | Hindi Practical | ₹ 60 |
| English Practical | ₹ 60 | English Practical | ₹ 60 |
| Maths. Practical | ₹ 70 | Maths. Practical | ₹ 70 |
| Science Practical | ₹ 70 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 75 | S. Science Practical | ₹ 75 |
| Sanskrit Practical | ₹ 60 | Sanskrit Practical | ₹ 60 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 90 |
| **English Medium** | | **English Medium** | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 230 |
| Science | ₹ 220 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 230 | Social Science | ₹ 230 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 100 | S. Science Practical | ₹ 90 |

मिलते जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !